# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-06-2022

# दाखिल खारिज के लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण करें

गोरखपुर (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखनाथ मंदिर के हिन्दू सेवाश्रम में लोगों की समस्याएं सुनी। दाखिल खारिज के मामलों को लेकर उन्होंने इसका त्वरित निस्तारण कराने का निर्देश देते कहा कि इसके लिए लोगों को किसी कहर परेशान न होना पड़े। राजस्व अदालतें भी इन मामलों का त्वरित निस्तारण कराएं।

**गोरखनाथ मंदिर के हिन्दू सेवाश्रम मे सीएम का जनता दर्शन कार्यक्रम**

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने लगभग 135 लोगों की समस्या सुनी। मुख्यमंत्री ने एक-एक फरियादी के पास पहुंचकर उनकी समस्या जानी। मौके पर मौजूद अफसरों को कार्यवाही का निर्देश दिया। फरियादियों में सर्वाधिक संख्या महिलाओं की थी। कुछ फरियादियों ने पुलिस पर आरोपियों की गिरफ्तारी न करने संबंधी शिकायत की जिस पर सीएम ने पुलिस अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देश दिया। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री 7.40 बजे से 8.15 बजे तक रहे। इसके बाद गोरक्षपीठाधीश्वर कक्ष के लिए प्रस्थान किये। जनता दर्शन से लौटने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लालकक्ष एवं गोरक्षपीठाधीश्वर कक्ष में भी काफी लोगों से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर यात्री भवन और हिन्दू सेवाश्रम में गोरखनाथ मंदिर कैंप कार्यालय के प्रभारी मोतीलाल सिंह समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने एकनाथ कर 500 से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनी। गोरखपुर एवं बस्ती मंडल के अलावा सूबे के विभिन्न जिलों के लोग अपनी समस्या के समाधान के लिए जनता दर्शन में पहुंचे थे।

**गो सेवा कर कालू व गुल्लू को दुलारा :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार की सुबह मंदिर से निकले तो सबसे पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवावतारी गुरु गोरखनाथ का पूजन कर अखण्ड ज्योति का दर्शन किया। उसके बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर पहुंचे। वहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माथा टेक आशीर्वाद लिया। उसके बाद भ्रमण करते हुए गोशाला पहुंचे। वहां गायों को चना और गुड़ खिलाया। सेवादारों से उनके रखरखाव पर बातचीत कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। तकरीबन 20 मिनट तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोशाला में रहे। उसके बाद वापस लौटे तो स्वस्था भवन के पास इंतजार कर रहे अपने श्वान गुल्लू एवं कालू को दुलारा।



गोरखनाथ मंदिर के जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फोटो : एसएनबी

# अग्निपथ के विरोध को लेकर पुलिस अलर्ट

भरोंहिया (एसएनबी)। अग्निपथ योजना के विरोध में पूरे देश मे हो रहे जगह-जगह आंदोलन के मद्देनजर स्थानीय पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार को पीपीगंज में उपद्रवियों द्वारा की गई तोड़फोड़ में शामिल युवकों की शिनाख्त के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार चार फरार लोगों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित कर गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ा सन्देश दिया है,तो वहीं दूसरी तरफ सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवकों को पुलिस समझाने का भी काम तेजी से कर रही है। जिससे कैम्पियरगंज क्षेत्र में शांति बनी हुई है। पीपीगंज पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से हड़कम्प शुक्रवार को पीपीगंज पुलिस अगिपथ योजना के विरोध प्रदर्शन में शामिल युवकों की मंशा को भांपने में नाकाम रही। जिसका फायदा उठाकर दर्जनों युवकों ने अलग-अलग टुकड़ियों में बंटकर रेलवे स्टेशन पर तोड़फोड़ कर रोडवेज की बस को क्षतिग्रस्त कर दिया। उससे सबक लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश मिलने के बाद पीपीगंज पुलिस ने सोमवार की रात सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में शामिल तीन उपद्रवियों को गिरफ्तारी किया। पुलिस चार अन्य के खिलाफ इनाम घोषित कर उनकी तलाश कर रही है। वहीं उपद्रव में शामिल लोगों पर गैंगेस्टर और रासुका की धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के कड़े सन्देश के दिया है। पुलिस अभी तोड़फोड़ में शामिल इन सात के अलावा अन्य की भी शिनाख्त और खोजबीन कर रही है।

# महावीर छपरा चौराहे पर मुस्तैद रही पुलिस

महावीर छपरा (एसएनबी)। महावीर छपरा चौराहे पर अग्निवीर योजना के मद्देनजर देखते हुए पुलिस ने उपद्रवियों को रोकने के लिए पुलिस उपाधीक्षक थाना प्रभारी के नेतृत्व में सघन जांच



अभियान चला। बेलीपार क्षेत्र के महावीर छपरा चौराहे पर अग्निपथ योजना के विरोध को देखते हुए पुलिस प्रशासन पहले से सतर्क हो गया व महावीर छपरा चौराहे पर बेलीपार पुलिस उपाधीक्षक थाना प्रभारी प्रशाली गंगवार की देखरेख में एहतियातन पुलिस फोर्स लगा दी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गोरखपुर शहर की तरफ जा रहे सभी वाहनों की सघन जांच की गई। जिसमें संदिग्ध अवस्था में दिखाई देने वाले व्यक्ति को चौराहे से घर वापस भेज दिया गया। फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देकर खाली कराया गया व दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी व बिना हेलमेट के लोगों का चालान भी काटा। इस दौरान एसएसआई सतपाल सिंह, रामप्रसाद पूरी, विश्राम निषाद, राजदेव, बंदना यादव, सरिता यादव व अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# वायरल ऑडिओ में खुली पोल अधिकारी पीट रहे मोटा माल

बड़हलगंज (एसएनबी)। अवैध मिट्टी खनन से जुड़े लोगों के आपसी वार्तालाप की एक ऑडिओ खूब वायरल हो रही है जिसमें एक खनन माफिया की मानें तो सिर्फ वे ही नहीं अधिकारी भी मोटा माल काट रहे हैं।

दो लोगों के वार्तालाप की वायरल ऑडिओ में पता चलता है कि गोला थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ओझौली गांव से मिट्टी खनन करा रहा था।उसकी गाड़ी किसी अधिकारी ने पकड़ ली। खनन कराने वाले व्यक्ति की मानें तो वह लीगल खनन कर रहा था बावजूद उसकी गाड़ी पकड़ ली गयी। गाड़ी छुड़ाने के लिए वह तमाम पैरवी कराया किन्तु उसकी गाड़ी नहीं छूटी। उसी मामले को लेकर उसकी वार्ता बड़हलगंज क्षेत्र के मिट्टी खनन से जुड़े एक व्यक्ति से हो रही है।वार्तालाप के दौरान बड़हलगंज क्षेत्र का व्यवसायी कहता है कि मैं तो थाने से लेकर तहसील तक पैसे देता हूं।मैं चद्दर तानकर सोता हूं और मेरी गाड़ियां चलती रहती हैं। ईमानदारी से थाने से लगायत राजस्व विभाग व तहसील तक सबका हिस्सा पहुंचा देता हूं। मजाल कि मेरी गाड़ी कोई पकड़ ले। मिट्टी बेंच अच्छी कमाई की बात भी वह बताते हुए कहता है कि थोड़ा कम कमाओ पर बेफिक्र रहो। गोला वाले व्यक्ति को वह बताता है यदि वह उस दिन बीस हजार रुपये उपलब्ध करा दिया होता तो उसकी गाड़ी भी आराम से छूट गयी होती।सीज नहीं होती। वह यह भी बताता है कि बड़हलगंज के वर्तमान कोतवाल को क्लीन चिट देते हुए बताता है कि वह मिट्टी खनन की गाड़ी नहीं चलने दे रहे हैं।जिसके खेत व नाम से परमिशन है वह अपने ही यूज में मिट्टी ले सकता है।खैर,जो भी हो।वायरल ऑडिओ से यह साबित तो हो ही जाता है कि अवैध मिट्टी खनन से यदि माफिया धन कमा रहे हैं तो अधिकारी भी मोटा माल पीट रहे हैं।

**अवैध मिट्टी खनन से जुड़ी है ऑडिओ, आपसी वार्तालाप में खुली पोल**

# तीन के विरूद्ध जालसाजी का केस

जंगल कौड़िया (एसएनबी)। पीपीगंज थाना क्षेत्र के पंचायत पीपीगंज के हरपुर में फर्जी तरीके से बैनामा करा लेने पर कोर्ट के आदेश से तीन लोगों के खिलाफ फर्जीवाड़े का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पीपीगंज थाना क्षेत्र के हरपुर निवासी राजन सिंह ,उनकी मां एवं भाभी से 8 सितंबर, 2021 में उसी गांव के निवासी लक्ष्मण वि ाकर्मा द्वारा 96 डिसमिल जमीन बैनामा कराया गया। लक्ष्मण वि ाकर्मा द्वारा यह कहा गया कि बैनामें की रकम कुल 22 लाख रु वह अपने भारतीय स्टेट बैंक की पीपीगंज शाखा के चेक संख्या 880180 एवं 880181 से कुल 22 लाख आपके खाते में ट्रांसफर करा दिए हैं। जिस पर वि ास करते हुए राजन सिंह एवं उनकी मां और भाभी ने बैनामा कर दिया है। अगले दिन जव विक्रेतागण बैंक में जाकर पता लगाया तो पता चला कि किसी के खाते में कोई पैसा नहीं आया है। क्रेता ने जिस बैंक खाते एवं चेक संख्या का जिक्र किया है उस खाते में मात्र 12000 रुपए हैं। जिसके बाद राजन सिंह आदि ने कई बार क्रेता से पैसे का जिक्र किया लेकिन क्रेता इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद राजन सिंह ने न्यायालय का सहारा लिया। जिसपर कोर्ट ने उपरोक्त चेक संख्या के संदर्भ में पीपीगंज पुलिस से जानकारी मांगी जिस पर पीपीगंज पुलिस ने उक्त चेक से या किसी तरह का विक्रेतागण को कोई भुगतान नहीं मिलना पाया गया। जिस पर कोर्ट ने लक्ष्मण वि ाकर्मा सहित कुल 3 लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने का आदेश दिया। पीपीगंज पुलिस ने लक्ष्मण वि ाकर्मा सहित तीन लोगों के खिलाफ धारा 420 467 468 471 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# प्रेमी से शादी पर अड़ी किशोरी, मां पहुंची थाने

पाली (एसएनबी) । सहजनवा के घघसरा चौकी क्षेत्र के एक गांव की किशोरी गाँव के ही प्रेमी से शादी पर अड़ी हुई है। मामले की जानकारी होने पर सोमवार को मां थाने पर पहुंचकर युवक के विरूद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। आरोपित युवक से करीब दो वर्ष से किशोरी का प्रेम संबंध चलता है। सोमवार को दोनो चोरी से शादी करने के लिए तैयार हो गये। मामले की जानकारी मां को हुई तो वह घघसरा चौकी पर पुलिस की सूचना देकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।थानेदार अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने बताया किशोरी युवक में प्रेम प्रसंग का मामला है। लड़की नाबालिग बताई जा रही है लिहाजा केस दर्ज कार्रवाई की जायेगी।

# सीडीओ के निर्देश पर 5 पर मुकदमा दर्ज

गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के वारानगर में एक युवती ने एक सप्ताह पूर्व लोकलाज और प्रताड़ना से आहत होकर खुदकुशी की ली थी। आरोपितों ने उसे निवस्त्र कर उसका विडियो वना लिया था और उसे वायरल करने की धमकी दे रहे थे। इस मामले में तहरीर दिए जाने के वावजूद गोला पुलिस मुकदमा दर्ज किए जाने में हीला हवाली कर रही थी। पीड़ित भाई की फरियाद पर सीडीओ इंद्रजीत सिंह ने गोला पुलिस को केस दर्ज किए जाने का आदेश दिया। जिसके वाद गोला पुलिस ने पांच आरोपितों पर केस दर्ज कर लिया है।

# दो पक्षों में मारपीट, आठ घायल

समधिया। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम वनकटिया में सोमवार की रात 9 दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गयी। जिसमें 8 लोग घायल हो गए हैं। कुछ की हालत काफी गंभीर वताई जा रही है । सभी को एंवुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठर्रापार लाया गया है।

# गैंगस्टर का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। गैंगस्टर के आरोपित बदमाश को शाहपुर थाना पुलिस ने रविवार की रात घोषीपुरवा के पास गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक शाहपुर रणधीर मिश्रा ने बताया कि घोषीपुरवा के रहने वाले अजय गुप्ता पर छह मुकदमे दर्ज हैं। छह माह पहले दर्ज हुए गैंगस्टर के मुकदमे में उसकी तलाश चल रही थी।

# जबरिया वसूली करने वाले बस संचालकों पर मुकदमा

गोरखपुर (एसएनबी)। अवैध स्टैंड से जबरिया सवारी भरने वाले मिश्रा, राय बंधु व अज्ञात प्राइवेट बस संचालकों पर कैंट पुलिस ने जबरिया वसूली करने का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के निर्देश पर विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी ने इनके खिलाफ तहरीर दी थी। शासन ने अवैध बस स्टैंड के संचालकों पर कार्रवाई करने के आदेश दिया था। इसके बाद भी रेलवे स्टेशन, विश्वविद्यालय रोड, पांडेय पेट्रोल पंप के पास बिहार के रहने वाले बस संचालक सड़क पर बस खड़ी करके जबरिया सवारी भरते थे। विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी ने कैंट थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया।

# एक इंस्पेक्टर सहित 25 दरोगाओं का कार्यक्षेत्र बदला

गोरखपुर (एसएनबी)। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सोमवार को एक इंस्पेक्टर सहित 25 दरोगाओं का कार्यक्षेत्र बदल दिया है। अपराध शाखा में तैनात इंस्पेक्टर राजेश कुमार को कैंट थाने का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया है जबकि अन्य दरोगाओं में किसी को चौकी की इंचार्जी मिली है तो किसी का चौकी क्षेत्र बदला गया है। एसएसआई चिलुआताल रहे सोनेंद्र सिंह को एसएसआई गुलरिहा, यहां पर रहे अमित राय को चिलुआताल भेजा गया। जटेपुर चौकी प्रभारी रहे संजय कुमार गुप्ता को एसएसआई राजघाट, सर्विलांस सेल से धीरेंद्र कुमार राय को जटेपुर चौकी प्रभारी बनाया गया है।

मछलीगांव चौकी प्रभारी रहे राजेंद्र सिंह को सर्विलांस सेल प्रभारी, अभय कुमार को वीआईपी सेल से फर्टिलाइजर चौकी प्रभारी, संदीप कुमार चाधैरी को बरगदवां से फलमंडी चौकी प्रभारी, सुशील प्रसाद को नौकायन से बरगदवां चौकी प्रभारी, धर्मेंद्र जैन को चिड़ियाघर से पांडेयहाता चौकी प्रभारी, अजय कुमार को चौकी न्यायालय सुरक्षा से चिड़ियाघर चौकी प्रभारी, जितेश श्रीवास्तव को न्यायालय सुरक्षा से महुआडाबर चौकी प्रभारी, शैलेंद्र मिश्रा को महुआडाबर से उनवल चौकी प्रभारी, आशीष कुमार पांडेय को खोराबार से नौकायन चौकी प्रभारी बनाया गया है। राजकुमारी शुक्ला को हड़हवा फाटक चौकी से जेल रोड चौकी प्रभारी, यहां पर रहे रामानुज सिंह यादव को हड़हवा फाटक, कमलेंद्र सिंह चौकी न्यायालय सुरक्षा से कैंपियरगंज थाना, भूपेंद्र सिंह को पुलिस लाइंस से चौकी प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, पंकज कुमार को पुलिस लाइंस से चौकी न्यायालय सुरक्षा,रामप्रकाश तिवारी को पुलिस लाइंस से फील्ड यूनिट, विजय कुमार तिवारी को पुलिस लाइंस से जनसूचना कार्यालय, सुनील कुमार को बड़हलगंज से कार्यालय उत्तरी, विशाल शुक्ला को बेतियाहाता से मछलीगांव चौकी प्रभारी, अरविंद कुमार यादव को कैंट से बेतियाहाता चौकी प्रभारी बनाया गया है।

# तालाब के किनारे नवजात का शव व बाइक बरामद

भटहट (एसएनबी)। पिपराइच थाना क्षेत्र के चिउराडीह गांव में तालाब के किनारे एक लावारिस हालत में बाइक तथा नवजात शिशु का शव मिला है। बाइक को पुलिस कब्जे में ले लेकर छानवीन करने में जुटी है। वहीं पुलिस नवजात का शव बरामद होने से इनकार कर रही है। शव पॉलीथिन में था। जिसकी सूचना होमगार्ड ने थाने पर दी थी। पिपराइच थानेदार उदय कुशवाहा का कहना है कि मौके पर पीआरवी गयी थी। लावारिस बाइक बरामद की गयी है। नवजात का शव नहीं था। पालीथिन में कुछ काटन और हैण्ड ग्लब्स था।

# 11 चोर गिरफ्तार, 12 मोबाइल व गांजा बरामद

गोरखपुर (एसएनबी)। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक शशि भूषण राय की टीम ने 11 चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 12 मोबाइल और गांजा बरामद किया है।

पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम शेखर कुमार पुत्र राम मेहतो निवासी मेहतो, मिथुन मेहतो पुत्र किशोर मेहतो निवासी महराजपुर थाना तालझारी साहबगंज झारखण्ड, विक्रम पुत्र दिलीप चौहान निवासी दुर्गाकुण्ड थाना भेलूपुर वाराणसी, गोपाल कुमार महतो पुत्र राज कुमार महतो निवासी नया टोला महाराजपुर थाना तालझारी जिला साहबगंज झारखण्ड, मन्तोष सिंह पुत्र स्व. श्रवण सिंह निवासी तीन पहाड़ बाबूपुर थाना तीन पहाड़ जिला साहबगंज झारखण्ड, धर्म कुमार पुत्र अनिल राय निवासी राघोपुर चान्दपुरा थाना फत्तेहपुर जिला वैशाली, राहुल महतो पुत्र सत्य नारायण निवासी तीन पहाड़ बाबूपुर थाना तीन पहाड़ साहबगंज झारखण्ड, मनीष कसौन पुत्र दिलीप कसाधैन निवासी पठान टोला थाना दक्षिण दरवाजा पुरानी बस्ती जिला बस्ती बताया। एसएसपी ने गुडवर्क टीम को 21 हजार का नकद पुरस्कार दिया है।

# दो वर्ष पांच माह की कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। गैंगस्टर एक्ट का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट सुशील कुमार खरवार ने कैंट थाना क्षेत्र के महादेव झारखंडी निवासी विवेक विश्वकर्मा को दो साल पांच माह के कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपया अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन का पक्ष विशेष लोक अभियोजक घनश्याम सिंह एवं अखिलेश शुक्ल ने रखा।

# जलभराव हुआ तो तय होगी अफसरों की जवाबदेही: सीएम

### सीएम योगी ने अधिकारियों के साथ मीटिंग कर की विकास कार्यों की समीक्षा

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (20 June): सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सिटी में किसी भी दशा में जलभराव न होने पाए, समय रहते इसके लिए दिशा निर्देश जारी किए गए थे. अब, यदि बरसात शुरू होने पर कहीं भी जलभराव के चलते गोरखपुराइट्स को परेशानी हुई तो अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी. सीएम सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यो की समीक्षा कर रहे थे. नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने बताया कि सभी नालों की तल्लीझार का कार्य जारी है. इसके साथ ही पंपिंग स्टेशनों को सुव्यवस्थित करने के साथ आवश्यकतानुसार उनकी क्षमता भी बढ़ाई जा रही है.

## पैडलेगंज से फिराक चौराहा तक बनाएं फोरलेन

सीएम योगी ने कहा कि पैडलेगंज से फिराक गोरखपुरी चौराहा तक सड़क को फोरलेन बनाया जाएगा. अधिकारियों ने बताया कि फोरलेन स्मार्ट रोड बनाने के लिए 393 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है. मुख्यमंत्री ने नौकायन से देवरिया बाईपास रोड को फोरलेन बनाने के प्रस्ताव के विषय में भी पूछा. मुख्यमंत्री में गोरखनाथ रोड ओर एक और ओवरब्रिज बनाने का निर्देश दिया. इस पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द इसका प्रस्ताव तैयार किया जाए.



जनता दर्शन में फरियादियों की सुनवाई करते सीएम योगी.

## शहर हो या गांव, हर जगह मिले निर्बाध बिजली

विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सीएम योगी ने निर्देशित किया कि शहर हो या गांव, हर जगह निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए. उन्होंने कहा कि एकमुश्त समाधान योजना नागरिकों के लिए लाभकारी है. इसे लेकर उन्हें जागरुक कर उन्हें बकाएदारी से मुक्ति दिलाई जाए. उन्होंने एकमुश्त समाधान योजना में अब तक हुई प्रगति की भी जानकारी ली.

## भव्य हों योग दिवस के आयोजन

सीएम ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के बारे में भी पूछा. उन्होंने कहा, पीएम मोदी की पहल पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय योग दिवस मनाने लगा है. योग दिवस पर आयोजन भव्य होना चाहिए.

## क्रूज संचालन के लिए ऑस्ट्रेलिया से आएगा क्रूज

बैठक के दौरान रामगढ़ताल में क्रूज चलाने को लेकर भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई. जीडीए उपाध्यक्ष प्रेम रंजन सिंह द्वारा बताया गया कि नीलामी फाइनल हो गई है. आस्ट्रेलिया से क्रूज आएगा. करीब तीन से चार महीने लगेंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रूज संचालित होने से पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा. बैठक के दौरान रामगढ़ताल से गाद निकालने पर भी चर्चा हुई. मुख्यमंत्री को बताया गया कि स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन (एनएमसीजी) को 350 करोड़ का प्रोजेक्ट भेजा गया है. मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इस मामले में एनएमसीजी से बात की जाए. शासन स्तर से भी इसके लिए प्रयास किया जाएगा.

## निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स की प्रगति में लाएं तेजी

सीएम योगी ने निर्माणाधीन सैनिक स्कूल, आयुष विश्वविद्यालय आदि के प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों से कहा कि ये दोनों प्रोजेक्ट्स प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूर्ण कराएं. मुख्यमंत्री ने वेटनरी कॉलेज के लिए जमीन की उपलब्धता के विषय में पूछा तो एसडीएम सदर कुलदीप मीणा ने उन्हें चिह्नित की गई जमीन के बारे में बताया. मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द से जल्द जमीन फाइनल की जाए. बैठक में कमिश्नर रवि कुमार एनजी, डीएम कृष्णा करुणेश, सीडीओ इंद्रजीत सिंह विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे.

## युवाओं को बताएं अग्निपथ योजना के फायदे

मुख्यमंत्री ने अग्निपथ योजना के विरोध में किये जा रहे प्रदर्शनों को देखते हुए कानून व्यवस्था की समीक्षा की. डीआईजी जे रविंद्र गौड़ एवं एसएसपी विपिन ताडा ने बताया कि इस पर नजर रखी जा रही है. पीपीगंज में कई गई कार्रवाई से भी अवगत कराया. मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को इस योजना के फायदे समझाएं.

# जनता दर्शन: दाखिल, खारिज के केस देख नाराज हुए सीएम

### सुनी 200 लोगों की फरियाद समाधान के लिए किया आश्वस्त

GORAKHPUR (20 June): सीएम के पास उन्हें आना चाहिए, जिन्हें पुलिस और प्रशासन के स्तर पर न्याय नहीं मिल रहा. अब जब दाखिल खारिज जैसे सामान्य मामले भी मुझ तक आने लगें तो यह अच्छी बात नहीं. प्रशासन को खुद की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने की जरूरत है. जनता दर्शन में दाखिल खारिज न किए जाने की समस्या लेकर आए कुछ लोगों ने जब समाधान के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ को आवेदन पत्र दिया तो वह नाराज हो गए, आवेदन पत्र डीएम को देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी समस्याएं जनता दर्शन तक हरगिज नहीं आनीं चाहिए, इसके लिए उन्होंने कमिश्नर को भी सहेजा.

## 200 की सुनी फरियाद

दो दिवसीय दौरे पर रविवार को गोरखपुर आए सीएम ने सोमवार की सुबह नियमित पूजा-अर्चना और गोसेवा के बाद गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में जनता दर्शन किया. करीब 700 लोग अपनी समस्या सीएम से कहने आए थे, जिनमें से 200 की समस्या उन्होंने सुनीं बाकी की समस्या सीएम के निर्देश पर जिलाधिकारी और एसएसपी ने सुनी. महिलाओं की संख्या और पुलिस व भूमि विवाद से जुड़े मामले हमेशा की तरह अधिक रहे. सीएम ने जिन लोगों की समस्या सुनी, उन्हें समाधान के लिए आश्वस्त किया. हत्या व दुष्कर्म के भी कुछ मामले थे, जिनके आरोपितों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो सकी. मुख्यमंत्री ने ऐसे मामलों में तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश एसएसपी को दिया. जनता दर्शन में सीएम के साथ डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ. विपिन ताडा, डीआइजी जे. रवींद्र गौड़ आदि मौजूद रहे.

## विकलांग और गरीब हूं महाराज जी! नौकरी चाहिए

जनता दर्शन में बलिया निवासी दिव्यांग अभयराज के पास सीएम समस्या जानने पहुंचे तो अभय की आंखें डबडबा गईं. बोला, महाराजजी दिव्यांग होने के साथ-साथ मैं बहुत गरीब हूं. आईटीआई कोर्स कर रखा है पर नौकरी नहीं मिल रही. कृपया इसकी व्यवस्था कर दीजिए. इस पर सीएम ने ढांढस बंधाते हुए कहा, हर भर्ती में दिव्यांग कोटा होता है, फॉर्म भरते रहिए, नौकरी जरूर मिलेगी.

## एसआई भर्ती में गड़बड़ी

आशीष सिंह नाम के एक युवक ने उप निरीक्षक भर्ती में गड़बड़ी की शिकायत की. उसका आरोप था कि जिनके नंबर कम थे, वह मेरिट में आ गए और ज्यादा वाले बाहर हो गए. मुख्यमंत्री ने गड़बड़ी की स्थिति में न्याय का भरोसा दिलाया.

## आवासों में गड़बड़झाला

प्रधानमंत्री आवास में बिना निर्माण के ही डेढ़ करोड़ रुपये के भुगतान की शिकायत धर्मशाला बाजार के पूर्व पार्षद ने की. उनकी शिकायत की जांच का निर्देश मुख्यमंत्री ने कमिश्नर को दिया.

## गुरु पूजन कर की गोसेवा

सोमवार को सीएम ने दिन की शुरुआत गुरु गोरक्षनाथ की पूजा-अर्चना से की. उसके बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधिस्थल पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया. वह गोशाला गए और गोसेवा की. अपने श्वान कालू-गुल्लू के साथ कुछ समय बिताने के बाद वह जनता दर्शन के लिए हिंदू सेवाश्रम पहुंचे. दोपहर ढाई बजे वह गोरखनाथ मंदिर से लखनऊ रवाना हो गए.

# गैर इरादतन हत्या का आरोपी अरेस्ट

**CHAURICHAURA (20 June):** चौरीचौरा पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोपी को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया. उसे जेल भेज दिया गया है. प्रभारी निरीक्षक मनोज पांडेय ने बताया कि उसे निबियहवा रेलवे क्रॉसिंग के पास से अरेस्ट किया गया.

# हाथ में झोला, चेहरा भोला यह मासूम मोबाइल चोर हैं




gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (20 June):** हाथ में झोला, चेहरा भोला और उम्र सिर्फ दस से 12 साल, लेकिन अगर यह आसपास नजर आ जाएं तो अपना मोबाइल जरूर बचा लीजिएगा. ये बच्चे मोबाइल चुराते हैं. प्रदेश में एक ऐसा गैंग एक्टिव है, जो बच्चों को ट्रेंड कर चोरी और जहरखुरानी करवाता है. झारखंड का ये गैंग किसी भी एक बड़े जिले को टारगेट करता है. वहां पर 15 दिन किराए पर रहकर वहां के मॉल, मेला और मार्केट समेत भीड़-भाड़ वाले इलाके में बच्चों से मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम दिलाता है. देश भर में फ्रॉड करने वाला झारखंड का जिला जामताड़ा से भी कनेक्शन है. इसका खुलासा सोमवार को पुलिस ने करते हुए गैंग के आठ सदस्यों को अरेस्ट किया है.

### पकड़े गए अभियुक्त

1- शेखर कुमार महतो थाना तालझारी जनपद साहबगंज झारखण्ड
2- मिथुन महतो तालझारी जनपद साहबगंज झारखंड
3- विक्रम चौहान दुर्गाकुंड थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी
4- गोपाल कुमार महतो तालझारी जिला साहबगंज झारखंड
5- मन्तोष सिंह बाबूपुर थाना तीन पहाड़ जिला साहबगंज झारखंड
6- धर्म कुमार चान्दपुरा थाना फतेहपुर जिला वैशाली बिहार
7- राहुल कुमार महतो बाबूपुर थाना तीन पहाड़ जिला साहबगंज झारखंड
8- मनीष कुमार कसौधन पठान टोला थाना दक्षिण दरवाजा पुरानी बस्ती

## जामताड़ा में बेचते मोबाइल

गोरखपुर में एक्टिव ये गैंग के सदस्य किसी भी शहर में जाकर वहां के मेन भीड़-भाड़ वाले इलाके को चिन्हित करते है. इसके बाद बच्चों के हाथ में झोला पकड़ाकर उन्हें भीड़-भाड़ वाली जगह पर उतार देते है. दूर से गैंग के मुखिया दूर से बच्चों को वॉच करते हैं. ट्रेंड बच्चे इतने शातिर होते हैं कि पलक झपकते ही किसी का भी मंहगा मोबाइल उड़ा देते हैं. वहीं अगर कहीं मोबाइल चोरी करते समय बच्चा पकड़ा जाता है तो गैंग के सरगना उसे छोड़कर निकल जाते हैं. इसके बाद बच्चों को छुड़ाने का काम उनके घर वाले करते हैं.

## 6 दिन से था ठिकाना

गोरखपुर के हुमायूंपुर स्थित डोमबस्ती में झारखंड का गैंग किराए के घर में रह रहा था. इस गैंग ने यहां पर एक ऑटो भी बुक कराया था. उसी ऑटो से गैंग बच्चों के साथ भीड़-भाड़ वाले इलाके में जा रहे थे. वहां पर बच्चों को आगे कर उनसे चोरियां करवाते रहे. अभी इस गैंग ने गोरखपुर में 6 दिन बिताए थे. तभी मुखबिर की सूचना पर गैंग पुलिस के हत्थे चढ़ गया. इनके पास से चार बच्चों समेत 12 मंहगे मोबाइल, स्मैक और ब्लेड पकड़ाया है.

## गैंग के आठ सदस्य पकड़े

कैंट पुलिस ने इस इंटरस्टेट गैंग के चार बाल अपचारी समेत 11 अभियुक्तों को 12 चोरी के मोबाइल, 72 ग्राम नाजायज स्मैक और ब्लेड के साथ अरेस्ट किया है. सोमवार को एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना के बारे में बताया और गैंग को अरेस्ट करने वाली पुलिस टीम को 21 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की.

**"कैंट पुलिस ने बच्चों से चोरी कराने वाला इंटरस्टेट गैंग पकड़ा है. ये आस-पास के गांव से छोटे बच्चों को ट्रेंड कर अपनी टीम शामिल करते हैं. उनसे मोबाइल चोरी और जहरखुरानी जैसी घटनाएं कराते हैं. चोरी के मोबाइल को ये जामताड़ा में बेचते हैं. चोरी के मोबाइल से जमाताड़ा में बैठे जालसाज पूरे देश में फ्रॉड करते हैं.**



**कृष्ण कुमार बिश्नोई,**
एसपी सिटी

# हंगामे की थी तैयारी, अब दे रहे सफाई

**अग्निपथ योजना का विरोध करने के लिए बनाया गया था वॉट्सएप ग्रुप**

**UPDATE**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (20 June):** अग्निपथ योजना के विरोध में गोरखपुर में भी बड़ा हंगामा करने की साजिश रची गई थी. इसके लिए बकायदा तैयारी करने वाले युवाओं ने अलग-अलग एरियाज में वॉट्सएप ग्रुप बनाया था. जिस पर मैसेज वायरल कर हंगामा प्रदर्शन करने के लिए उन्हें उग्र किया जा रहा था. इनके मनसूबों पर पुलिस ने पानी फेर दिया. एक-एक कर हर एरियाज से ऐसे लोगों को पुलिस ने उठाया जो वॉट्सएप ग्रुप पर भड़काऊ और उकसाने वाले मैसेज डाल रहे थे. उनके नाम पुलिस के पास आते ही ऐसे लोगों की टोन बिल्कुल बदल गई है. जो अभी तक साजिश रच रहे थे, उन युवकों वीडियो वायरल हो रहे हैं. जिसमे वे तैयारी करने वाले युवाओं से रिक्वेस्ट करते हुए कह रहे हैं कि अफवाहों पर ध्यान ना दें, मेरे मोबाइल से किसी ने गलत मैसेज आपको भेज दिया था.

## अफवाह फैलाकर की साजिश

सोशल मीडिया पर अग्निपथ योजना के विरोध में अफवाह फैलाई गई थी. मैसेज वायरल कर बताया गया कि युवक ने इस स्कीम से आहत होकर सुसाइड कर लिया. इसके बाद प्रदर्शनकारी उग्र हो गए और तोड़फोड़ शुरू कर दी. इसी तरह 18 जून को भी एक मैसेज वायरल किया गया, जिसमें कहा गया कि आज माड़ापार में चक्काजाम और तोड़फोड़ किया जाएगा. पुलिस मैसेज करने वाले की



पहचान में जुटी है. उस ग्रुप के एडमिन पर भी नजर है. सामने आ रहा है कि मैसेज डालने वाला एक राजनीतिक पार्टी से संबंधित है, हालांकि पुलिस अभी खुलकर कुछ नहीं बोल रही.

## एनएसए-गैंगस्टर लगेगा

एसएसपी डॉ विपिन ताडा ने बताया कि जो भी आरोपी और उपद्रवी गिरफ्तार होंगे या चिह्नित होंगे, उनके खिलाफ पुलिस गैंगस्टर और एनएसए की कार्रवाई भी करेगी. एसएसपी ने बताया कि कोई भी हिंसात्मक प्रदर्शन करेगा और धारा 144 का उल्लंघन करेगा तो केस दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## एक्टिव रही पुलिस

सोमवार को अग्निपथ के विरोध में कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए सुबह से ही पुलिस एक्टिव रही. जगह जगह पुलिस रेलवे स्टेशनों पर गश्त कर रही है. वहीं तैयारी करने वाले युवाओं से भी लगातार पुलिस बातचीत कर उन्हें अवेयर कर रही है. इसके अलावा जिले की इंट्री प्वाइंट सहजनवां, नौसढ़, बेलीपार, खोराबार, बरगदवा में पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही है. जिसमें बसों के यात्रियों के साथ ही कारों की भी चेकिंग की गई.

## मैसेज वायरल करने वाले पर 151 में चालान

बांसगांव के हरनही चौकी की पुलिस ने आंदोलन के एकत्र होने के आह्वान का मैसेज करने वाले का 151 में चालान कर दिया. हरनही चौकी के जिगीना बाबू निवासी आदर्श यादव पुत्र ठाकुर यादव ने अपने मोबाइल से मैसेज भेजकर विरोध प्रदर्शन करने के लिए एक जगह इकट्ठा होने की बात लिखी. वायरल होने पर चौकी इंचार्ज हरनहीं अखिलेश तिवारी मौके पर पहुंच गए.



**"किसी भी तरह की गलत अफवाह फैलाने वाले पर कड़ी कार्रवाई होगी. जो भी युवा तोड़-फोड़ हंगामे में शामिल रहा है, उसपर एनएसए की कार्रवाई की जाएगी.**

**डॉ. विपिन ताडा,**
एसएसपी गोरखपुर

स्टेशन और ट्रेन में आगजनी की घटना पर अंकुश लगाने को लेकर ट्रेनों में चेकिंग

# रेलवे स्टेशन बना छावनी, रिजर्वेशन चार्ट के जरिए युवाओं की तलाशी

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (20 June):** कहां जा रहे हो, किस काम से जा रहे हो ? यह सवाल पिछले तीन दिनों से लगातार उन युवाओं से किया जा रहा है. जो गोरखपुर से बनकर चलने वाली ट्रेनों में सफर कर रहे हैं. यहां तक की आरपीएफ व जीआरपी की टीम समेत टिकट कलेक्टर भी रिजर्वेशन चार्ट से 17-23 वर्ष तक के युवा पैसेंजर्स को फिल्टर कर चुके हैं. इनकी लिस्ट बनाकर डेली दिल्ली व लखनऊ जाने वाली ट्रेनों में चेकिंग कर रहे हैं. इन युवा यात्रियों पर विशेष नजर रखने वाली आरपीएफ की टीम लगातार इनके लगेज और ज्वलनशील पदार्थ लिए जाने को लेकर पैनी नजर रखे है. वहीं, गोरखपुर रेलवे स्टेशन छावनी में तब्दील हो जाने से कुली, दुकानदार समेत रोजमर्रा की कमाई वालों के लिए दिक्कतें बढ़ गई हैं.

## हेल्प डेस्क पर दे रहे जानकारी

अग्निपथ योजना के विरोध में चल रहे प्रदर्शन के चलते रेलवे प्रशासन ने अपनी संपत्तियों को बचाने के लिए सिक्योरिटी बढ़ा दी है. दो दर्जन से ज्यादा ट्रेनें कैंसिल होने से मुसाफिर लगातार टिकटें कैंसिल करा रहे हैं. वहीं, स्टेशन पर आरपीएफ की तरफ से हेल्प डेस्क बनाई गई है, टिकट कैंसिल कराने वाले पैसेंजर्स को प्रॉपर गाइड किया जा रहा है. कहीं से कोई युवा स्टेशन परिसर में न घुस सके, जीआरपी और आरपीएफ के अधिकारियों ने भी सुबह और शाम के वक्त स्टेशन परिसर में जायजा लेने का काम जारी रखा है.

i ALERT




रेलवे प्लेटफार्म पर निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी.



ट्रेनें कैंसिल होने से स्टेशन पर चहल-पहल कम रही.

## दूसरे स्टेशन पर बुलाए गए हैं इंस्पेक्टर

सोमवार सुबह आरपीएफ चीफ सिक्योरिटी कमिश्नर जावेद व जीआरपी सीओ रचना मिश्रा के नेतृत्व में भारी मात्रा में फोर्स ने स्टेशन परिसर का मुआयना किया. वहीं, जीआरपी प्री-पेड बूथ पर तैनात सिपाही नरेंद्र यादव, संजय व राम बाबू राना ने बताया, शनिवार से ही लगातार तैनाती है. आरपीएफ प्रभारी राजेश कुमार सिन्हा ने बताया, कोई युवा स्टेशन या ट्रेन को क्षति न पहुंचा सके. इसके लिए 100 जवानों की तैनाती की गई है. दूसरे स्टेशनों से भी चार इंस्पेक्टर बुलाए गए हैं. असिस्टेंट कमांडेंट रवि शंकर सिंह के नेतृत्व में टीम की तैनाती की गई है.



मैं यूपीएससी की तैयारी करती हूं. मुझे दिल्ली जाना है. दो दिन ट्रेन कैंसिल होने से फिर से तत्काल में गोरखधाम एक्सप्रेस में रिजर्वेशन कराया था. ब्रेक जर्नी करेंगे. उसके बाद दिल्ली जाएंगे. ट्रेन कैंसिल होने से काफी दिक्कत हुई.

**शिवांगी तिवारी,**
पैसेंजर



कई ट्रेनों के बंद होने से काफी दिक्कतें बढ़ गई हैं. अगर इसी तरह से ट्रेनें बंद रहीं तो दिक्कतें बढ़ जाएंगी. इन दिनों महज 3-4 यात्री ही आ रहे हैं. किराया निकालना मुश्किल हो गया है. शनिवार से ही दुकानदारी बंद है.

**नीरज सिंह,**
संचालक, जन आहार



बिहार की तरफ से ज्यादा ट्रेनों का संचालन होता है, लेकिन ट्रेनों का संचालन बाधित होने से दुकान का भाड़ा निकालना मुश्किल हो गया है. जो ट्रेन गोरखपुर से बनकर चल रही हैं. उनके पैसेंजर ऑलरेडी घर से खाना और पानी लेकर चलते हैं.

**अनिल,**
दुकानदार



"ट्रेनों का संचालन बंद है. रेलवे स्टेशन परिसर में सुरक्षा के लिए आरपीएफ व जीआरपी की टीम मुस्तैद है. पल-पल निगरानी जारी है. ट्रेनों में चेकिंग भी जारी है, ताकि कहीं से कोई उपद्रव न फैला सके.

**पंकज कुमार सिंह,**
सीपीआरओ एनई रेलवे

## अवैध रिवॉल्वर के साथ धराया बुजुर्ग

**BELGHAT:** हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त 68 साल के बुजुर्ग भरत यादव को पुलिस ने अवैध देशी रिवाल्वर के साथ अरेस्ट किया है. मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष बेलघाट को ये कामयाबी मिली है. करीब 10.40 बजे मुखबिर खास की सूचना पर पहुंची पुलिस ने भरत यादव को अरेस्ट कर घटनास्थल बहद सोपाईघाट पुल के पास से एक अवैध देशी रिवाल्वर 38 बोर, एक अदद खोखा 38 बोर बरामद किया है.

## अपहरण के आरोप में अभियुक्त अरेस्ट

**HARPUR BUDHAT:** हरपुर थाने की टीम को सोमवार को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी. थाने में दर्ज अपहरण के मुकदमे के आरोपी तुलसी को पुलिस अरेस्ट कर लिया. तुलसी पर एक युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज था. पुलिस ने आरोपी के साथ ही अपहरण की गई युवती को भी बरामद कर लिया है. सोमवार को 10.35 बजे पुलिस ने अपहरण करने वाले आरोपी को अरेस्ट किया है.

## भाई की हत्या का आरोपित अरेस्ट

**PIPRAICH:** पिपराइच में रविवार को घर के सामने गेट लगाने को लेकर एक भाई ने अपने भाई को धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी. जिसके बाद पिपराइच पुलिस ने हत्या के आरोपी को सोमवार को अरेस्ट कर लिया. आरोपित व्यासमुनि शर्मा, विवेकानन्द को खडराइच पुलिया से अरेस्ट किया गया.

# शातिर चोर अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

**SIKRIGANJ**: अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने व आपरेशन पाताल अभियान के तहत थानाध्यक्ष सिकरीगंज व एसओजी प्रभारी मनीष यादव ने धनपत कसौधन, नवीन मिश्रा, आबीद अली को भूमिधर तिराहा से गिरफ्तार किया. तालाशी में एक 12 बोर का तमंचा बरामद किया है. पुलिस ने बताया कि ये शातिर चोर है.

# अपहरण का आरोपित अरेस्ट

**SAHJANWA**:थाना गीडा ने सोमवार को अपहरण के एक आरोपी को अरेस्ट किया है. थाने में एक नाबालिग के अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ था. जिसके 12 घंटे बाद नाबालिग के अपहरण के आरोपी रोहित को अरेस्ट किया है. इसके साथ ही नाबालिग को भी बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है.

# आरटीओ व ट्रैफिक पुलिस ने की बैठक

गोरखपुर। पूर्वांचल ऑटो एसो. के साथ सोमवार को एसपी ट्रैफिक व आरटीओ अनीता सिंह ने बैठक कर शहर को जाम से छुटकारा दिलाने के साथ ही प्रदूषण में कमी ले आने के लिए उनसे मदद मांगी।

बैठक में यूनियन के पदाधिकारियों ने शहर के शास्त्री चौराहा, अंबेडकर चौराहा तथा यूनिवर्सिटी चौराहे आदि पर ऑटो स्टैंड बनाने की मांग की। यूनियन के लोगों ने बताया कि शहर में स्टैंड के अभाव में जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। आटो चालकों की विभिन्न समस्याओं से एसपी ट्रैफिक व आरटीओ को अवगत कराया। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि सभी ऑटो चालक 15 दिन में हाई सिक्योरिटी रेजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने के साथ ही फिटनेस पूर्ण कर लें। सभी प्रकार के कागजात पूरा रखें और निर्धारित रूट पर ही चलें।

# शोहदों के आतंक से खुदकुशी में पांच पर केस

- युवती का निर्वस्त्र वीडियो बनाकर शोहदे कर रहे थे ब्लैकमेल
- समाधान दिवस पर गए सीडीओ के निर्देश पर हुआ मुकदमा दर्ज

गोलाबाजार, हिन्दुस्तान संवाद। शोहदों के आतंक से परेशान गोला के बारानगर की एक युवती ने पिछले दिनों खुदकुशी कर लिया था। गांव के ही शोहदों ने युवती को निर्वस्त्र कर वीडियो बना लिया था और उसी वीडियो के आधार पर ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहे थे। ऐसा न करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे थे। युवती ने इसकी जानकारी अपनी भाभी को दी। लोक-लाज बस भाभी चुप हो गई तब युवती ने खुदकुशी कर लिया।

खुदकुशी के बाद भाभी ने परिवार के अन्य सदस्यों को घटना की जानकारी दी। पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर दी लेकिन केस नहीं दर्ज हुआ। समाधान दिवस पर आए सीडीओ से मिलकर पत्रकारों के एक प्रतिनिधि मंडल ने आरोपितों पर केस दर्ज करने की मांग की जिसके बाद पुलिस ने पांच लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवती ने अपनी भाभी को दी घटना की जानकारी

युवती की शोर सुनकर गांव के चार अन्य युवक पहुंच गए। आरोप है कि गांव के युवकों ने उस युवक को मारपीट कर भगा दिया और युवती को निर्वस्त्र कर उसका वीडियो बना लिया। उस वीडियो के आधार पर चारों युवकों ने सम्बन्ध बनाने का दबाव बनाने लगे। उनके चंगुल से छूट कर युवती किसी तरह घर आई उसने अपनी भाभी को पूरी घटना की जानकारी दी।

क्षेत्र के बारानगर निवासी 12 जून की शाम 7.30 बजे खेत की तरफ गई थी। आरोप है कि तीरागांव का रहने वाला एक युवक उसके साथ गलत हरकत करने लगा। भाभी ने यह बात किसी अन्य सदस्य से शेयर नहीं किया। उधर, 13 जून की देर शाम 7.30 युवती ने कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। 15 जून को युवती के भाई ने गोला थाना पर तहरीर देने का प्रयास किया तो कोतवाल ने कहा पोस्टमार्टम आने के बाद तहरीर ली जाएगी। इसी तरह 16 जून और 17 जून को भी भाई थाने पर गया लेकिन एफआईआर नहीं हुई।

# बस संचालकों पर मुकदमा

गोरखपुर। अवैध स्टैंड से जबरिया सवारी भरने वाले मिश्रा, राय बंधु व अज्ञात प्राइवेट बस संचालकों पर कैंट पुलिस ने जबरिया वसूली करने का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के निर्देश पर विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी ने इनके खिलाफ तहरीर दी थी। शासन ने अवैध बस स्टैंड के संचालकों पर कार्रवाई करने के आदेश दिया था।

# गैंगस्टर का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। गैंगस्टर के आरोपित बदमाश को शाहपुर थाना पुलिस ने रविवार की रात घोषीपुरवा के पास गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक शाहपुर रणधीर मिश्रा ने बताया कि घोषीपुरवा के रहने वाले अजय गुप्ता पर छह मुकदमे दर्ज हैं। छह माह पहले दर्ज हुए गैंगस्टर के मुकदमे में उसकी तलाश चल रही थी।

# दरोगा भर्ती के लिए प्रार्थनापत्र

युवा आशीष सिंह ने पुलिस में सब इंस्पेक्टर की सीधी भर्ती निकाले जाने के संबंध में मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र दिया। उधर भौवापार की रहने वाली रेशमा देवी ने सीएम को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई कि कुछ भू-माफिया पुलिस की मदद से सरकारी पट्टे की जमीन और उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। पुलिस सुनवाई नहीं कर ही है। मुख्यमंत्री ने तत्काल अधिकारियों से मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# दाखिल खारिज के लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण करें

**जनता दर्शन**

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। हिन्दू सेवाश्रम में जनता दर्शन में दूर दराज से आए लोगों की सोमवार की सुबह सीएम योगी आदित्यनाथ ने समस्याएं सुनी। अधिकारियों को निर्देशित किया कि दाखिल खारिज के मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाए। ताकि दाखिल खारिज सरीखे मामलों के लिए लोगों को बिना वजह परेशान न होना पड़े। उन्होंने राजस्व अदालतों के मामलों के भी त्वरित निपटान के लिए निर्देशित किया।

अपने दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिन्दू सेवाश्रम में जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने 135 फरियादियों की समस्याएं खुद सुनीं। उन्हें समाधान के लिए आश्वस्त किया। फरियादियों में सर्वाधिक संख्या महिलाओं की थीं। कुछ फरियादियों ने पुलिस पर आरोपियों की गिरफ्तारी न करने संबंधी शिकायत की जिस पर सीएम ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। सीएम योगी आदित्यनाथ बारी बारी से एक-एक के पास गए। उनकी शिकायत ली, उनकी पीड़ा सुन संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कमिश्नर रवि कुमार एनजी, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एडीजी अखिल कुमार, एसएसपी विपिन ताड़ा, सीडीओ इंद्रजीत सिंह आदि रहे।

**135** समस्याएं सीएम ने स्वयं सुनी

- जनता दर्शन में सीएम ने दी अफसरों को हिदायत
- 500 के करीब शिकायतें अधिकारियों ने ली



गोरखनाथ मन्दिर के हिन्दू सेवाश्रम में सोमवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फरियादियों की समस्या सुनीं। • हिन्दुस्तान

### 500 से अधिक शिकायतें अधिकारियों ने ली

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यात्री भवन और हिन्दू सेवाश्रम में गोरखनाथ मंदिर कैंप कार्यालय के प्रभारी मोतीलाल सिंह समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने एक एक कर 500 से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनी। आने वाली फरियाद में गोरखपुर और बस्ती मण्डल के विभिन्न जिलों के अलावा सूबे के विभिन्न जिलों से भी फरियादी आए हुए थे।

# 11 चोर गिरफ्तार, 12 मोबाइल बरामद

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** अलग-अलग शहरों से मोबाइल चोरी करने वाले झारखंड के एक गैंग को सोमवार को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार किया। पकड़े गए गैंग के 11 सदस्यों के पास से 12 मोबाइल और गांजा बरामद किया है। पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह साइबर क्राइम करने वाले गैंग को मोबाइल सप्लाई करता था। इसके लिए यह गैंग अलग-अलग शहरों में कुछ दिनों तक रुकता और भीड़-भाड़ वाले इलाकों से मोबाइल चोरी करता था।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने गैंग का खुलासा करते हुए बताया कि इंस्पेक्टर कैंट शशि भूषण राय और उनकी टीम ने सोमवार की सुबह पौने छह बजे रेलवे स्टेशन रोड सरदार तिराहा से उन्हें गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान शेखर कुमार निवासी मेहतो थाना तालझारी जिला साहबगंज झारखण्ड, मिथुन मेहतो निवासी महराजपुर थाना तालझारी जिला साहबगंज झारखण्ड, विक्रम चौहान निवासी दुर्गाकुण्ड थाना भेलूपुर जिला वाराणसी, गोपाल कुमार महतो निवासी नया टोला महाराजपुर थाना तालझारी जिला साहबगंज झारखण्ड, मन्तोष सिंह निवासी तीन पहाड़ बाबूपुर थाना तीन पहाड़ जिला साहबगंज झारखण्ड, धर्म कुमार निवासी राघोपुर चान्दपुरा थाना फत्तेहपुर जिला वैशाली बिहार, राहुल कुमार महतो निवासी तीन पहाड़ बाबूपुर थाना तीन पहाड़ जिला साहबगंज झारखण्ड, मनीष कुमार कसौधन निवासी पठान टोला थाना दक्षिण दरवाजा पुरानी बस्ती के कब्जे से चोरी के 12 अदद मोबाइल व 72 ग्राम स्मैक तथा घटना में प्रयुक्त एक ऑटो बरामद किया है।

**भीड़-भाड़ वाले इलाके में बच्चों से कराते हैं चोरी:** पूछताछ में आरोपितों ने गैंग के लोग अपने गांव के अगल-बगल के गरीब परिवारों के 10-12 साल उम्र के लड़कों को लेकर आते हैं। गोरखपुर, बनारस, इलाहाबाद और अन्य जगह पर 10-15 दिन के लिए रूम लेकर रुकते हैं।

### साइबर गिरोह को मोबाइल बेचता है

इस गिरोह का संबंध अपराध करने वाले बंगाल, बिहार, झारखण्ड के लोगों से रहता है। उन्हीं को ये मोबाइल 4-5 हजार में बेच देते हैं। अपराधी इन मोबाइल का साइबर अपराध में इस्तेमाल करते हैं। ये बच्चे पकड़े जाने पर किसी के बारे में कुछ नहीं बताते। इनके पकड़े जाने पर गिरोह के लोग तुरंत शहर छोड़ देते हैं। यहां पर इनके पास से चोरी के 12 मोबाइल बरामद हुए तथा जिस ऑटो से पिछले सात दिन से वह चोरी के लिए घूम रहे थे पुलिस ने उसके ड्राइवर को पकड़ लिया है।

# एक इंस्पेक्टर सहित 25 दरोगा के कार्यक्षेत्र बदले

## तबादला

- इंस्पेक्टर राजेश कुमार को कैन्ट थाने का बनाया गया अतिरिक्त निरीक्षक
- पुलिस लाइंस से कई दरोगा को मिली चौकी प्रभारी की नई जिम्मेदारी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सोमवार को एक इंस्पेक्टर सहित 25 दरोगाओं का कार्यक्षेत्र बदल दिया है। अपराध शाखा में तैनात इंस्पेक्टर राजेश कुमार को कैंट थाने का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया है जबकि अन्य दरोगाओं में किसी को चौकी की इंचार्जी मिली है तो किसी का चौकी क्षेत्र बदला गया है।

जानकारी के मुताबिक, एसएसआई चिलुआताल रहे सोनेंद्र सिंह को एसएसआई गुलरिहा, यहां पर रहे अमित राय को चिलुआताल भेजा गया। जटेपुर चौकी प्रभारी रहे संजय कुमार गुप्ता को एसएसआई राजघाट, सर्विलांस सेल से धीरेंद्र कुमार राय को जटेपुर चौकी प्रभारी बनाया गया है। मछलीगांव चौकी प्रभारी रहे राजेंद्र सिंह को सर्विलांस सेल प्रभारी, अभय कुमार को वीआईपी सेल से फर्टिलाइजर चौकी प्रभारी, संदीप कुमार चौधरी को बरगदवां से फलमंडी चौकी प्रभारी, सुशील प्रसाद को नौकायन से बरगदवां चौकी प्रभारी, धर्मेंद्र जैन को चिड़ियाघर से पांडेयहाता चौकी प्रभारी, अजय कुमार को चौकी न्यायालय सुरक्षा से चिड़ियाघर चौकी प्रभारी, जितेश कुमार श्रीवास्तव को न्यायालय सुरक्षा से महुआडाबर चौकी प्रभारी, शैलेंद्र कुमार मिश्रा को महुआडाबर से उनवल चौकी प्रभारी, आशीष कुमार पांडेय को खोराबार से नौकायन चौकी प्रभारी,राजकुमारी शुक्ला को हड़हवाफाटक चौकी से जेल रोड चौकी प्रभारी, यहां पर राहे रामानुज सिंह यादव को हड़हवा फाटक, कमलेंद्र सिंह चौकी न्यायालय सुरक्षा से कैंपियरगंज थाना, भूपेंद्र सिंह को पुलिस लाइंस से चौकी प्रभारी न्यायालय सुरक्षा,पंकज कुमार को पुलिस लाइंस से चौकी न्यायालय सुरक्षा,रामप्रकाश तिवारी को पुलिस लाइंस से फील्ड यूनिट, विजय कुमार तिवारी को पुलिस लाइंस से जनसूचना कार्यालय, सुनील कुमार को बड़हलगंज से कार्यालय उत्तरी, विशाल कुमार शुक्ला को बेतियाहाता से मछलीगांव चौकी प्रभारी, अरविंद कुमार यादव को कैंट से बेतियाहाता चौकी प्रभारी बनाया गया है।

## एसएसपी ने की कार्रवाई

एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने मिल रही कुछ दरोगा की शिकायत पर उनका कार्यक्षेत्र में बदलाव कर दिया। वहीं कुछ दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया।

# हत्यारोपी पिता-पुत्र को पुलिस ने भेजा जेल

पिपराइच। पिपराइच थानाक्षेत्र के पिपरा मुगलान गांव में रविवार को हुई हत्या के मामले में सोमवार को पिपराइच पुलिस ने पिता-पुत्र सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया। एक अन्य आरोपित फरार है। पुलिस ने इस मामले में पति-पत्नी और बेटे के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। पुलिस ने सोमवार की सुबह खड़राइच पुलिया के पास से व्यासमुनि शर्मा तथा उनके बेटे विवेकानंद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# जबरिया वसूली करने वाले बस संचालकों पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : अवैध स्टैंड से जबरिया सवारी भरने वाले मिश्रा, राय बंधु व अज्ञात प्राइवेट बस संचालकों पर कैंट थाने की पुलिस ने जबरिया वसूली करने का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों के निर्देश पर विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी ने इनके खिलाफ तहरीर दी।

**जागरण प्रभाव**

शासन ने अवैध बस स्टैंड के संचालकों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया था। इसके बाद भी रेलवे स्टेशन, विश्वविद्यालय रोड, पांडेय पेट्रोल पंप के पास बिहार के रहने वाले बस संचालक सड़क पर बस खड़ी करके जबरिया सवारी भरते थे। दैनिक जागरण में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों ने मामले की जांच कराई तो सही पाया। जिसके बाद विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी ने कैंट थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। प्रभारी निरीक्षक कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कराने के बाद पांच बसों को सीज किया गया था। विवेचना चल रही है साक्ष्य के आधार पर बस संचालकों के खिलाफ कार्रवाई होगी।


परिवहन माफिया के आगे बेबस नजर आ रहे जि
शहर में हर चौराहे पर अवैध आटो व बस स्टैंड, कार्रवाई की जगह विभाग चला रहा जागरूकता 3

दैनिक जागरण में प्रकाशित खबर।

# एक निरीक्षक समेत 25 दारोगा का कार्यक्षेत्र बदला

जागरण संवाददाता, गोरखपुरः एसएसपी डा. विपिन ताडा ने सोमवार की सुबह एक निरीक्षक समेत 25 दारोगा के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया। अपराध शाखा में तैनात राजेश कुमार को कैंट थाने का अतिरिक्त निरीक्षक बनाने के साथ ही खाली चल रहे उनवल व फर्टिलाइजर चौकी पर नए प्रभारी को तैनात किया है।

एसएसआइ चिलुआताल रहे सोनेंद्र सिंह को एसएसआइ गुलरिहा थाना और यहां तैनात रहे अमित राय को चिलुआताल भेजा गया। जटेपुर चौकी प्रभारी रहे संजय कुमार गुप्ता को एसएसआइ राजघाट, सर्विलांस सेल से धीरेंद्र कुमार राय को जटेपुर चौकी प्रभारी बनाया है। मछलीगांव चौकी प्रभारी रहे राजेंद्र सिंह को सर्विलांस सेल प्रभारी, वीआइपी सेल में तैनात अभय कुमार को फर्टिलाइजर चौकी का प्रभार मिला है। संदीप कुमार चौधरी को बरगदवां से फलमंडी चौकी, सुशील प्रसाद को नौकायन से बरगदवा चौकी, धर्मेंद्र जैन को चिड़ियाघर से पांडेयहाता चौकी प्रभारी, अजय कुमार को चौकी न्यायालय सुरक्षा से चिड़ियाघर चौकी प्रभारी बनाया है। जितेश कुमार श्रीवास्तव को न्यायालय सुरक्षा से चौकी प्रभारी महुआडाबर, यहां तैनात रहे शैलेंद्र कुमार मिश्रा को उनवल चौकी का प्रभार मिला है। खोराबार थाने में तैनात रहे आशीष कुमार पांडेय को नौकायन चौकी प्रभारी, राजकुमारी शुक्ला को हड़हवा फाटक से जेल रोड चौकी प्रभारी, यहां पर तैनात रहे रामानुज सिंह यादव को हड़हवा फाटक चौकी भेजा गया है। कमलेंद्र सिंह चौकी न्यायालय सुरक्षा से कैंपियरगंज थाना, भूपेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, पंकज कुमार को पुलिस लाइंस से चौकी न्यायालय सुरक्षा, रामप्रकाश तिवारी को पुलिस लाइन से फील्ड यूनिट, विजय कुमार तिवारी को पुलिस लाइन से जनसूचना कार्यालय, सुनील कुमार को बड़हलगंज से एसपी उत्तरी कार्यालय, विशाल कुमार शुक्ला को बेतियाहाता से मछलीगांव चौकी प्रभारी, अरविंद कुमार यादव को कैंट थाने से बेतियाहाता चौकी प्रभारी बनाया है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

## प्रेमी से शादी पर जिद पर अड़ी किशोरी

पाली : सहजनवां थाना क्षेत्र की एक किशोरी प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी हुई है। सोमवार को वह उससे चोरी-छिपे शादी करने जा रही थी। इसकी जानकारी पीड़िता की मां को हुई तो वह थाने पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक सहजनवां अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

## जानलेवा हमले का आरोपित गिरफ्तार

**मुंडेरा बाजार** : चौरी चौरा थाना पुलिस ने जानलेवा हमला करने के आरोप में सोमवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। आरोपित विकास थाना क्षेत्र के थानाखास का रहने वाला है।

# जालसाजी से खरीदी भूमि, तीन पर मुकदमा

जासं, गोरखपुर : जालसाजी से भूमि खरीदने के आरोप में शनिवार को पीपीगंज पुलिस ने तीन व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के हरपुर गांव निवासी लक्ष्मण विश्वकर्मा पर आरोप है कि उसने गांव निवासी राजन सिंह, उनकी मां व भाभी से 8 सितंबर 2021 में 96 डिसमिल भूमि का बैनामा कराया। लक्ष्मण ने विक्रेताओं से बताया कि उसने बैनामे की कुल रकम 22 लाख रुपये भारतीय स्टेट बैंक की पीपीगंज शाखा के दो चेक के माध्यम से उनके खाते में भेज दिया है। इस पर भरोसा करके भूमि का बैनामा कर दिया गया। अगले दिन जब वह बैंक गए तो पता चला कि कोई धनराशि नहीं आई है। आरोपित ने जिस चेक संख्या का जिक्र किया था, उसमें सिर्फ 12 हजार रुपये हैं।

# मोबाइल चोर गिरोह के 11 सदस्य गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : बाजार व भीड़-भीड़ वाले क्षेत्र में घूमकर मोबाइल चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के सरगना समेत 11 सदस्यों को कैंट थाना पुलिस ने सोमवार की भोर में सरदार तिराहे पर गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से चोरी के 12 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त आटो व 72 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। पूछताछ में गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम पता चले हैं, जिनकी तलाश चल रही है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने सोमवार को बताया कि मोबाइल चुराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के शहर में सक्रिय होने की सूचना मिली थी। सर्विलांस सेल के साथ ही कैंट थाना पुलिस को तलाश में लगाया गया था। सोमवार की सुबह प्रभारी निरीक्षक कैंट थाना शशिभूषण राय व रेलवे चौकी प्रभारी अरुण सिंह ने सरदार तिराहे के पास घेराबंदी कर आटो सवार 11 संदिग्ध युवकों को पकड़ा। तलाशी में उनके पास से चोरी के मोबाइल फोन व स्मैक बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपितों की पहचान झारखंड, साहबगंज के तालझारी मेहतो निवासी शेखर कुमार, मिथुन महतो, नया टोला महराजपुर निवासी गोपाल महतो, तीन पहाड़ थाना क्षेत्र के तीन पहाड़ बाबूपुर निवासी मंतोष सिंह, राहुल महतो, वाराणसी के दुर्गाकुंड निवासी विक्रम चौहान, बिहार के वैशाली जिला स्थित फतेहपुर, राघोपुर चांदपुरा निवासी धर्म कुमार राय और बस्ती जिले के पुरानी बस्ती, पठान टोला निवासी मनीष कसौधन के रूप में हुई। झारखंड के रहने वाले तीन अन्य आरोपित नाबालिग हैं। चोरी व एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर दोपहर बाद आठ आरोपितों को कोर्ट और तीन नाबालिगों को किशोर न्यायालय में पेश किया गया।

**पूरे प्रदेश में करते हैं मोबाइल चोरी:** वाराणसी के दुर्गाकुंड का रहने वाला विक्रम चौहान गिरोह का सरगना है। उसने बताया कि गिरोह में शामिल 10 से 12 साल के लड़कों से वह लोग चोरी कराते हैं। पिछले दो साल से गोरखपुर के अलावा वाराणसी, प्रयागराज में चोरी की है। गोरखपुर में बस्ती के रहने वाले मनीष कसौधन के आटो से घूमकर वारदात करते थे। 75 से 100 मोबाइल चुराने के बाद गांव जाकर मोबाइल फोन को बेच देते हैं।

पकड़े गए आरोपित पिछले एक सप्ताह से गोरखनाथ थाना क्षेत्र के जटेपुर उत्तरी में स्थित धर्मशाला में रुके थे। आटो चालक मनीष भी हुमायूंपुर में कमरा लेकर रहता है।

# हत्यारोपित भाई व भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार करके भेजा जेल

**जागरण संवाददाता, पिपराइच :** हत्यारोपित भाई व भतीजे को पिपराइच थाना पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। हत्यारोपित व्यास मुनि शर्मा व उसका पुत्र विवेकानंद शर्मा पिपराइच थाना क्षेत्र के पिपरा मुगलान गांव के निवासी हैं। हत्यारोपितों की गिरफ्तारी सोमवार को थाना क्षेत्र के खड़राइच गांव स्थित पुलिया के पास से हुई है।

पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर उनके घर से कुल्हाड़ी, चाकू व भाला भी बरामद किया है। रविवार को पिपरामुगलान गांव में निर्माणाधीन मकान में लोहे का गेट लगाने के दौरान श्यामसुंदर शर्मा व उसके बड़े भाई व्यासमुनि शर्मा में मारपीट हो गई थी। व्यासमुनि ने धारदार हथियार से मझले भाई श्यामसुंदर का गला काट दिया था। इससे उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक की पत्नी रमावती देवी की तहरीर पर व्यासमुनि शर्मा, पत्नी पुष्पा तथा बड़ा बेटा विवेकानंद शर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था।

## ग्रामीणों ने रास्ता जाम किया

पिपराइच : श्याम सुंदर शर्मा की हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार की शाम साढ़े चार बजे कुसम्ही–पिपराइच मार्ग पर जाम लगा दिया। सीओ चौरी चौरा के आश्वासन पर घंटेभर बाद जाम समाप्त हुआ। आक्रोशित ग्रामीण हत्या आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने तथा अनाथ बच्चियों को 15 लाख रुपये की सहायता देने की मांग पर अड़े थे। सीओ अखिलानंद उपाध्याय ने स्वजन को आश्वस्त किया।

# स्टेशन पर बढ़ी फोर्स, अधिकारी कर रहे गश्त

**जासं. गोरखपुर** : अग्निपथ योजना के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों के साथ फोर्स सख्ती से पेश आएगी। जिले की पुलिस के अलावा आरपीएफ व जीआरपी हाई अलर्ट पर है। रेलवे स्टेशन परिसर के साथ ही आसपास व बस अड्डा पर सघन चेकिंग की जा रही है। आइजी आरपीएफ तारिक अहमद व एसपी रेलवे डा.अवधेश सिंह ने सोमवार को गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर गश्त की।



रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे आइजी आरपीएफ तारिक अहमद जवानों को दिशा निदेश देते हुए ● जागरण

सोमवार को बंदी की घोषणा को लेकर सुबह से ही जिले की फोर्स अलर्ट पर रही। थाना, चौकी प्रभारी के साथ ही हल्का दारोगा ने सिपाहियों के साथ अपने क्षेत्र के चौराहों पर गश्त की। स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील करने के साथ ही उपद्रव की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। रेलवे स्टेशन के अलावा कचहरी व रेलवे बस अड्डा पर भी फोर्स भ्रमणशील रही। एसपी रेलवे डा.अवधेश सिंह ने बताया कि गोरखपुर जंक्शन के अलावा अनुभाग के सभी स्टेशनों पर जीआरपी मुस्तैद है। ट्रेन रोकने, पथराव की कोशिश या धरना-प्रदर्शन करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# गैंगस्टर का आरोपित बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर : गैंगस्टर के आरोपित बदमाश को शाहपुर थाना पुलिस ने रविवार की रात घोषीपुरवा के पास गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक शाहपुर रणधीर मिश्रा ने बताया कि घोषीपुरवा के रहने वाले अजय गुप्ता पर छह मुकदमे दर्ज हैं। (जासं)

# अब खारिज दाखिल के लिए भी लोग यहां आने लगे : योगी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : मुख्यमंत्री के पास उन्हें आना चाहिए, जिन्हें पुलिस और प्रशासन के स्तर पर न्याय नहीं मिल रहा। अब जब दाखिल खारिज जैसे सामान्य मामले भी मुझ तक आने लगें तो यह अच्छी बात नहीं। प्रशासन को खुद की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने की जरूरत है। जनता दर्शन में दाखिल खारिज न किए जाने की समस्या लेकर आए कुछ लोगों ने जब समाधान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आवेदन पत्र दिया तो वह नाराज हो गए। आवेदन पत्र जिलाधिकारी को देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी समस्याएं जनता दर्शन तक हरगिज नहीं आनीं चाहिए। इसके लिए उन्होंने कमिश्नर को भी सहेजा।

दो दिवसीय दौरे पर रविवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री ने सोमवार की सुबह नियमित पूजा-अर्चना और गोसेवा के बाद गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में जनता दर्शन किया। करीब 700 लोग अपनी समस्या मुख्यमंत्री से कहने आए थे, जिनमें से 200 की समस्या उन्होंने सुनीं बाकी की समस्या मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलाधिकारी और एसएसपी ने सुनी। महिलाओं की संख्या और पुलिस व भूमि विवाद से जुड़े मामले हमेशा की तरह अधिक रहे। मुख्यमंत्री ने जिन लोगों की समस्या सुनी, उन्हें समाधान के लिए आश्वस्त किया। हत्या व दुष्कर्म के भी कुछ मामले थे, जिनके आरोपितों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो सकी। मुख्यमंत्री ने ऐसे मामलों में तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश एसएसपी को दिया। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री के साथ जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश, एसएसपी डा.विपिन ताडा, डीआइजी जे. रवींद्र गौड़ आदि मौजूद रहे।



गोरखनाथ मंदिर स्थित हिंदू सेवाश्रम में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● सौ. गोरखनाथ मंदिर

- **जनता दर्शन में खारिज दाखिल के मामले देख नाराज हुए मुख्यमंत्री**
- **सुनी 200 लोगों की समस्या समाधान के लिए किया आश्वस्त**

**विकलांग और गरीब हूं महाराज जी!**

**नौकरी चाहिए:** जनता दर्शन में बलिया के रहने वाले दिव्यांग अभयराज के पास मुख्यमंत्री समस्या जानने पहुंचे तो अभय की आंखें डबडबा गईं।

बोला, महाराजजी दिव्यांग होने के साथ-साथ मैं बहुत गरीब हूं। आइटीआइ कोर्स कर रखा है पर नौकरी नहीं मिल रही। कृपया इसकी व्यवस्था कर दीजिए। इस पर मुख्यमंत्री ने ढांढस बधाते हुए कहा कि हर भर्ती में दिव्यांग कोटा होता है, फार्म भरते रहिए, नौकरी जरूर मिलेगी।

**मुझे मेरी बकरी दिला दीजिए:** पीपीगंज की विमला देवी ने मुख्यमंत्री से ऐसी शिकायत की कि वह मुस्कुराए बिना नहीं रह सके। विमला ने बताया कि पड़ोसी ने उनकी बकरी मार दी है और घर का छज्जा भी तोड़ दिया है। पुलिस शिकायत सुन नहीं रही। मेरी बकरी चाहिए। मुख्ममंत्री ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### उप निरीक्षक भर्ती में गड़बड़ी की आई शिकायत

जनता दर्शन में आशीष सिंह नाम के एक युवक ने उप निरीक्षक भर्ती में गड़बड़ी की शिकायत की। उसका आरोप था कि जिनके नंबर कम थे, वह मेरिट में आ गए और ज्यादा वाले बाहर हो गए। मुख्यमंत्री ने गड़बड़ी की स्थिति में न्याय का भरोसा दिलाया।

**प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़झाला :** प्रधानमंत्री आवास में बिना निर्माण के ही डेढ़ करोड़ रुपये के भुगतान की शिकायत धर्मशाला बाजार के पूर्व पार्षद ने की। उनकी शिकायत की जांच का निर्देश मुख्यमंत्री ने कमिश्नर को दिया।

**गुरु पूजन कर की गोसेवा :** सोमवार को मुख्यमंत्री ने दिन की शुरुआत गुरु गोरक्षनाथ की पूजा-अर्चना से की। उसके बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधिस्थल पर जाकर उनका आशीर्वाद लिया। मंदिर भ्रमण के क्रम में वह गोशाला गए और वहां करीब आधे घंटे गोसेवा की। अपने श्वान कालू-गुल्लू के साथ कुछ समय बिताने के बाद वह जनता दर्शन के लिए पहुंचे। दोपहर ढाई बजे वह गोरखनाथ मंदिर से लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

## गैंगस्टर के आरोपित को कठोर कारावास

गोरखपुर : गैंगस्टर एक्ट का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर सुशील कुमार खरवार ने कैंट थाना क्षेत्र के महादेव झारखंडी निवासी विवेक विश्वकर्मा को दो साल पांच माह के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक घनश्याम सिंह एवं अखिलेश शुक्ल ने की। (जासं)

## अवैध असलहे के साथ पकड़े गए चोरी के तीन आरोपित

कुई बाजार : सिकरीगंज थाना पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने सोमवार को अवैध असलहे के साथ चोरी के तीन आरोपितों को पकड़ा है। आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के असौजी बाजार निवासी धनपत कसौधन, उरुवा थाना क्षेत्र के भिटहा के नवीन मिश्रा व बेलघाट थाने के भवनपुर के आबिद अली के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के भूमिधर तिराहे पर तीनों आरोपित मौजूद हैं। धनपत के पास से एक असलहा बरामद हुआ है। (जासं)

# चोरी का आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

गोरखपुर। सिकरीगंज पुलिस ने चोरी के आरोपी को तमंचे के साथ सोमवार को भूमिधर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान असौजी बाजार निवासी धनपत कसौधन, उरुवा के भिटहा निवासी नवीन मिश्रा और बेलघाट के भवनपुर निवासी आबीद अली के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया गया। ब्यूरो

# मोबाइल चोरों के गिरोह का भंडाफोड़, 11 गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। भीड़ वाले इलाकों से मोबाइल चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर पुलिस ने 11 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी के 12 मोबाइल फोन और 72 ग्राम स्मैक भी बरामद किया है। आरोपियों को कैंट पुलिस ने सरदार तिराहा से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपियों में से तीन नाबालिग हैं।

पुलिस लाइंस में सोमवार को एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। एसपी सिटी ने बताया कि मोबाइल चोरों के गिरोह के सक्रिय होने की सूचना पर पुलिस टीम को लगाया गया था। सर्विलांस सेल की मदद से कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय व रेलवे चौकी प्रभारी अरुण सिंह ने सरदार तिराहा के पास घेराबंदी कर ऑटो में सवार 11 संदिग्ध युवकों को पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी के मोबाइल फोन व स्मैक बरामद हुआ।

## पुलिस ने चोरी के 12 मोबाइल किए बरामद, आरोपियों को जेल भेजा गया

### इनकी हुई गिरफ्तारी

पकड़े गए आरोपियों की पहचान झारखंड, साहबगंज के तालझारी, मेहतो निवासी शेखर कुमार, मिथुन महतो, नया टोला महराजपुर निवासी गोपाल महतो, तीन पहाड़ थानाक्षेत्र के तीन पहाड़ बाबूपुर निवासी संतोष सिंह, राहुल महतो, वाराणसी के दुर्गाकुंड निवासी विक्रम चौहान, बिहार के वैशाली जिला स्थित फत्तेहपुर, राघोपुर चांदपुरा निवासी धर्म कुमार राय और बस्ती जिले के पुरानी बस्ती, पठान टोला निवासी मनीष कसौधन के रूप में हुई। झारखंड के रहने वाले तीन अन्य आरोपित नाबालिग हैं।

# गैंगस्टर के आरोपी को ढाई साल की सजा

गोरखपुर। गैंगस्टर एक्ट का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट सुशील कुमार खरवार ने कैंट थाना क्षेत्र के महादेव झारखंडी निवासी विवेक विश्वकर्मा को दो साल पांच माह के कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन का पक्ष विशेष लोक अभियोजक घनश्याम सिंह और अखिलेश शुक्ल ने रखा। ब्यूरो

# युवक की हत्या, पिता भाई के खिलाफ केस

## आम तोड़ने के विवाद में गुलरिहा इलाके के भगवानपुर गांव में हुई घटना

अमर उजाला ब्यूरो

भटहट (गोरखपुर)। गुलरिहा इलाके के भगवानपुर गांव के जैनपुर टोले में आम तोड़ने के विवाद में युवक सोलई (29) की पीटकर हत्या कर गई। मामले में मृतक की पत्नी की तहरीर पर पिता-भाई के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, भगवानपुर निवासी सोलई रविवार शाम घर के बरामदे में बैठे थे। वे पेड़ से पका दो आम तोड़कर खा रहे थे। आरोप है कि सोलई के पिता मोहित निषाद और भाई सुरेंद्र निषाद ने इस पर नाराजगी जताई। साथ ही पेड़ से सारा आम तोड़ने लगे। इस पर सोलई ने आपत्ति की। इससे तमतमाए पिता और भाई ने हमला बोल दिया और लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी।

सोलई को गंभीर चोटें आईं, फिर भी कोई अस्पताल नहीं ले गया। वह घायल अवस्था में ही घर पर पड़ा रहा। सोमवार तड़के उनकी मौत हो गई। इसके बाद पत्नी ने पुलिस को सूचना दी। गुलरिहा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने आरोपी पिता और भाई को हिरासत में लिया है। पत्नी किरन का आरोप है कि ससुर, देवर और जेठ ने पति को बेरहमी से पीटा था। उनके सीने पर भी चढ़ गए, जिससे उनकी मौत हो गई।

### शनिवार को कमाकर लौटे थे सोलई

**पत्नी** किरन ने बताया कि सोलई निषाद बेंगलूरू में पेंट पालिश का काम करते थे। शनिवार को ही वह घर आए थे। उनके तीन बच्चे (दो लड़की और एक लड़का) हैं। बेटियों की उम्र 5 और 3 साल है। वहीं, बेटा डेढ़ वर्ष का है।

आम तोड़ने को लेकर परिवार में मारपीट हुई। इसमें एक युवक की मौत हो गई। पत्नी की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी हिरासत में हैं।
– **उमेश बाजपेयी,** इंस्पेक्टर, गुलरिहा

### पहले भी हुआ रिश्तों का कत्ल

**19 जून 2022:** पिपराइच इलाके में जमीन विवाद में भाई ने ही श्यामसुंदर की हत्या कर दी।

**07 मई 2022 :** गुलरिहा क्षेत्र में छोटेलाल की पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर हत्या कर दी।

**17 फरवरी 2022:** गुलरिहा इलाके में बहन ने प्रेमी सूरज यादव के साथ मिलकर भाई इरशाद की हत्या कर दी।

**17 फरवरी 2022:** पिपराइच इलाके के चकिया गांव में नारदमुनि की पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर हत्या कर दी।

**28 अप्रैल:** पिपराइच के जंगल धूसड़ के पास पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या कर दी।

# लंबित मामलों का निपटारा जल्द करें : सीएम

## जनता दरबार में खारिज-दाखिल के कई मामले आए, मुख्यमंत्री योगी ने जताई नाराजगी

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में सोमवार को आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में जमीनों के खारिज-दाखिल का मामला भी पहुंचा। कई मामलों का निपटारा लंबे समय से नहीं हुआ था। इस पर मुख्यमंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई और लंबित मामलों का निपटारा प्राथमिकता पर करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता को बिना वजह दौड़ाने वाले अफसर व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। राजस्व अदालतें भी मामलों का निपटारा प्राथमिकता पर करें।हर मामले का निपटारा गुणवत्ता परक ढंग से किया जाए। इसकी सतत निगरानी होनी चाहिए।

जानकारी के मुताबिक, जमीनों की रजिस्ट्री के 45 दिन बाद खारिज-दाखिल की प्रक्रिया पूरी करनी होती है। मगर, सदर सहित कुछ अन्य तहसीलों में इस प्रक्रिया में देरी हो रही है। तत्कालीन डीएम विजय किरन आनंद से भी कई शिकायतें हुई थीं, लेकिन कोई खास असर नहीं पड़ा। लिहाजा, मामला मुख्यमंत्री के जनता दरबार में पहुंच गया।

**दर्शन-पूजन के बाद की गो सेवा:** मुख्यमंत्री योगी ने सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवावतारी गुरु गोरखनाथ का पूजन कर अखंड ज्योति का दर्शन किया। इसके बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर पहुंचे। यहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माथा टेक आशीर्वाद लिया। इसके बाद गोशाला गए। गायों को चना और गुड़ खिलाया। सेवादारों से उनके रखरखाव पर बातचीत की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।



जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी। अमर उजाला

### मुख्यमंत्री ने 135 फरियादियों को सुना

**मुख्यमंत्री** ने 135 फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को जल्द सभी का समाधान करने का निर्देश दिया। फरियादियों में सर्वाधिक संख्या महिलाओं की रही। कुछ फरियादियों ने पुलिस पर आरोपियों की गिरफ्तारी न करने संबंधी शिकायत की। इसपर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री सुबह 7:40 बजे से 8:15 बजे तक जनता दरबार में रहे, फिर गोरक्षपीठाधीश्वर कक्ष में चले गए। 500 बचे फरियादियों की समस्याओं को वहां मौजूद प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों ने सुना। इस दौरान एडीजी अखिल कुमार, कमिश्नर रवि कुमार एनजी, डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी विपिन ताडा, सीडीओ इंद्रजीत सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

### भू-माफिया जमीन पर कर रहे कब्जा

गीडा इलाके के भौवापार की रहने वाली रेशमा देवी ने भी शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाया कि भू-माफिया सरकारी पट्टे की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। निजी जमीन भी कब्जा कर रहे हैं। लेकिन, पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही। इसपर मुख्यमंत्री ने तत्काल अधिकारियों से मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### पीएम आवास का निर्माण कराए बगैर भुगतान

धर्मशाला बाजार के पूर्व पार्षद ने पीएम आवास में बगैर निर्माण कराए डेढ़ करोड़ रुपये के भुगतान की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कमिश्नर रवि कुमार एनजी को जांच कराके कार्रवाई के निर्देश दिए।

## जनता दरबार में आए ऐसे-ऐसे मामले

### फार्म भरिए नौकरी मिलेगी

बलिया के दिव्यांग अभयराज भी मुख्यमंत्री से मिलने आए। मुख्यमंत्री को देखते हुए अभयराज की आंखें डबडबा गईं। मुख्यमंत्री ने पूछा समस्या क्या है? तो उन्होंने कहा कि महाराज जी... नौकरी दिलवा दीजिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी भर्तियां निकल रही हैं, उनमें दिव्यांग कोटा होता है। सभी भर्तियों में दिव्यांगों को प्राथमिकता दी जाती है। आप फार्म भरिए, नौकरी जरूर मिलेगी।

### भर्ती में गड़बड़ी

आशीष सिंह ने सब इंस्पेक्टर की सीधी भर्ती में गड़बड़ी किए जाने की शिकायत की। उनका आरोप था कि जिनके नंबर कम थे, वे मेरिट में आ गए। जिनके नंबर ज्यादा थे वे बाहर हो गए। उन्होंने पूरे प्रकरण की जांच कराने की मांग की। मुख्यमंत्री ने न्याय का भरोसा दिलाया है।

### पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

पीपीगंज इलाके के रहने वाली विमला देवी ने बताया कि पड़ोसी से भूमि विवाद चल रहा है। पड़ोसियों ने बकरी मार दी और घर का छज्जा भी तोड़ दिया। शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई। गुजारिश की कि किसी बड़े अफसर से जांच करा जाए। मुख्यमंत्री ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# युवती के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

हरपुर बुदहट। इलाके से एक युवती के अपहरण के आरोपी को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवती को मुक्त कराकर मेडिकल के लिए भेजा गया है।

थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि सोनबरसा चौकी प्रभारी नवनीत नागर ने सूचना के आधार पर भीटी रावत के पास से आरोपी तुलसी को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

# 25 दरोगाओं का कार्यक्षेत्र बदला
# कई चौकी इंचार्ज भी बदले

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। एसएसपी ने कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एक इंस्पेक्टर समेत 25 दरोगाओं का कार्यक्षेत्र बदला है। अपराध शाखा में तैनात राजेश कुमार को कैंट थाने का अतिरिक्त निरीक्षक तैनात किया गया है। एसएसआई चिलुआताल रहे सोनेंद्र सिंह को एसएसआई गुलरिहा, यहां पर रहे अमित राय को चिलुआताल भेजा गया।

जटेपुर चौकी प्रभारी रहे संजय कुमार गुप्ता को एसएसआई राजघाट, सर्विलांस सेल से धीरेंद्र राय को जटेपुर चौकी प्रभारी बनाया गया है। राजेंद्र सिंह को सर्विलांस सेल प्रभारी, अभय कुमार को वीआईपी सेल से फर्टिलाइजर चौकी प्रभारी, संदीप कुमार चौधरी को फलमंडी चौकी प्रभारी, सुशील प्रसाद को बरगदवां चौकी प्रभारी, धर्मेंद्र जैन को पांडेयहाता चौकी प्रभारी, अजय कुमार को चिड़ियाघर चौकी प्रभारी, जितेश श्रीवास्तव को महुआडाबर चौकी प्रभारी, शैलेंद्र मिश्रा को उनवल चौकी प्रभारी, आशीष पांडेय को नौकायन चौकी प्रभारी, राजकुमारी शुक्ला को जेल रोड चौकी प्रभारी, रामानुज सिंह यादव को हड़हवा फाटक, कमलेंद्र सिंह को कैंपियरगंज थाना, विशाल शुक्ला को मछलीगांव चौकी प्रभारी, अरविंद यादव को कैंट से बेतियाहाता चौकी प्रभारी बनाया गया है।

### राजेश कुमार कैंट थाने के अतिरिक्त निरीक्षक बनाए गए

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म तीन पर केस

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तिवारीपुर निवासी एक युवक, उसकी बहन और पति के खिलाफ छेड़खानी, दुष्कर्म और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

दर्ज केस के मुताबिक, कोतवाली इलाके की एक युवती का आरोप है कि तिवारीपुर इलाके में उसकी एक दोस्त रहती थी। 2018 में उसकी जान पहचान उसके भाई से हो गई। उसने शादी का प्रस्ताव दिया और कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में युवक ने शादी से इनकार कर दिया। उसने एक वीडियो बना लिया था, जिसे अपने जीजा को दे दिया। जीजा ने भी छेड़खानी कर अश्लील हरकत की। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 21/6/22

# सेना की तैयारी कर रहे युवकों को सीओ ने अग्निपथ योजना के बताये फायदे

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** सरकार द्वारा युवाओं को सैन्य में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये अग्निपथ योजना का शुरूआत किया जा रहा है। अग्निपथ योजना को लेकर युवाओं में कहीं-कहीं आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। सेना में नौकरी की चाह रखने वाले युवा दिन रात मेहनत कर रहे हैं। सरकार के मुताबिक अग्निपथ योजना के द्वारा युवाओं को सेना में अग्निवीर के रूप में चार वर्ष नौकरी करने का अवसर मिलेगा। जिसे लेकर युवाओं में आक्रोश है। सोमवार के प्रातः रुद्रपुर क्षेत्राधिकारी जिलाजीत ने पुलिस फोर्स के साथ सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को सतासी इण्टर कालेज के मैदान में जाकर अग्निपथ योजना की जानकारी दी। सोमवार को नगर में पुलिस प्रशासन में नगर व क्षेत्र में काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं सुरक्षा की दृष्टिकोण से क्षेत्र मे नारायणपुर, पचलड़ी, रामलक्षन, मदनपुर, पकड़ीबाजार आदि चौराहों पर पुलिस के जवान गश्त करते दिखे।

राष्ट्रीय सहारा दि. 21/8/22

# पुलिस महकमे में व्यापक पैमाने पर फेरबदल

देवरिया(एसएनबी)। जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से नवागत एसपी संकल्प शर्मा ने पुलिस महकमे में व्यापक पैमाने पर फेरबदल किया है। इनमें 5 एसआई, 4 हेड कांस्टेबल व 18 कांस्टेबल को इधर से उधर किया गया है।

पुलिस लाइन में तैनात एसआई राजकुमार राम, रमाकान्त राय एवं हीरालाल राम को क्रमशः थाना कोतवाली, थाना तरकुलवा एवं थाना बघौचघाट भेजा गया है। जबकि थाना कोतवाली में तैनात एसआई संजय सिंह यादव एवं थाना तरकुलवा में तैनात संजय कुमार को पुलिस लाइन भेजा गया है। उधर पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल सुरेश चन्द्र एवं हेड कांस्टेबल विनय वर्मा को क्रमशः थाना कोतवाली एवं थाना रूद्रपुर में तैनात किया गया है। उधर थाना बरहज/थाना भलुअनी से सम्बद्ध रहे हे.कां. अखिलेश दूबे एवं थाना बरियारपुर में तैनात हे.कां. जगदीश प्रसाद को पुलिस लाइन भेजा गया है।

इसी प्रकार पुलिस लाइन में तैनात कां. सोमनाथ गुप्ता व का. शिवम सिंह को थाना बरियारपुर भेजा गया है। जबकि पुलिस लाइन में तैनात कां. विजय बहादुर को थाना भटनी भेजा गया है। जबकि पुलिस लाइन में तैनात कां. सज्जन चौहान एवं कां. अवनीश यादव को थाना तरकुलवा स्थानान्तरित किया गया है। इसी प्रकार थाना मदनपुर में तैनात कां. जैसुमन आशीष को अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थानान्तरित किया गया है।

थाना भाटपाररानी में तैनात कां. बृजेश सिंह यादव एवं कां. प्रदीप कुमार सिंह कुशवाहा को क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी कार्यालय स्थानान्तरित किया गया है। थाना सलेमपुर में तैनात कां. सोनू यादव को क्षेत्राधिकारी सलेमपुर कार्यालय स्थानान्तरित किया गया है। थाना मईल में तैनात कां. महेन्द्र यादव को क्षेत्राधिकारी कार्यालय बरहज स्थानान्तरित किया गया है। जबकि थाना गौरीबाजार में तैनात कां. श्रीकांत यादव को क्षेत्राधिकारी कार्यालय रूद्रपुर स्थानान्तरित किया गया है। यूपी-112 में तैनात कां. विनोद यादव को आईजीआरएस शाखा स्थानान्तरित किया गया है। जबकि यूपी -112/पुलिस बैण्ड में तैनात कां. आशीष कुमार वर्मा को एकीकृत जनशिकायत प्रकोष्ठ स्थानान्तरित किया गया है। इसी प्रकार थाना कोतवाली में तैनात कां. सुनील यादव, थाना भलुअनी में तैनात कां. दीपक कुमार मौर्य प्रथम व कां. शिवम सिंह, थाना तरकुलवा में तैनात कां. सर्वजीत पासवान एवं थाना कोतवाली में तैनात दिलीप कुमार यादव को पुलिस लाइन भेजा गया है।

राष्ट्रीय सहारा दि. 21/06/22

# भारत बंद को लेकर पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट



लार रोड़ स्टेशन पर उपजिलाधिकारी सीओ थानाध्यक्ष मयफोर्स मौजूद।

■ लार रोड।

सहारा न्यूज ब्यूरो

अग्निपथ योजना को लेकर युवाओं को आगजनी एवं किसी भी प्रकार की प्रदर्शन विरोध बाजारों व गांव नगर में न किये जाने को लेकर व भारत बन्द को लेकर पुलिस प्रशासन रेलवे स्टेशन व क्षेत्र मे अलर्ट देखी सोमवार को पुरे दिन क्षेत्र में आलाअधिकारियों व पुलिस के गाडियों के सायर से क्षेत्र गुजता रहा लार रोड़ रेलवे स्टेशन पर उपजिलाधिकारी बरहज गजेन्द्र कुमार,क्षेत्राधिकारी देवाआन्नद ,थानाध्यक्ष मईल अनिल कुमार मयफोर्स मुस्तैद दिखें वहीं मात्र दो गाड़ियों षक एक्सप्रेस व दादद एक्सप्रेस का का आवागम हुआ ट्रेने निरस्त होने से रेलवे आरक्षण काउंटर पर भीड़ लगी रही लोग अपना आरक्षण टिकट कैंसिल कराने में लगे रहे वहीं 45 आरक्षण टिकट लोगों ने कैंसिल करवाएं क्षेत्र में चारों तरफ शांति व्यवस्था बनी रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि० 21/6/22

# गंभीर धाराओं में 34 नामजद सहित 150 अज्ञात पर केस

**बरहज (एसएनबी)**। सरकार द्वारा प्रस्तावित अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के विरोध में रविवार को करीब ढ़ाई सौ की संख्या में उपद्रवियों ने आक्रोशित होकर लाठी, डण्डा, पत्थर, हथियार व झण्डा पोस्टर लेकर पुलिस पर हमला बोल दिया। सरकारी कार्य में बांधा पहुंचाने व सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान करने तथा धारा 144 सीआरपीसी का उल्लंघन करने के मामले में थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र की तहरीर पर पुलिस ने अजय कुमार यादव पुत्र स्व. राजू प्रसाद निवासी बैरिया तिवारी थाना बरहज, राजन यादव पुत्र तुलसी निवासी बनकटिया बरछौली, विपिन गोंड पुत्र हरिन्द्र गोंड निवासी परसिया तिवारी, सुजीत गुप्ता पुत्र त्रिवेणी गुप्ता निवासी जयनगर, विकास कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी बढ़ौना हरदो, अरविन्द साहनी पुत्र सोहन प्रसाद निवासी जयनगर, लालसाहब यादव पुत्र महेन्द्र यादव निवासी पचौहां, हिमांशु यादव पुत्र अनिल यादव निवासी मेहियवां, आकाश मिश्रा पुत्र प्रभुनाथ मिश्रा निवासी पिपराभुल्ली, भीम कुमार मौर्य पुत्र रामदेव निवासी कपरवार, नागेन्द्र यादव पुत्र अच्छेलाल निवासी लवरछी, बलिराम यादव पुत्र बृजबिहारी यादव निवासी मेहियवां, अजय यादव पुत्र रामजी यादव निवासी सोनाड़ी, पंकज कन्नौजिया पुत्र कैलाश कन्नौजिया निवासी बेलडाड़, अविनाश पुत्र रणधीर सिंह निवासी नौका टोला कपरवार थाना बरहज, आशीष मल्ल पुत्र संजय मल्ल निवासी महेन थाना मदनपुर, शिवम तिवारी पुत्र अजय तिवारी निवासी परसिया तिवारी थाना बरहज, दीपक यादव पुत्र स्व. रमाशंकर यादव निवासी परसिया तिवारी, गोलू यादव पुत्र कपिलदेव यादव निवासी लवरछी, आकाश यादव पुत्र विरेन्द्र यादव निवासी मेहियवां, निकेश यादव पुत्र अज्ञात निवासी मेहियवां, सुशील प्रजापति पुत्र अज्ञात निवासी बारादीक्षित, कमलेश यादव पुत्र अज्ञात निवासी विशुनपुरा, शुभम सोनकर पुत्र अज्ञात निवासी बारादीक्षित, लालू यादव पुत्र अच्छेलाल निवासी लवरछी, भूपेश यादव पुत्र अज्ञात, अमित यादव व शुभम यादव पुत्रगण बृजभान यादव, दुर्गेश यादव पुत्र अमेरिका यादव निवासी मेहियवां, राहुल यादव पुत्र अज्ञात, आकाश यादव पुत्र अज्ञात, विवेक यादव पुत्र अज्ञात, विशाल यादव उर्फ शिवानी पुत्र अज्ञात निवासी लवरछी, अंकित यादव पुत्र नत्थू यादव निवासी बढ़ौना हरदो थाना बरहज 34 नामजद व 70 से 80 अज्ञात लोगों के विरूद्ध मुकद्मा अपराध संख्या 147/22 की धारा 148, 149, 307, 504, 506, 341, 323, 332, 353, 427, 188 भारतीय दण्ड विधान व 7 क्रिमिनल एक्ट व 3/4 सार्वजनिक लोकसम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकद्मा दर्ज किया गया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 21/5/22

# मदनपुर में वायरल डाक्टर के अश्लील वीडियो के मामले में केस

मदनपुर(एसएनबी) । पिछले कुछ दिनों से मदनपुर में वायरल हो रहे एक डक्टर के अश्लील वीडियो का स्वतः संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मुकदमा कायम कर दिया है।विडियो की जांच और विवेचना के बाद पुलिस अग्रिम कार्यवाई करेगी।उधर खबर है कि वीडियो स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों के पास भी पहुच गया, जिसके बाद चर्चित डक्टर की जांच पड़ताल चल रही है।लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाई नही हुई है। जिसकी चर्चा क्षेत्र में खूब हो रही है। बता दे कि पिछ्ले कुछ दिनों से मदनपुर क्षेत्र में एक डक्टर का अश्लील वीडियो वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो में डक्टर एक लड़की को इंजेक्शन लगाने के बहाने अश्लील हरकत करते नजर आ रहा है। वीडियो में देखने से लड़की नाबालिक लग रही है।वीडियो मदनपुर में प्रैक्टिस कर रहे किसी डक्टर का बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया।लोग तरह तरह की बाते करने लगे थे।लोगो की माने तो मामले को पहले दबाने का बहुत प्रयास किया गया।लेकिन वीडियो के बड़े पैमाने पर वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया।यह मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद मदनपुर पुलिस भी हरकत में आ गयी।जिसके बाद एसओ मदनपुर ने स्वतः संज्ञान लेते हुए वीडियो के आधार पर 367ठ और 67 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा कायम करा दिया है। विवेचना के लिए भेजा गया है।जिसको नामित किया जाएगा,उनके द्वारा विवेचना की जाएगी।उसके बाद आगे की कार्यवाई की जाएगी।उधर खबर है कि यह मामला स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों के पास भी पहुच गया,जिसके बाद डक्टर की क्लिनिक की जांच की प्रक्रिया चल रही है।लेकिन विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्यवाई नही किए जाने की चर्चा लोग दबी जुबान कर रहे है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 21/06/22

# नहीं दिखा भारत बंद का असर

## शहर में चप्पे-चप्पे पर फोर्स रही तैनात






देवरिया : कलेक्ट्रेट व सुभाष चौक पर तैनात फोर्स व रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी। फोटो : एसएनबी

देवरिया(एसएनबी)। सेना में भर्ती के नये नियम अग्निपथ योजना को लेकर सोमवार को आहूत भारत बंद का असर जिले में नहीं दिखा। अग्निपथ योजना को लेकर जगह-जगह हो रहे आंदोलन के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सोमवार को शहर में चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात रही। एसपी संकल्प शर्मा ने स्वयं शहर में भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया।

शहर में कहीं कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए प्रशासन सोमवार को पूरी तरह से सतर्क रहा। शहर के हर महत्वपूर्ण स्थानों पर भारी तादात में पुलिस फोर्स की तैनाती की गयी थी। कलेक्ट्रेट, सुभाष चौक, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन आदि स्थानों पर पूरे दिन दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ भारी तादात में पुलिस फोर्स तैनात रही। उधर भारत बंद के आह्वान के मद्देनजर ट्रेनों को निरस्त किये जाने के चलते सदर रेलवे स्टेशन पर सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि इस दौरान रेलवे स्टेशन पर भारी तादात में फोर्स तैनात रही। उपजिलाधिकारी सदर सौरभ सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी शहर में भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने भी रेलवे स्टेशन एवं अन्य स्थानों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं मातहतों को शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था हेतु ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

गौरीबाजार प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय कस्बा में भारत बंद का असर नहीं दिखा। उधर पुलिस भी मुस्तैदी रही। बाजार प्रतिदिन की तरह गुलजार रहा। सुबह से ही गौरीबाजार के रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन सहित प्रत्येक चौक चौराहे पर पुलिस मुस्तैद रही। आंदोलन को देखते हुए कस्बा के विभिन्न जगहों के साथ गौरीबाजार रेलवे स्टेशन पर पुलिस की विशेष सक्रियता दिखी। गौरीबाजार के रामपुर चौराहे पर पहुंचे सीओ जिलाजीत व थानाध्यक्ष विपिन मलिक पुलिस के साथ आने जाने वाले वाहनों पर नजर रख रहे थे। युवाओं को रोक कर पूछताछ किया जा रहा था। आंदोलन को देखते हुए पेट्रोल पम्पों के मालिकों में भी भय व्याप्त था पर पुलिस की मुस्तैदी से सभी ने राहत की साँस लिया और प्रतिदिन की तरह बाजार गुलजार हो सका।



बरहज : रूट मार्च करते पुलिस बल के जवान। फोटो : एसएनबी

### सीओ एसडीएम ने पुलिस फोर्स के साथ रेलवे स्टेशन व स्कूलों का किया दौरा

बरहज (एसएनबी)। भारत बन्द के आह्वान व अग्निपथ योजना के उपद्रवियों से निपटने के लिए सोमवार को पुलिस प्रशासन काफी सतर्क रहा। नगर सहित भलुअनी, गड़ेर, कपरवार, पैना, मेहियवां, मईलं, नरसिंहडाड़, भागलपुर के अलावा रेलवे स्टेशन तथा स्कूल कालेज पर फोर्स तैनात रही। रविवार को नगर क्षेत्र में हुई घटना के बाद व्हाट्सप ग्रुप से सोमवार के दिन भलुअनी, गड़ेर, नरसिंहडाड़, मईल, भागलपुर में अग्निपथ योजना के विरोध में उपद्रवियों द्वारा प्रदर्शन करने की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी डा. गजेन्द्र .सिंह, क्षेत्राधिकारी देव आनन्द पुलिस फोर्स के साथ गांवों व चौक चौराहों पर कड़ी नजर रखते हुए रूट मार्च किया। पुलिस के सतर्क रहने के कारण सोमवार को तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत कहीं पर भी किसी प्रकार की घटना नहीं हुई। सोमवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के चौक चौराहों पर स्थित दुकानें पहले के जैसे खुली रही। भारत बन्द का कहीं भी असर नहीं दिखा। सीओ देव आनन्द ने कहा कि उपद्रव करने वाले लोगों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा। गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने युवाओं से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कहीं।

राष्ट्रीय सहारा दि. 21/08/22

# ग्राम प्रधान सहित 13 पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**बघौचघाट(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मोतीपुर गाव में शनिवार को हुई दो पक्षों के बीच मारपीट में एक 50 वर्षीया महिला की मौत हो गयी थी। मृतका के पति के तहरीर पर मुकामी पुलिस ने मोतीपुर के ग्राम प्रधान समेत 13 लोगों के खिलाफ हत्या और विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर 5 लोंगो को गिरफ्तार किया है। शनिवार को उक्त गांव निवासी अतिउल्लाह और शमशाद के परिवार के बीच जबरदस्त मारपीट हो गयी थी जिसमें एक पक्ष की 50 वर्षीया आयशा खातून की मौत हो गयी थी तथा आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। मृतका आयशा खातून के पति अतिउल्लाह के तहरीर पर पुलिस ने मोतीपुर निवासी कयामुद्दीन,उनकी पत्नी ग्राम प्रधान इशरत जहां, शमशाद, वसीम, अकरम, इमरान, नूरजहां, शाहजहां, जैदा,अबरातून, मोहिबुल्लाह, मोफिल और जियाउल तथा थाना क्षेत्र के रामपुर महुआबारी निवासी मसीउल्लाह के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 302, 323, 504, 452, 307, 308, 34, 506 और 120बी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस बावत पूछे जाने पर थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि शेष आरोपियों की तलाश जारी है शीघ्र ही सब गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

राष्ट्रीय सहारा दि. 21/6/22

# लेन-देन के विवाद में हुई थी वलिस्टर यादव की हत्या

**नेटुआबीर चौराहे पर दिन दहाड़े हुई हत्या का खुलासा**

**एसओजी व खामपार पुलिस ने किया घटना का पर्दाफाश**

**हत्या में प्रयुक्त असलहा व गाड़ी बरामद**

**घटना में संलिप्त 6 अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी**

देवरिया/ भाटपाररानी(एसएनबी)। जनपद के खामपार क्षेत्रान्तर्गत तलावर बुजुर्ग निवासी बलिस्टर यादव पुत्र स्व0 पूरन यादव जो अपनी नवनिर्मित दुकान के सामने खड़े थे कि अज्ञात अभियुक्तों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में मृतक बलिस्टर यादव के बड़े भाई वीर बहादुर यादव पुत्र स्व0 पूरन यादव की तहरीर के आधार पर थाना खामपार पर मु0अ0स0 120/2022 धारा 302,120ब,34 भादवि का अभियोग अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत करते हुए विवेचना की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि पुलिस ने जब मृतक के मोबाइल काल डिटेल को खंगाला तो कुछ नम्बर संदिग्ध मिले इन नम्बरों के जरिये इस हत्याकाण्ड के खुलासे में मदद मिली। पूछताछ हत्या की जो वजह सामने आयी उसमें बलिस्टर ने कई लोगों का रुपया बहोरवा के रहने वाले संजीव कुमार कुशवाहा के जरिए बीट क्वाइन में लगाया था। वे लोग अपना रुपया बलिस्टर से मांग रहे थे इस पर बलिस्टर भी रुपया वापसी के लिए संजीव कुशवाहा पर दबाव बनाने लगा था। इसे लेकर संजीव से उसका विवाद हो गया था। इसके बाद संजीव ने अपने दोस्त बादल के साथ शूटर नीतीश को पांच लाख की सुपारी देकर बलिस्टर की हत्या करा दिया।



बलिस्टर की हत्या के आरोप में पकड़े गये अभियुक्तों के साथ पुलिस अधीक्षक व पुलिस टीम। फोटो : एसएनबी

एसपी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया राजेश कुमार सोनकर के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी पंचमलाल के कुशल नेतृत्व में प्रभारी एसओजी देवरिया व थानाध्यक्ष खामपार मय पुलिस टीम द्वारा मुखबीर खास की सूचना पर दिनांक 20.06.2022 को उपरोक्त घटना में वांछित अभियुक्तगणों क्रमशः 01. नीतीश कुशवाहा पुत्र रामइकबाल कुशवाहा सा0 कड़सरवा बुजुर्ग थाना खामपार देवरिया 02. पंकज कुमार सिंह पुत्र श्याम बिहारी सिंह सा0 रतसिया कोठी थाना बनकटा जनपद देवरिया को परसौनी दीक्षित मन्दिर के पास से गिरफ्तार करते हुए इनके पास से घटना में प्रयुक्त 9 एमएम पिस्टल मय एक अदद जिन्दा कारतूस व सफेद अपाची मोटर साईकिल बरामद किया गया तथा इनके निशानदेही पर अल्टो कार के साथ पिंगारी की तरफ से चकिया कोठी की तरफ आते हुये 04 अभियुक्तगणों क्रमशः 1. भीम कुशवाहा पुत्र स्व0 राजाराम कुशवाहा सा0 रतसिया कोठी थाना बनकटा जिला देवरिया 2. संजीव कुमार कुशवाहा पुत्र स्व0 वृजकिशोर कुशवाहा साकिन बहोरवा थाना खामपार जनपद देवरिया 3. बादल कुशवाहा पुत्र प्रहलाद कुशवाहा साकिन भोपतपुरा थाना खामपार जनपद देवरिया व 4.अमरेन्द्र कुमार सिंह पुत्र स्व0 अयोध्या सिंह निवासी अहिरौली तिवारी थाना खामपार जनपद देवरिया को चकिया कोठी के पास गिरफ्तार करते हुए अभियुक्त बादल कुशवाहा उपरोक्त के पास से 315 बोर का एक अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। इस सम्बन्ध में थाना खामपार पर क्रमशः मु0अ0सं0 125/2022 धारा 3/25 आयुध अधिनियम व मु0अ0सं0 126/2022 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्र, उ0नि0 अनिल कुमार यादव एसओजी प्रभारी, उ0नि0 गोपाल प्रसाद, सादिक परवेज,अश्वनी कुमार सिंह, अविनाश मौर्य, धनन्जय श्रीवास्तव, शशिकान्त राय, सुदामा यादव, प्रशान्त कुमार शर्मा,मेराज अहमद, दिव्यशंकर राय,राहुल सिंह,विमलेश सिंह, सुधीर कुमार मिश्रा सर्विलांस सेल जनपद देवरिया प्रमुख रूप से शामिल रहे।

रा० सहारा दि० 21/6/22

# अलग-अलग घटनाओं में मारपीट केस

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अधरंगी में खेत के मेड़ के विवाद को लेकर हुए मारपीट में पुलिस ने वादी कन्हैया गिरी पुत्र स्व. सदाशिव गिरी के तहरीर पर जयप्रकाश गिरी, राकेश पुत्र स्व. लालजी गिरी, विवेक पुत्र जयप्रकाश, आरती पत्नी किशुन की मारपीट के धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के ग्राम सिलहटा में शौचालय तोड़ने की बात को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने कुसुम देवी पत्नी हरिश्चन्द्र सिंह निवासी सिलहटा के तहरीर पर उक्त गांव निवासी रामाश्रय पुत्र झकरी, भोलू पुत्र रामाश्रय, कमलावती पत्नी रामाश्रय, संगीता पत्नी भोलू सिंह निवासी सिलहटा के विरुद्ध मारपीट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं क्षेत्र के ग्राम अधरंगी में हुए विवाद में दूसरे पक्ष के तहरीर पर पुलिस ने राकेश गिरी पुत्र लालजी के तहरीर पर कन्हैया, सिन्टू पुत्र गण सदाशिव, गोधना पत्नी सदाशिव, आकाश पुत्र कन्हैया के विरुद्ध मारपीट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि. 21/6/22

# तीन पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

तरकुलवा। एक दिन पूर्व हुए मारपीट के एक मामले में तरकुलवा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

आरोप है कि उक्त तीनों आरोपियों ने रविवार को कंचनपुर के एक युवक के साथ मारपीट किया था।पीड़ित साबिर अंसारी पुत्र स्व.हामिद अंसारी की तहरीर पर पुलिस ने राजकुमार सिंह व विपिन सिंह पुत्रगण राम सागर सिंह सिन्टू पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम गोपालपुर तरकुलवा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान हि. 21/6/22

# जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जेल का निरीक्षण

देवरिया, निज संवाददाता। जनपद न्यायाधीश, डीएम व एसपी ने सोमवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जेल के बंदियों को बाहर निकलवाकर संघन चेकिंग कराई। इसके साथ बंदियों को इलाज और बच्चो को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने जेल के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अधिकारी 40 मिनट तक जिला कारागार का निरीक्षण किया।

जिला जज जयप्रकाश यादव, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा सोमवार को त्रैमासिक जिला कारागार निरीक्षण के लिए दो बजे के लगभग जेल पहुंचे। अधिकारियों की गाड़ी देख कर प्रभारी जेल अधीक्षक गेट खुलवाए। अधिकारी जेल पहुंचते ही बैरकों के तरफ चल दिए। बैरको में आराम कर रहे बंदियों को बाहर निकाला गया। इसके साथ पुलिस और अधिकारियों ने बैरक में बंदियों के सामानों की जांच कराई। लेकिन किसी के पास से कोई संदिग्ध सामान बारामद नहीं हुआ। बंदियों से अधिकारियों ने पूछताछ की। जहां किसी बंदी ने कोई शिकायत नहीं की। इसके बाद अधिकारियों ने महिला बैरक पहुंचे और अपनी मां के साथ बच्चों की विशेष देख भाल का निर्देश दिया। अधिकारियों ने पाकशाला तथा बैरकों की स्वच्छता पर संतोष जताया तथा निरंतर स्वच्छता बनाए रखने पर निर्देशित दिया। बंदियों हेतु मीनू के अनुसार पौष्टिक भोजन का निर्देश दिया। इस दौरान जिला कारागार अधीक्षक राजकुमार वर्मा, डिप्टी जेलर वंदना त्रिपाठी, वंदना, उप कारापाल के के दीक्षित, जेल चिकित्सक संजय गुप्ता, उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान दि. 21/6/22

# प्रयागराज व कानपुर दंगे के दो आरोपी पहुंचे देवरिया जेल

■ देवरिया लाया गया जावेद पंप प्रयागराज में हुए दंगा में था शामिल

■ कानपुर दंगे में आरोपी मोहम्मद नियाज को भी भेजा गया है देवरिया

देवरिया, निज संवाददाता। प्रयागराज में दंगा भड़काने के मास्टरमाइंड मो. जावेद उर्फ जावेद पंप और कानपुर के दंगे में आरोपी मो. नियाज को रविवार को देवरिया जेल में शिफ्ट कर दिया गया। शासन ने दोनों को देवरिया जेल शिफ्ट करने का निर्देश दिया था। दोनों जिलों की पुलिस अलग-अलग समय पर लेकर देवरिया जेल में पहुंची। दोनों को नए बने डबल स्टोरी तन्हाई बैरक में अलग-अलग रखा गया है।

प्रयागराज के करेली का रहने वाला मोहम्मद जावेद उर्फ जावेद पंप टूल्लू पंप बनाने का कार्य करता था। प्रयागराज (इलाहाबाद) में 10 जून को हुई हिंसा में मास्टरमाइंड के रूप में मोहम्मद जावेद उर्फ जावेद पंप का नाम आया था। आरोप है कि उसने जुमे की नमाज के बाद शहर के अटाला और करेली इलाके में पुलिस पर पथराव कराया था।

जुमे के दिन हुए हिंसा के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी जावेद पंप को गिरफ्तार कर नैनी जेल भेज दिया था। जहां पर उससे मिलने वालों की भीड़ बढ़ गई थी। यही नहीं जेल में गोलबंदी भी कर रहा था। इसे देखते हुए शासन ने जावेद पंप को देवरिया जिला कारागार शिफ्ट करने का निर्देश दिया। प्रयागराज की पुलिस टीम रविवार की देर शाम को जावेद को भारी सुरक्षा में लेकर देवरिया जिला कारागार पहुंची। पुलिस बंदी को जेल प्रशासन को सौंप कर रवाना हो गई।

वहीं 3 जून को कानपुर के बेकनगंज के चंद्रेश्वर हाता में जुमा के नमाज के बाद दंगा हो गया था। जिसमें पत्थरबाजी हुई थी। पुलिस ने दंगा फैलाने और पत्थरबाजी करने के आरोप में मोहम्मद नियाज को गिरफ्तार कर कानपुर जेल में रखा था। जहां से शासन ने उसे देवरिया जेल शिफ्ट करने का आदेश दिया।

> प्रयागराज और कानपुर से एक एक बंदी को देवरिया जिला कारागार रविवार को भेजा गया है। दोनों बंदियों को जेल में अलग-अलग रखा गया है। दोनों की विशेष निगरानी की जा रही है।
>
> **राजकुमार वर्मा**, प्रभारी जेल अधीक्षक, देवरिया

कानपुर पुलिस ने रविवार की सुबह मो. नियाज को देवरिया जिला कारागार पहुंचाया। दोनों दंगाईयों को जेल के डबल स्टोरी के तन्हाई बैरक में अलग-अलग रखा गया है। यहां उनसे कोई भी बंदी भी नहीं मिल पाएगा। दोनों बंदियों पर जेल प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दिया है।

हिन्दुस्तान दि. 21/6/22

# स्कूल व कोचिंग संचालकों को पुलिस ने दिया नोटिस

- अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन की देनी होगी पुलिस को सूचना
- धरना-प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस- प्रशासन की कवायद हुई तेज

रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद। अग्निपथ योजना के खिलाफ हो रहे धरना प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन ने कवायद तेज कर दी।

सोमवार को सभी चौक चौराहे पर भारी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। रामपुर कारखाना मुख्य चौराहा, डुमरी, गौरा आदि चौराहों पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए। इसके अलावा रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के सभी निजी प्राइवेट स्कूल और कोचिंग संचालकों को नोटिस तामील कराया गया। नोटिस तामिला के मुताबिक अग्निवीर बनने के खिलाफ हो रहे धरना प्रदर्शन के तैयारी की जानकारी पुलिस को देनी होगी। स्कूल और कोचिंग संचालकों से नाम और मोबाइल नंबर ले लिए गए हैं।

# रेलवे स्टेशन पर मुस्तैद रही पुलिस

भाटपाररानी, हिन्दुस्तान संवाद। अग्निपथ स्कीम को लेकर प्रदर्शन की सूचना पर सोमवार को रेलवे स्टेशन पर दिन भर पुलिस मुस्तैद रही। इस दौरान अधिकारी भी दल बल के साथ जमे रहे।

अधिकारी क्षेत्र में गतिविधियों के बारे में पल पल की खबरे लेते रहे। पुलिस की मुस्तैदी और अधिकारियों की सक्रियता से प्रदर्शनकारी गायब रहे।

भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन की सूचना को लेकर सोमवार को एडीएम प्रशासन कुवर पंकज, एडीशनल एसपी सोनकर, एसडीएम अरूण कुमार वर्मा, सीओ पंचमलाल के नेतृत्व में पूरे दिन पुलिस रेलवे स्टेशन पर तैनात रही। शांति व्यवस्था को लेकर दिन भर अधिकारियों की गाड़ी दौड़ती रही। हालांकि किसी अनहोनी की सूचना नहीं मिली।

हिन्दुस्तान दि. 21/6/22

# 5 दरोगा समेत 27 पुलिसकर्मियों का तबादला

**फेरबदल**

देवरिया, निज संवाददाता। जिले में तैनाती के बाद पुलिस अधीक्षक ने पहली बार पांच दरोगा समेत 27 पुलिस कर्मियों का तबादला किया है। जिसमें कुछ को थाने से लाइन भेजा है। वहीं कुछ लोगों को लाइन से थानों में तबादला किया है।

पुलिस अधीक्षक कंकल्प शर्मा ने रविवार कर देर शाम को पुलिस कर्मियों का तबादला किया। जिसमें पुलिस लाइन में तैनात दरोगा राजकुमार राम को सदर कोतवाली, रमाकांत राय को लाइन से तरकुलवा, हीरालाल राम को लाइन से बघौचघाट, सदर कोतवाली में तैनात संजय सिंह यादव और तरकुलवा में तैनात संजय कुमार को लाइन में भेजा है।

लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल सुरेश चन्द्र को कोतवाली, विनय वर्मा को रुद्रपुर, कांस्टेबल सोमनाथ गुप्ता, शिवम सिंह को बरियारपुर, विजय बहादुर को भटनी, सज्जन चौहान, अवनीश यादव को तरकुलवा, मदनपुर में तैनात कांस्टेबल जैसुमन आशीष को अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कांस्टेबल बृजेश सिंह यादव, प्रदीप कुमार सिंह कुशवाहा को भाटपाररानी से सीओ कार्यालय भाटपाररानी, सलेमपुर कोतवाली में तैनात सोनू यादव को क्षेत्राधिकारी कार्यालय सलेमपुर, कांस्टेबल महेन्द्र यादव को मईल से क्षेत्राधिकारी कार्यालय बरहज, श्रीकांत यादव को गौरीबाजार के सीओ कार्यालय रुद्रपुर, कांस्टेबल विनोद यादव को डायल 112 से आईजीआरएस शाखा, कांस्टेबल आशीष कुमार वर्मा को डायल 112 से एकीकृत जनशक्ति प्रकोष्ठ, कोतवाली में तैनात कांस्टेबल सुनील यादव को पुलिस लाइन, हेड कांस्टेबल अखिलेश दूबे और कांस्टेबलदीपक कुमार मौर्य प्रथम, कांस्टेबल शिवम सिंह को भलुअनी से लाइन में, तरकुलवा में तैनात कांस्टेबल सर्वजीत पासवान को लाइन, कोतवाली में तैनात दिलीप यादव को लाइन और बरियारपुर में तैनात हेड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद को लाइन में भेजा है।

# शौचालय तोड़ने की बात को लेकर मारपीट

रुद्रपुर। क्षेत्र के सिलहटा गांव में शौचालय तोड़ने की बात को लेकर मारपीट हो गई। मामले में पुलिस ने दो महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है। पुलिस को दी गई तहरीर में सिलहटा गांव की रहने वाली कुसुम देवी पत्नी हरिश्चन्द्र सिंह ने कही है शौचालय तोड़ने की बात को लेकर दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे एवं उसकी देवरानी को मारपीट कर घायल कर दिए।

# खेत के मेड़ को लेकर मारपीट, आठ नामजद

रुद्रपुर। क्षेत्र के अधरंगी गांव में सोमवार को खेत के मेड़ को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठियां चटकीं। जिसमें दोनों पक्ष के कई लोग घायल हो गए। मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष के चार-चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है।
एक पक्ष के कन्हैया गिरि पुत्र सदाशिव गिरि ने पुलिस को दी गई तहरीर में दूसरे पक्ष पर मारने पीटने का आरोप लगाया है।

# एक दर्जन पर हत्या का मुकदमा

बघौचघाट। महिला की पीट-पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। एक दर्जन आरोपियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। स्थानीय थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव में दो दिन पहले दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में एक एक महिला की मौत हो गई और तीन बुरी तरह घायल हो गये थे।

# होमगार्ड के दबाव में नहीं दर्ज हो रहा है केस

देवरिया। थाने में तैनात होमगार्ड के दबाव में मईल पुलिस पीड़ित का मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है। मईल थाना क्षेत्र के बलिया दक्षिण गांव के रहने वाले धनन्जय जायसवाल ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के एक व्यक्ति का भाई भूमि पर कब्जा कर रहे है। प्रार्थना पत्र देने पर कब्जा करने वाला का भाई थाने में होमगार्ड है।

हिन्दुस्तान दि. 21/6/22

## नेटुआबीर में 11 जून को हुई थी हत्या, मर्डर के लिए दी गई थी पांच लाख की सुपारी

# डेढ़ करोड़ के लेनदेन में हुई थी युवक की हत्या

**06** लोग पकड़े गए मास्टर माईंड व शूटर समेत

**02** दो असलहा कार और बाइक हुई बरामद

- पलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी दी
- खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये इनाम भी दिया गया

देवरिया, निज संवाददाता। बलिस्टर हत्याकांड का सोमवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। डेढ़ करोड़ के लेनदेन में यह वारदात हुई थी। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। एसपी ने बताया कि खुलासा करने वाली टीम को उनके स्तर से 25 हजार रुपए इनाम भी दिया गया है।

उन्होंने बताया कि खामपार थाना क्षेत्र के ततायर बुजुर्ग के टोला सेमरौना के रहने वाले बलिस्टर यादव (35) वर्ष पुत्र पूरन यादव खामपार थाना के नेटुआवीर चौराहे पर मकान का काम करवा रहा था। 11 जून की दोपहर में अपाची सवार दो बदमाश पहुंचे और बलिस्टर को गोली मार कर हत्या कर दिया। पुलिस ने मामले में मृतक के भाई बीरबहादुर की तहरीर पर अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की। पुलिस ने मृतक के मोबाइल काल डिटेल को खंगाला तो उसके कुछ जानने वाले के नम्बर संदिग्ध मिले। बलिस्टर ने



सोमवार को दबोचे गए हत्यारोपियों के साथ पुलिस टीम व घटना का खुलासा करते हुए एसपी संकल्प शर्मा।

कई लोगों का रुपया बहोरवा के रहने वाले संजीव कुमार कुशवाहा के जरिये बीट क्वाइन में लगाया था। लोग अपना रुपया बलिस्टर से मांग रहे थे। इस पर बलिस्टर भी संजीव से रुपया मांगने लगा। बैलिस्टर ने वर्ष 2017 में 17 लाख रुपये अलग -अलग लोगों से लेकर संजीव को दिया था। जो बढ़ कर डेढ़ करोड़ रुपया हो गया था। जिसमें से संजीव ने 35 लाख रुपये दे दिया था इसके बाद बलिस्टर शेष पैसा मांग रहा था। जिसको लेकर संजीव से उसका विवाद हो गया था। इसके बाद संजीव ने अपने दोस्त बादल के साथ शूटर से पांच लाख की सुपारी देकर बलिस्टर की हत्या करा दिया। एसओजी और पुलिस ने सोमवार को शूटर नीतीश कुशवाहा पुत्र रामइकबाल कुशवाहा निवासी कड़सरवा बुजुर्ग थाना खामपार और पंकज कुमार सिंह पुत्र श्याम बिहारी सिंह निवासी रतसिया कोठी थाना बनकटा जनपद देवरिया को परसौनी दीक्षित मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम में यह थे शामिल

बलिस्टर हत्याकांड के खुलासे में खामपार के थानेदार बृजेश कुमार मिश्र, एसओजी प्रभारी अनिल कुमार यादव, दरोगा गोपाल प्रसाद, सादिक परवेज, खामपार थाने के दरोगा अश्वनी कुमार सिंह, अविनाश मौर्य, एसओजह के हेड कांस्टेबल धनन्जय श्रीवास्तव, शशिकांत राय, खामपार थाने के हेडकांस्टेबल सुभाष सिंह, कांस्टेबल मनीष राय, अरविन्द कुशवाहा, दिलीप सिंह, भारतेन्दू राय, राजीव कुमार, अजय कुमार प्रथम, सौरभ सिंह व भारतेन्दू शामिल थे।

दैनिक जागरण दि. 21/6/22

# अब रेलवे ट्रैक से शव को हटाने में नहीं होगी देरी

- रेलवे यातायात व्यवस्था बाधित होने पर शासन ने लिया संज्ञान
- शव को हटाने के लिए स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर का रखना होगा ध्यान

जागरण संवाददाता, देवरिया: रेलवे ट्रैकों से शव हटाने में देरी के कारण अक्सर रेलवे यातायात प्रभावित होता है, जिसके चलते यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शासन ने इसे संज्ञान लिया है। स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर अपनाने पर जोर दिया है, ताकि रेलवे ट्रैकों से शवों को जल्द हटाया जा सके।

रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना मिलने पर आरपीएफ, जीआरपी व यूपी 112 या अन्य किसी माध्यम से इसकी जानकारी होने पर जनपदीय थाने या जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक, उपनिरीक्षक मौके पर पहुंचेंगे। घटनास्थल को संरक्षित करते हुए साक्ष्य के रूप में शव की फोटोग्राफी व वीडियो रिकार्डिंग कराएंगे। पंचनामा व विधिक कार्रवाई पूरी करेंगे। रेलवे ट्रैक से शव को हटाने की शीघ्र कार्रवाई करेंगे, जिससे ट्रेनों के संचालन में बाधा उत्पन्न न हो।

यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई महत्वपूर्ण साक्ष्य नष्ट न हो और न ही छूटने पाये। आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक रेलवे ट्रैक के किनारे जनपदीय पुलिस थानों के सीमा क्षेत्र स्पष्ट रूप से चिह्नित करेंगे, जिससे भविष्य में घटना के संबंध में सीमा विवाद उत्पन्न न हो।

इसके लिए रेलवे, आरपीएफ, स्थानीय पुलिस प्रत्येक माह में कम से कम एक बार नियमित रूप से बैठक करेंगे। यदि ऐसी कोई सूचना डायल-112 पर प्राप्त होती है तो अपर पुलिस महानिदेशक 112 ऐसी सूचना को उच्च प्राथमिकता प्रदान करेंगे। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे कि तत्काल संबंधित थानाध्यक्ष व उनके उच्चाधिकारियों को जानकारी हो जाए। यदि जीआरपी थाने व चौकियां छह किलोमीटर से अधिक दूरी पर है। ट्रेनों के रन ओवर के मामले को देखते हुए देरी की स्थिति में जनपदीय पुलिस से शव को हटाने के संबंध में कार्रवाई करने का अनुरोध करेंगे। समन्वय के लिए जनपदीय पुलिस व जीआरपी में नोडल अधिकारी भी नामित किए जाएंगे।

> रेलवे ट्रैक से शव को हटाने का कार्य पुलिस समय से करती है। शासन की तरफ से इस संबंध में दिशा निर्देश मिले हैं, जिसका अनुपालन किया जाएगा।
>
> **श्रीयश त्रिपाठी**, सीओ सदर

दैनिक जागरण दि. 21/6/22

# अग्निपथ का विरोध करने वाले 18 गए जेल

## बरहज में हुए उपद्रव को लेकर पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चार टीम ने दी दबिश

जागरण संवाददाता, बरहज : अग्निपथ योजना के विरोध के दौरान बरहज नगर में हुए बवाल के मामले में पुलिस ने 18 आरोपितों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय पेश किया, जहां से इन्हें जेल भेज दिया गया। उधर फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें लगातार दबिश दे रही है। पुलिस की दबिश के चलते अधिकांश युवा घर छोड़ फरार हैं।

अग्निपथ योजना के विरोध के दौरान बरहज नगर में तोड़फोड़ व पुलिस पर पथराव करने वालों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र की तहरीर पर अब 34 नामजद आरोपित हो गए हैं। जिसमें अजय कुमार निवासी बैंरिया तिवारी, राजन यादव निवासी बनकटिया बरछौली, विपिन गौड़ निवासी परसिया तिवारी, सुजीत गुप्ता निवासी जयनगर, विकास कुमार निवासी बढ़याहरदो, अरविंद साहनी निवासी जयनगर, लाल साहब यादव निवासी पचौहा, हिमांशु यादव निवासी में मेंहियवा, आकाश मिश्रा निवासी पिपराभुल्ली, भीम कुमार मौर्य निवासी कपरवार, नागेंद्र यादव निवासी लवरछी, बलिराम यादव निवासी मेंहियवा, अजय यादव निवासी सोनाड़ी, थाना भलुअनी, पंकज कनौजिया निवासी बेलडाड़, अविनाश निवासी नौकाटोला कपरवार, आशीष मल्ल निवासी मोहन थाना मदनपुर, शिवम तिवारी निवासी परसिया तिवारी, दीपक यादव निवासी परसिया तिवारी, गोलू यादव निवासी लवरछी, आकाश यादव निवासी मेंहियवा, निकेश यादव निवासी मेंहियवा, सुशील प्रजापति निवासी बारा दीक्षित, कमलेश यादव निवासी बिशुनपुरा, शुभम सोनकर निवासी बारा दीक्षित, लालू यादव निवासी लवरछी, भूपेश यादव, अमित यादव, शुभम यादव, दुर्गेश यादव निवासीगण मेंहियवा, राहुल यादव, आकाश यादव, विवेक यादव, विशाल यादव उर्फ शिवानी निवासीगण लवरछी, अंकित यादव निवासी बढ़याहरदो शामिल हैं। जबकि अज्ञात की पहचान पुलिस कर रही है। जल्द ही उनका भी नाम मुकदमे में नामजद के रूप में शामिल कर दिया जाएगा।

**इन्हें पुलिस ने भेजा जेल :** अजय कुमार, राजन यादव, विपिन गौड़, सुजीत गुप्ता, विकास कुमार, अरविंद साहनी, हिमांशु यादव, आकाश मिश्र, भीम कुमार मौर्या, नागेंद्र यादव, बलिराम यादव, अजय यादव, पंकज कनौजिया, अविनाश, आशीष मल्ल, शिवम तिवारी, दीपक यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया, न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

**भारत बंद को लेकर सतर्क रहा प्रशासन :** बरहज में सोमवार को अग्निपथ योजना के विरोध में भारत बंद के आह्वान को देखते हुए बरहज प्रशासन सतर्क रहा। रेलवे स्टेशन, इंटर कालेजों, सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा बल तैनात रहे।

**पहले से थी तोड़फोड़ की योजना :** रविवार को विरोध के लिए बड़ी संख्या में युवा राजनगर होते हुए पैना रोड पर पहुंचे थे। शामिल युवाओं में सभी गमछा से अपना चेहरा ढके हुए थे। जिससे की उनकी पहचान आसानी से ना हो सके। विरोध प्रदर्शन के दौरान चेहरा छुपा कर आने की कोई परंपरा नहीं रही है। लोगों में इस बात को लेकर चर्चा है कि चेहरा गमछा से छुपा कर आए युवा पहले से ही तोड़फोड़ करने की नियत बनाकर आए थे। यही कारण था कि रेलवे स्टेशन से राजनगर पहुंचे और राजनगर से सीधे पैना रोड होते हुए पेट्रोल पंप पर आ धमके। पुलिस पर पथराव की और पेट्रोल पंप पर जमकर तोड़फोड़ किए।

**बवाल करने वालों का फोटो जारी :** बरहज में बवाल के दौरान उग्र होने वाले युवाओं की फोटो पुलिस ने जारी कर दिया है, साथ ही लोगों से भी उनकी पहचान करने की मांग की है। बवाल के दौरान सीसी कैमरे में कैद फुटेज को भी पुलिस ने सुरक्षित कर लिया है।



बवाल करने वालों को गिरफ्तार कर जेल भेजती बरहज पुलिस • जागरण



आरोपितों को न्यायालय में पेश करने के लिए ले जाती पुलिस • जागरण

### पुलिस ने वीडियो से तैयार कराई उपद्रवियों की तस्वीर

जासं, देवरिया : अग्निपथ योजना के विरोध में सदर रेलवे स्टेशन पर उपद्रव करने वालों की पहचान करने में पुलिस जुटी है। बवाल के दौरान पुलिस ने उन्हें वीडियो में कैद किया है, जिसके माध्यम से तस्वीरें तैयार की गई हैं। पुलिस ने अब तक करीब 30 से अधिक युवाओं की पहचान कर ली है। उनके स्वजन से संपर्क कर हिदायत दी है। 17 जून को युवाओं के हुजूम ने शहर में पांच घंटे तक बवाल किया। सदर रेलवे स्टेशन पर करीब ढाई घंटे तक उत्पाद मचाया। रेलवे ट्रैक से लेकर प्लेटफार्म व परिसर में धमाचौकड़ी जारी थी। पुलिस, जीआरपी व आरपीएफ को मशक्कत करनी पड़ी। एसपी कार्यालय के सामने प्रदर्शन के दौरान एसपी संकल्प शर्मा को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने उपद्रवियों की तस्वीरें तैयार की हैं। जिसे सभी सर्किल के थानों को भेजा गया है। बीट पुलिस अधिकारियों के माध्यम से उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र में छह युवाओं की पहचान की गई है। इसके अलावा भाटपाररानी, रुद्रपुर, बरहज सर्किल की पुलिस ने भी युवाओं की पहचान में जुटी है। आम लोगों से भी उपद्रवियों की पहचान तस्वीरों के जरिये कराई जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सोनकर ने बताया कि उपद्रवियों की पहचान कराई जा रही है। करीब पांच की पहचान की गई है।

दैनिक जागरण दि 21/6/22



सलेमपुर कोतवाली में युवाओं को समझाते पुलिसकर्मी • जागरण

# जिले में ग्राम सुरक्षा समितियों को किया गया सतर्क

**जासं, देवरिया**: अग्निपथ योजना को लेकर चल रहे बवाल के बीच पुलिस विभाग गांव की हर गतिविधियों पर नजर रखने लगा है। अब ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय करते हुए सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। यह गांव के युवाओं की हर गतिविधि पर नजर रखेंगे और कोई भी गतिविधि गलत नजर आने पर सीधे पुलिस को जानकारी देंगे। उधर विशेष पुलिस अफसरों को भी युवाओं को समझाने की जिम्मेदारी दी गई है।

अग्निपथ योजना के विरोध में हर दिन युवा सड़क पर उत्तर रहे हैं और प्रदर्शन कर रहे हैं। कभी रेलवे ट्रैक तो कभी सड़क जाम कर अपना विरोध जता रहे हैं। बरहज में हुए बवाल के बाद पुलिस अधिकारी ज्यादा गंभीर हो गए हैं। गांव के युवाओं के हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए ग्राम सुरक्षा समिति एक बार फिर सक्रिय कर दी गई है। यह गांव के युवाओं की हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। साथ ही उन्हें समझाने का प्रयास भी हर दिन करेंगे। जिले में 1185 ग्राम सुरक्षा समिति इन दिनों सक्रिय है।

- **गांव के युवाओं की हर गतिविधि पर नजर रखने का निर्देश**
- **कोई भी गतिविधि होने पर सीधे पुलिस को जानकारी देने का निर्देश**

## भोर में ही युवाओं के पास पहुंच रहे पुलिसकर्मी

युवाओं को अग्निपथ योजना के बारे में जानकारी देने व उन्हें समझाने का निर्देश पुलिस कर्मियों को दिया गया है। सिपाही भोर में ही थाने से निकल जा रहे हैं और जहां युवा तैयारी करते हैं, वहां पहुंच कर उनके साथ बैठक कर रहे हैं। साथ ही उन्हें बवाल न करने के लिए समझाने के साथ ही योजना के बारे में जानकारी दे रहे हैं। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश के बाद जनपद के सभी थाने की पुलिस सक्रिय हो गई है।

दैनिक जागरण दि. 21/6/22

# इंटरनेट मीडिया पर अफवाह, दौड़ती रही पुलिस

**जासं, भाटपाररानी**: इंटरनेट मीडिया पर अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन का पोस्ट वायरल होने के बाद सोमवार को पुलिस चौकस रही। सुबह से ही स्टेशन परिसर सहित उपनगर पुलिस छावनी में तब्दील रहा। एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज व एएसपी डा. राजेश सोनकर रेलवे स्टेशन पहुंचे व स्थिति का जायजा लिया। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस मुस्तैदी से लगी रही।

स्टेशन परिसर में एसडीएम अरुण वर्मा, सीओ पंचमलाल मय फोर्स सुबह से ही जमे थे। उपनगर में रतसिया मोड़ से लेकर बेलपार पंडित तिराहे तक पुलिस पैदल मार्च करती रही।



भाटपाररानी स्टेशन पर मौजूद एडीएम प्रशासन कुवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक डा.राजेश सोनकर (बाएं) • जागरण

दैनिक जागरण दि० 21/6/22



सदर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकले सदर एसडीएम सौरभ सिंह • जागरण



सदर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक सुधाकर उपाध्याय से जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा • सौ. पुलिस

# जनपद में भारत बंद बेअसर, सुरक्षा रही चौकस

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** जनपद में अग्निपथ योजना के विरोध में सोमवार को भारत बंद का कोई असर नहीं दिखा। जनपद के सभी स्थानों पर दुकानें खुली रहीं। युवाओं की तरफ से कहीं से भी प्रदर्शन किए जाने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस, पीएसी व मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। पुलिस किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए तैयार रही। वाहनों व ट्रेनों की जांच की गई।

भारत बंद को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट रहा। भोर से ही शहर के सभी सार्वजनिक स्थानों के अलावा जनपद के देवरिया सदर, बैतालपुर, गौरीबाजार, नूनखार आदि जगहों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस बल तैनात रहा। सदर रेलवे स्टेशन पर एसपी संकल्प शर्मा, एसडीएम सदर सौरभ सिंह, सीओ श्रीयश त्रिपाठी आदि ने पैदल मार्च किया। एसपी ने जीआरपी व आरपीएफ के लोगों से जानकारी ली। वह जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पूरे दिन भ्रमणशील रहे। अन्य अधिकारी भी चौकसी में लगे रहे। जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए आजमगढ़ से एक कंपनी (तीन प्लाटून) पीएसी मंगाई गई है। जनपद में डेढ़ प्लाटून पीएसी पहले से तैनात है। शहर के सुभाष चौक, रोडवेज गेट, स्टेडियम, कलेक्ट्रेट गेट, जिला अस्पताल आदि जगहों पर पीएसी तैनात की गई है।

## बसों की कमी से यात्रियों को उठानी पड़ी परेशानी

**जासं, देवरिया:** भारत बंद के आह्वान को लेकर रोडवेज प्रशासन सोमवार को सतर्क रहा। सुबह बसें रोक-रोक कर चलाई गईं, जिसके चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि दस बजे के बाद सामान्य स्थिति में बसों का संचालन शुरू हो गया। जिसकें बाद यात्रियों को राहत मिली।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के देवरिया डिपो में 112 अनुबंधित व 65 निगम की बसें संचालित होती हैं। इन दिनों अग्निपथ योजना को लेकर हर तरफ हंगामा मचा हुआ है। इस बीच भारत बंद का .2किया था। जिसके चलते रोडवेज प्रशासम सोमवार को सतर्क रहा। सुबह के समय में बसों को रोक-रोक कर चलाया गया। दस बजे तक सलेमपुर से आने वाली कुछ बसों का देवरिया तक ही टिकट बनाया जा रहा था। ताकि कहीं रास्ते में दिक्कत हो तो बसों का संचलन रोका जा सके।



बस में चढ़ने के लिए लोगों को करनी पड़ी मशक्कत • जागरण

बसों के रोक-रोक कर चलने के चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दस बजे के बाद बसें पुरानी स्थिति में संचालित होने लगी। वरिष्ठ केंद्र प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया ऐसे किसी चालक व परिचालक को इस तरह से संचलन को तो नहीं कहा गया था, लेकिन सतर्कता के साथ संचलन करने का निर्देश दिया गया था। कहीं कोई दिक्कत नहीं हुई है। सभी बसें डिपो की आज सड़क पर रही।

# 12 लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग गांवों मारपीट के मामले में पुलिस ने बारह लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। अधरंगी गांव के रहने वाले कन्हैया गिरि को मेड़ काटने के मामले में मारपीट के मामले में जयप्रकाश गिरि, राकेश विवेक, आरती के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। अधरंगी गांव के दूसरे पक्ष के राकेश गिरि की तहरीर पर कन्हैया गिरि, सिंटू गिरि, गोधना देवी, आकाश गिरि के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। सिलहटा गांव की रहने वाली कुसुम देवी पत्नी हरिश्चंद्र सिंह को शौचालय तोड़ने से मना करने पर गाली देने और मारने के मामले में रामाश्रय, भोलू, कमलावती, संगीता के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 21/6/22

# दो दारोगा व सात सिपाही लाइनहाजिर

**जासं, देवरिया**: जनपद में तैनात 27 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण किया गया है, जिसमें दो दारोगा व सात सिपाही लाइन हाजिर किए गए है। यह आदेश एसपी संकल्प शर्मा ने रविवार की रात जारी किया। सदर कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक संजय सिंह यादव व थाना तरकुलवा में तैनात उप निरीक्षक संजय कुमार को लाइनहाजिर किया गया। इनके अलावा सदर कोतवाली के सिपाही सुनील यादव, बरहज के अखिलेश दूबे, भलुअनी के दीपक कुमार मौर्य प्रथम व शिवम सिंह, तरकुलवा के सर्वजीत पासवान, सदर कोतवाली के दिलीप कुमार यादव, बरियारपुर के दीवान जगदीश प्रसाद को लाइनहाजिर किया गया।

पुलिसलाइन में तैनात उप निरीक्षक राजकुमार राम को सदर कोतवाली, रमाकांत राय को थाना तरकुलवा, हीरालाल राम को थाना बघौचघाट के लिए स्थानांतरित किया गया है।

दैनिक जागरण दि. 21/06/22

# बलिस्टर हत्याकांड का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार

## मास्टर माइंड संजीव ने लेन-देन के विवाद में रची साजिश, शूटर ने पांच लाख रुपये में ली थी सुपारी

**जागरण संवाददाता, देवरिया :** करीब डेढ़ करोड़ रुपये के लेनदेन के विवाद में भाड़े के शूटर नीतीश कुशवाहा ने बलिस्टर यादव की हत्या की थी। उसने मास्टर माइंड संजीव कुशवाहा से पांच लाख रुपये में सुपारी ली थी, जिसमें एक लाख रुपये एडवांस में उसे मिल गए थे। पुलिस ने शूटर समेत छह आरोपितों को गिरफ्तार किया। उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एसपी संकल्प शर्मा ने सोमवार को पुलिस लाइंस के प्रेक्षागृह में आयोजित प्रेसवार्ता में घटना के पर्दाफाश की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि खामपार थाना क्षेत्र के ततयर बुजुर्ग के रहने वाले बलिस्टर यादव पुत्र स्व. पूरन यादव की गत 11 जून को दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के समय बलिस्टर नेटुआवीर चौराहे पर अपने नवनिर्मित दुकान के सामने खड़े थे। मृतक के बड़े भाई वीर बहादुर यादव की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ।



पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में हत्याकांड का पर्दाफाश करते पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा व (पीछे खड़े) छह आरोपित • जागरण

सोमवार को पुलिस ने खामपार के कदसराव बुजुर्ग निवासी शूटर नीतीश कुशवाहा पुत्र राम इकबाल कुशवाहा, बनकटा के रतसिया कोठी निवासी पंकज सिंह पुत्र श्याम बिहारी सिंह को परसौनी दीक्षित मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। उनके पास से घटना में प्रयुक्त नाइन एमएम पिस्टल व एक जिंदा कारतूस, सफेद अपाचे (बाइक) बरामद किया। हत्या की साजिश में शामिल चार अन्य आरोपित बनकटा के रतसिया कोठी निवासी भीम कुशवाहा, खामपार के बालेसरा निवासी मास्टर माइंड संजीव कुशवाहा व खामपार के भोपतपुरा निवासी बादल कुशवाहा, खामपुर के अहिरौली तिवारी निवासी अमरेंद्र सिंह को आल्टो कार के साथ चकिया कोठी के पास से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपित बादल कुशवाहा के पास 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस मिला। अभी तक बाइक चलाने वाला बदमाश पुलिस के हाथ नहीं लगा है। पुलिस ने उसकी पहचान कर ली है। घटना के समय उपयोग में लाए गए टीशर्ट भी पुलिस ने बरामद किया।

### क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के लिए दिए थे रुपये

मृतक बलिस्टर यादव ने मास्टर माइंड संजीव कुशवाहा को क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के लिए 2017 में लाखों रुपये दिए थे। मृतक के मुताबिक वह रुपये करीब 1.50 करोड़ रुपये हो गया था, लेकिन संजीव ने दो बार में 18 व 17 लाख यानी कुल 35 लाख रुपये ही लौटाए। साथ ही मुसैला चौराहे पर भूमि बैनामा कराया। बलिस्टर शेष रुपये की मांग कर रहे थे, जिसको लेकर कई बार विवाद हुआ था।

दैनिक जागरण दि. 21/6/22

# सपा नेता ने किया न्यायालय में समर्पण, गया जेल

**विधि संवाददाता, देवरिया :** चेंक बाउंस के मामले में सोमवार को सपा नेता ने न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या 12 की अदालत में आत्मसमर्पण किया, जहां से न्यायालय ने जेल भेज दिया। बनकटा थाना क्षेत्र के ग्राम कारेकाट का रहने वाला अभिजीत यादव सपा नेता हैं, चेक बाउंस मामले में मुकदमा चल रहा है, कई तारीख से सपा नेता उपस्थित नहीं हो रहा था। इस मामले में आरोपित के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी हो गया था। सोमवार को अभिजीत ने न्यायालय में समर्पण किया किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**बनकटा थाना क्षेत्र के ग्राम कारेकाट का रहने वाला हैं सपा नेता अभिजीत यादव, चेंक बाउंस का था मामला**

दैनिक जागरण दि. 27/6/22

## आठ लोगों का शांतिभंग में चालान

रामपुर कारखाना : पुलिस ने विभिन्न गांवों में हुई मारपीट के मामले में आठ लोगों का शांतिभंग में चालान किया है, जिसमें मुंडेरा उर्फ देउरवा के भीम प्रसाद, विंदवलिया के राजेंद्र कुशवाहा, मुंडेरा उर्फ बलुआही की पुष्पा देवी, रीमा कुमारी, भीखमपुर के बजरंगी प्रसाद तथा मुंडेराउर्फ देउरवा के भीम प्रसाद शामिल हैं। (जासं)

## मारपीट को लेकर तीन लोगों पर मुकदमा

तरकुलवा : मारपीट के मामले में पुलिस ने रविवार को तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के कंचनपुर चौराहे के निकट यह घटना हुई थी। कंचनपुर के रहने वाले पीड़ित साबिर अंसारी पुत्र स्व . हमीद अंसारी की तहरीर पर पुलिस ने गोपालपुर के रहने वाले राजकुमार सिंह, विपिन सिंह, सिंटू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 21/06/22

# मकान के विवाद में किन्नरों ने किया हंगामा

जासं, देवरिया: मकान पर मालिकाना हक को लेकर किन्नरों के दो गुटों ने सदर कोतवाली परिसर में सोमवार को हंगामा किया। पुलिसकर्मियों ने समझा बुझाकर उन्हें शांत किया। दोनों पक्ष मकान पर अपना-अपना दावा ठोक रहे थे।

शहर के चकियवां ढाला के पास किन्नरों के गुरु ने मकान बनाया था। उनकी मृत्यु के बाद मकान पर किन्नरों के दो गुट अपना-अपना दावा कर रहे हैं। इसको लेकर दोनों गुटों में विवाद हो गया। दोनों पक्ष सदर कोतवाली में पहुंची व हंगामा करने लगी। किन्नरों के हंगामा के चलते अफरातफरी का माहौल रहा। पुलिसकर्मियों ने समझा बुझाकर शांत किया। बाद में एसडीएम सौरभ सिंह व प्रभारी निरीक्षक अनुज सिंह ने दोनों पक्ष के कागजात देखे। जिसमें एक पक्ष ने वसीयत प्रस्तुत कर अपना दावा ठोका, जबकि दूसरे पक्ष के पास कोई कागजात नहीं थे। दूसरे पक्ष ने समय मांगा। एसडीएम ने बताया कि मकान की वसीयत के कागजात एक पक्ष ने दिखाए हैं। दूसरे पक्ष के पास कोई कागजात नहीं थे।



कोतवाली परिसर में हंगामा करते किन्नर • जागरण

**युवा संवाद कार्यक्रम में उत्कर्ष को मिला पुरस्कार:** भाटपाररानी: युवक मंगल दल बनकटा मिश्र गांव के अध्यक्ष उत्कर्ष नमो वत्स मिश्र को लखनऊ में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में बेहतर कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। उन्होंने 2018 में राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ अवार्ड भी जीता था। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता व राज्य स्तरीय पुरस्कार विजेता मौजूद रहे। यह सम्मान भाजपा प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजबहादुर, एमएलसी पवन सिंह चौहान, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा राकेश त्रिपाठी ने दिया।

अमर उजाला दि. 21/6/22

# प्रधान सहित 13 पर हत्या का मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

बघौचघाट। स्थानीय थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव में शनिवार को हुई दो पक्षों के बीच मारपीट में 50 वर्षीया एक महिला की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतका के पति की तहरीर पर पुलिस ने मोतीपुर के ग्राम प्रधान समेत 13 लोगों के खिलाफ हत्या और विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

शनिवार को मोतीपुर गांव निवासी अतितल्लाह और शमशाद के परिवार के बीच जबरदस्त मारपीट हो गई थी। इसमें एक पक्ष की 50 वर्षीया आयशा खातून की मौत हो गई थी। साथ ही सात लोग घायल हो गए थे। मृतका आयशा खातून के पति अतिठल्लाह की तहरीर पर पुलिस ने मोतीपुर निवासी कयामुद्दीन, उनकी पत्नी ग्राम प्रधान इशरतजहां, शमशाद, वसीम, अकरम, इमरान, नूरजहां, शाहजहां, जैदा, अबरातून, मोहिबुल्लाह, मोफिल व जियाउल तथा थाना क्षेत्र के रामपुर महुआबारी निवासी मसीउल्लाह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आयशा के शव को परिजनों व ग्रामीणों ने सोमवार सुबह भारी पुलिस बल की निगरानी में दफन कर दिया। पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है। शीघ्र ही सभी को गिरफ्तार कर लिए जाएगा।

अमर उजाला दि. 21/6/22

# कोचिंग संचालकों को पुलिस ने कराया नोटिस तामील

रामपुर कारखाना। प्रदेश में धरना प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई तेज हो गई है। सोमवार को सभी चौक-चौराहे पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।

रामपुर कारखाना मुख्य चौराहा, डुमरी, गौरा, रणछोड़ कुटी, पांडेय चक आदि चौराहों पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। इसके अलावा रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के सभी निजी प्राइवेट स्कूल और कोचिंग संचालकों को नोटिस तामील कराया गया। नोटिस के मुताबिक अग्निवीर योजना के खिलाफ हो रहे धरना प्रदर्शन की तैयारी की जानकारी पुलिस को देनी होगी। स्कूल और कोचिंग संचालकों से उनके नाम और मोबाइल नंबर ले लिए गए हैं। संवाद

अमर उजाला दि. 21/6/22

# सुपारी देकर कराई गई थी बलिस्टर यादव की हत्या

**छह आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, ड़ेढ़ करोड़ रुपये के लेनदेन में हुई थी हत्या, एसपी ने घटना का किया पर्दाफाश**

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। डेढ़ करोड़ रुपये के लेन-देन के चक्कर में बलिस्टर यादव की दिनदहाड़े चौराहे पर गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने छह आरोपियों को घटना में प्रयुक्त नाइन एमएम पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। पांच लाख रुपये की सुपारी देकर शूटर से हत्या कराई गई थी।

सोमवार को पुलिस लाइंस में आयोजित प्रेसवार्ता में घटना का पर्दाफाश करते हुए एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि तालापर बुजुर्ग के टोला सेमरौना निवासी बलिस्टर यादव (35) वर्ष की खामपार थाना क्षेत्र के मेंहुआबीर चौराहे पर 11 जून को दोपहर में अपाची सवार दो बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने मृतक के भाई वीरबहादुर की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों पर मुकदमा दर्ज किया था। जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस को बलिस्टर के मोबाइल काल डिटेल के जरिए अहम सुराग हाथ लगे थे। बलिस्टर ने कई लोगों से रुपये लेकर बहोरवा निवासी संजीव कुमार कुशवाहा के माध्यम से एक चिटफंड कंपनी में लगा दिया था। लोग अपना रुपये बलिस्टर से मांग रहे थे। इस पर बलिस्टर भी रुपये मांगने लगा था। इसी बात को लेकर संजीव से विवाद हो गया। इसके बाद संजीव ने दीपू व शूटर बादल को पांच लाख रुपये की सुपारी देकर बलिस्टर की हत्या करा दी। पुलिस टीम ने सोमवार को आरोपी शूटर नीतीश कुशवाहा निवासी कड़सरवा बुजुर्ग थाना खामपार और पंकज कुमार सिंह निवासी रतसिया कोठी थाना बनकटा जनपद को परसौनी दीक्षित मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। साथ ही घटना में प्रयुक्त पिस्टल और एक कारतूस व सफेद अपाची बाइक बरामद हुई। शूटर को निशानदेही पर आल्टो कार के साथ भिंगारी की तरफ से चकिया कोठी की तरफ आते हुए भीम कुशवाहा निवासी रतसिया कोठी थाना बनकटा, संजीव कुमार कुशवाहा पुत्र निवासी बहोरवा थाना खामपार, बादल कुशवाहा निवासी भोपतपुरा थाना खामपार और अमरेंद्र कुमार सिंह निवासी अहिरौली तिवारी थाना खामपार को चकिया कोठी के पास गिरफ्तार कर लिया गया।

पर्दाफाश करने वाली टीम में थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्र, एसओजी प्रभारी अनिल कुमार यादव, दरोगा गोपाल प्रसाद, सादिक परवेज, अश्वनी कुमार सिंह, अविनाश मौर्य, एसओजी के दीवान धनंजय श्रीवास्तव, शशिकांत राय, सुदामा यादव, सिपाही प्रशांत कुमार शर्मा, मेराज अहमद, दिव्यशंकर आदि रहे।



एसपी संकल्प शर्मा ने बलिस्टर हत्या कांड का किया पर्दाफाश। संवाद

अमर उजाला दि. 21/6/22

# युवक की हेतिमपुर में कंटेनर की चपेट में आने से मौत

## टोल प्लाजा पर गाड़ी खड़ी कर चालक मौके से फरार

## पुलिस ने फोन कर घर पर सूचना दी

संवाद न्यूज एजेंसी

देसही देवरिया। महुआडीह थाना क्षेत्र के हेतिमपुर टोल प्लाजा के पास कंटेनर की चपेट में आने से सोमवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति की तलाशी के दौरान मिले मोबाइल फोन और आधार कार्ड के जरिए पहचान की। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

बिहार के सारन जिले के तरैयां थाना के जैथर गांव निवासी मुन्ना कुमार ओझा (44) बाइक से गोरखपुर जा रहे थे। करीब तीन बजे वह महुआडीह के हेतिमपुर टोल प्लाजा से 100 मीटर पहले ही पहुंचे थे कि पीछे से आ रही एक कंटेनर ने टक्कर मार दी।

इससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गिर गए। इसी बीच कंटेनर उनके ऊपर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो पॉकिट से आधार कार्ड और मोबाइल फोन मिला।

पुलिस ने फोन कर घर पर इसकी सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही परिजन अवाक रह गए। उनकी पत्नी सविता देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। हादसे के बाद कंटेनर चालक ने मौके से फरार होने की कोशिश की लेकिन आगे टोल प्लाजा पर भीड़ होने के कारण वहीं गाड़ी खड़ी कर फरार हो गया। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने चालक और खलासी पर मुकदमा दर्ज कर कंटेनर को बरामद कर लिया है।

अमर उजाला दि. 21/6/22

# प्रयागराज और कानपुर के दो दंगाई जिला कारागार में शिफ्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

**प्रयागराज और कानपुर में जुमे के दिन दंगा कराने का है आरोप**

देवरिया। प्रदेश के प्रयागराज तथा कानपुर जिलों में दंगा कराने वाले दो लोगों को शासन के आदेश पर रविवार को जिला कारागार में शिफ्ट कर दिया गया। जुमे के दिन पुलिस पर पथराव करने और हिंसा के मामले में दोनों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

प्रयागराज जिले के करेली का रहने वाला मोहम्मद जावेद उर्फ जावेद पंप टुल्लू पंप बनाने का कार्य करता था। 10 जून को उसने जुमे की नमाज को खत्म होने के बाद शहर के अटाला और करेली के इलाके में पुलिस पर पथराव कराया था।

हिंसा के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी जावेद पंप को गिरफ्तार कर नैनी जेल भेज दिया था। जहां शासन ने उसे देवरिया जिला कारागार में शिफ्ट करने का निर्देश दिया। प्रयागराज की पुलिस ने रविवार की देर शाम को जावेद पंप को भारी सुरक्षा के बीच लेकर जिला कारागार पहुंची।

वहीं तीन जून को कानपुर के बेकनगंज के चंद्रेश्वर हाता में जुमा के नमाज के बाद दंगा हो गया था। इसमें पत्थरबाजी होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दंगा फैलाने और पत्थरबाजी करने के आरोप में मोहम्मद नियाज को गिरफ्तार कर कानपुर जेल में भेज दिया। जहां से शासन ने उसे भी जिला कारागार में शिफ्ट करने का आदेश दिया। कानपुर पुलिस ने रविवार की सुबह मो. नियाज को देवरिया जिला कारागार पहुंचाया। दोनों दंगाइयों को जेल की डबल स्टोरी के तन्हाई बैरक में रखा गया है। जहां उनसे कोई भी बंदी भी नहीं मिल पाएगा। दोनों बंदियों पर जेल प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है।

अमर उजाला दि० 21/6/22

# लार क्षेत्र के कई व्हाट्सएप ग्रुपों पर पुलिस की पैनी नजर

संवाद न्यूज एजेंसी

लार। अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे युवाओं के कई व्हाट्सएप ग्रुप पर पुलिस की पैनी नजर है। लार में भी युवाओं के ग्रुप की पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है। हालांकि, अभी तक किसी युवा द्वारा किसी भी ग्रुप में अग्निपथ योजना को लेकर किसी प्रकार का भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट नहीं किया गया है। फिर भी पुलिस सतर्कता के तौर पर नजरें बनाई हुई हैं।

अग्निपथ के विरोध में युवाओं ने बरहज में सोशल मीडिया का प्रयोग कर भीड़ जुटाई थी। इसके बाद तोड़-फोड़ और बवाल किया था। घटना से सबक लेते हुए लार पुलिस ने युवाओं के बीच संचालित हो रहे ग्रुप पर नजरें गड़ा दी हैं। साथ ही कहा है कि भड़काऊ पोस्ट न करें। योजना को पहले भली भांति समझें। उत्पात मचाने, आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। सख्ती के बाद कई युवाओं ने ग्रुप ही भंग कर दिया है।

## कोचिंग संचालकों ने व्हाट्सएप पर स्टेटस लगाना किया बंद

लार। लार नगर में तकरीबन आधा दर्जन से अधिक कोचिंग संस्थाएं संचालित होती हैं। संचालक अपने संस्था में पढ़ाए गए छात्र-छात्रों का प्रतिदिन का वीडियो व्हाट्सएप स्टेट्स पर लगाते हैं। जब पुलिस की निगरानी व्हाट्सएप ग्रुपों पर पड़ी है तो भनक लगते ही संचालकों ने स्टेटस लगाना बंद कर दिया है। संवाद

प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह, एसएसआई राममोहन सिंह, उप निरीक्षक विनोद यादव, चंद्रशेखर यादव सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने लार, मेहरौना, पिंडी, सहजौर में पहुंच युवाओं से बातचीत कर उनकी काउंसिलिंग की। युवाओं ने भी पुलिस का सहयोग करने और शांति बनाए रखने का वादा किया। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि इलाके में बिल्कुल शांति है। भ्रामक पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

अमर उजाला काशीपुर 21/6/22

# खेल के मैदानों पर पुलिस का पहरा

रुद्रपुर। अग्निपथ योजना के विरोध में जिले में उत्पात मचने से पुलिस प्रशासन पूरी चौकसी बरत रहा है। क्षेत्र और नगर के खेल मैदानों पर पुलिस खास नजर रख रही है। सोमवार को रुद्रपुर के सतासी इंटर कॉलेज के ग्राउंड पर सुबह पांच बजे से पुलिस मंडराने लगी।

इस मैदान पर रोज दौड़ने वाले युवकों के प्रदर्शन करने की सुगबुगाहट थी। विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलने पर पुलिस के कान खड़े हो गए। सुबह से पुलिस की अलग-अलग टीम की गाड़ियां सायरन बजाते हुए नगर के डीएन और सतासी इंटर कॉलेज के मैदान पर दौड़ने लगीं। सीओ जिलाजीत ने मामले को गंभीरता से लेकर पुलिस बल को युवकों के हुजूम को रोकने के निर्देश दिए। संवाद

अमर उजाला दि० 21/6/22

# विरोध पर 24 ट्रेनें रहीं निरस्त

## अग्निवीर योजना के विरोध के चलते प्लेटफॉर्मों पर रहा सन्नाटा

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी। सेना भर्ती की नई योजना अग्निपथ के विरोध प्रदर्शन के चलते सोमवार को भी 24 रेलगाड़ियां निरस्त रहीं। जबकि चार विशेष गाड़ियों का रूट परिवर्तन कर चलाया गया।

पूर्वोत्तर रेलवे ने सोमवार को नई सेना भर्ती योजना के विरोध पर भारत बंद के आह्वान के बाद रूट की कुल 24 ट्रेनों को निरस्त कर दिया। वहीं, चार विशेष गाड़ियों का रूट परिवर्तन कर चलाया। बड़ी संख्या में ट्रेनों के निरस्तीकरण के बाद यहां स्टेशन पर सन्नाटा पसरा रहा। सोमवार को भटनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों को निरस्त किए जाने के बाद रिजर्वेशन रिफंड कराने वाले यात्रियों की भीड़ लग रही। इससे स्टेशन पर यात्री दिन भर परेशान रहे। लोग ट्रेन कबतक निरस्त रहेगी। इसके लिए इंक्वायरी काउंटर पर पूछताछ करते नजर आए। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि सेना भर्ती में नई योजना अग्निपथ को लेकर युवाओं के विरोध को देखते हुए कुल 24 ट्रेनों को निरस्त किया गया है जबकि चार का रूट परिवर्तन किया गया है।



सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर तैनात पुलिस। संवाद

### सोमवार को ये ट्रेनें रहीं निरस्त

बरौनी-एर्नाकुलम एक्सप्रेस, लोकमान्य टर्मिनस -जयनगर, मुजफ्फरपुर-पोरबंदर एक्सप्रेस, कोलकाता-आजमगढ़ एक्सप्रेस, बरौनी-अंबाला एक्सप्रेस, बरौनी -बांद्रा टर्मिनल एक्सप्रेस, बरौनी-गोंड़िया एक्सप्रेस, मुज्जफरपुर -आनंद विहार एक्सप्रेस, सहरसा -अमृतसर एक्सप्रेस, सहरसा -नई दिल्ली एक्सप्रेस, जयनगर-दिल्ली एक्सप्रेस, दरभंगा-अमृतसर एक्सप्रेस, रक्सौल -आनंद विहार एक्सप्रेस, दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस, अमृतसर -सहरसा एक्सप्रेस, पोरबंदर-मुज्जफरपुर एक्सप्रेस, नई दिल्ली दरभंगा एक्सप्रेस, काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस, अमृतसर- सहरसा एक्सप्रेस, दानापुर -सिकन्द्राबाद एक्सप्रेस। वही नरकटियागंज-गोरखपुर की चार जोड़ी अनारक्षित विशेष गाड़ी को भी निरस्त किया गया है। इसके अलावा चार स्पेशल गाड़ियों का रूट परिवर्तन कर चलाया गया।

### एसपी ने सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर लिया जायजा

सलेमपुर। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सोमवार की सुबह एसपी संकल्प शर्मा, सीओ विनय यादव व कोतवाल ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बरहजिया समेत सभी सवारी गाड़ियों के निरस्त रहने से रेल यात्री प्लेटफॉर्म पर नहीं दिखे। प्लेटफॉर्म एक व दो पर केवल पुलिस के जवान तैनात रहे। वहीं, रेलवे के आरक्षण काउंटर पर यात्री टिकट वापस करने के लिए परेशान रहे। यात्रियों का कहना है कि काफी मशक्कत के बाद टिकट कन्फर्म मिला था। अब फिर टिकट लेने के लिए परेशानी उठानी पड़ेगी।

अमर उजाला दि० 21/6/22

# सीसीटीवी फुटेज ने खोली पोल, रडार पर आए उपद्रवी

## पुलिस ने 18 को भेजा जेल, शेष आरोपियों की तलाश जारी



उपद्रवियों को जेल भेजती पुलिस । संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। नगर स्थित ईदगाह के निकट रविवार को युवकों ने अग्निपथ योजना के विरोध में जमकर बवाल काटा था। पुलिस की सख्ती के बाद सीसीटीवी फुटेज, व्हाट्सएप ग्रुप आदि के जरिए पोल खुलने पर आरोपी पुलिस के रडार पर हैं। सोमवार को मामले में पुलिस ने नामजद 18 आरोपियों को जेल भेजा है।

अग्निपथ योजना के विरोध में युवकों ने पुलिस की गाड़ी का शीशा, पेट्रोल, पशु अस्पताल आदि जगहों पर तोड़-फोड़ की थी। युवाओं को जुटाने के लिए सोशल प्लेटफार्म पर व्हाट्सएप ग्रुप का इस्तेमाल किया गया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और व्हाट्सएप ग्रुप से अधिकतर की पहचान कर चुकी है। धरपकड़ की जा रही है। अन्य आरोपियों की भी जोर-शोर से तलाश की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि नामजद आरोपियों में से पकड़े गए बैरियां तिवारी के अजय कुमार, बनकटिया बरछौली के राजन यादव, परसियां तिवारी निवासी विपिन गोंड, शिवम तिवारी, दीपक यादव, जयनगर के सुजीत गुप्त, बढ़ौना हरदो के विकास कुमार, नयानगर के अरविंद साहनी, पचौहां निवासी लालसाहब यादव, मेहियवां के हिमांशु यादव, बलिराम यादव, पिपरा भुल्ली के आकाश मिश्र, कपरवार के भीम कुमार मौर्य, लवरछी के नागेंद्र यादव, सोनाड़ी के अजय यादव, बेलडॉड़ के पंकज कन्नौजिया, नौका टोला के अविनाश, मदनपुर थाना क्षेत्र के महेन निवासी आशीष मल्ल को जेल भेज दिया गया है। शेष की तलाश की जा रही है।

### बचाव के लिए चिल्लाती रही उपद्रवियों से घिरी पुलिस

बरहज। नगर में अग्निपथ योजना के विरोध में रविवार को सैकड़ों की संख्या में एकत्रित युवकों ने बवाल काटा। पहुंची पुलिस पर धावा बोल दिया। ईंट-पत्थर चलाने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो उपद्रवियों के बीच घिरी पुलिस बचाव के लिए चिल्लाती रही। कोई आगे नहीं आया। बवाल में एसओ जयशंकर मिश्र, एसआई अमरनाथ सोनकर, विपिन कुमार यादव, दीपक कुमार, सोनित शर्मा, दीपनारायन यादव, अजीत कुमार, अखिलेश यादव, महिला आरक्षी कशिश सोनकर, खुशबू अग्रहरि, प्रिया मौर्या, अलका तिवारी घायल हो गए। उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। चोटिल पुलिसकर्मियों में कुछ को गंभीर चोटें आई हैं। संवाद

### चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस, पसरा रहा सन्नाटा

बरहज। अग्निपथ योजना के विरोध में नगर में हुई तोड़-फोड़ को लेकर पुलिस अलर्ट पर है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। हालांकि, घटना के दूसरे दिन भी बाजार में चेहलकदमी नहीं के बराबर थी। आने-जाने वालों के चेहरों पर खौफ झलक रहा था। सोमवार को हालात से निपटने और एहतियात को लेकर बीआरडीबीडी पीजी कॉलेज आश्रम, हर्षचंद्र इंटर कॉलेज, रेलवे स्टेशन आदि सार्वजनिक जगहों पर पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। जबकि आलाधिकारी हालात का जायजा ले रहे थे। बवाल से व्यापारियों का नुकसान हुआ है, वहीं, बैंक, अस्पताल, डाकखाना आदि जगहों पर सन्नाटा पसरा रहा। संवाद

### साहब! खरीदारी करने आया था बरहज

बरहज। नगर में हुए उपद्रव के बाद पुलिस ने युवकों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। धरपकड़ में बचाव में युवक सब्जी, दवा तो कोई दूध खरीदने, जबकि कुछ अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए आना बता रहे हैं। आधा दर्जन से अधिक गांवों के युवा भूमिगत हो गए हैं। संवाद

अमर उजाला दि. 21/6/22

# बंदी का एलान बेदम, पुलिस रही चौकन्नी

## सख्ती के चलते अग्निवीर योजना के प्रदर्शनकारी नहीं आए नजर, चौक-चौराहों पर तैनात रही पुलिस



पुलिस ने जारी किया उपद्रवियों का पोस्टर। संवाद



एसपी संकल्प शर्मा ने सदर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया/भाटपाररानी। अग्निवीर योजना के विरोध प्रदर्शन को देखते सोमवार को पुलिस काफी चौकन्नी रही। जनपद के अधिकतर चौक-चौराहों पर पुलिस मुस्तैद रही। बाजार बंद का कोई असर नहीं दिखा। किसी भी जगह प्रदर्शनकारी नजर नहीं आए। इससे शांति बनी रही।

बरहज में बवाल के बाद सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए प्रसारित हुआ था कि सोमवार को बाजार बंद रहेगा। इसको लेकर पुलिस सुबह से ही शहर के सभी चौराहों पर तैनात हो गई थी। आने-जाने वाले सभी लोगों पर पुलिस की खास नजर रही। रेलवे और बस स्टेशन पर पुलिसकर्मी जमे रहे। सदर कोतवाली के सोनूघाट चौराहे पर सुबह से ही पुलिस ने चेकिंग शुरू कर दी थी। सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने खुद वाहनों की तलाशी कराई। जबकि दूसरी ओर बाजार



भाटपाररानी में बैठक करते एडीएम कुंवर पंकज। संवाद

बंद करने की धमकी देने वाले लोगों से सख्ती से निपटने के लिए पुलिस ने बाजार में मार्च कर दुकानदारों से जानकारी ली।

उधर, भाटपाररानी कार्यालय के अनुसार अग्निवीर योजना के विरोध को लेकर भाटपाररानी नगर व क्षेत्र के युवाओं द्वारा सोमवार को स्टेशन परिसर से रैली निकालने व विरोध जताने की पूर्व सूचना पर दिन भर पूरा प्रशासन भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहा । प्रशासनिक अधिकारी रेलवे स्टेशन, चौराहा, तहसील आदि स्थानों पर पूरे दिन मुस्तैद रहे। एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज, एएसपी राजेश सोनकर, एसडीएम अरुण वर्मा, सीओ पंचम लाल स्वयं इसकी मॉनीटरिंग कर रहे थे। प्रशासन की मुस्तैदी और कड़ी कार्रवाई के भय से आंदोलनकारी सड़क पर नहीं उतरे । एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज ने बताया कि युवक सड़क पर नहीं उतरे।-उन्हें मनाने और शांतिपूर्वक आंदोलन के लिए हर तरह की तैयारी की गई थी। संवाद

## बवालियों के चेहरे बेनकाब करने में जुटी पुलिस

देवरिया। बरहज, देवरिया शहर में अग्निवीर योजना को लेकर विरोध प्रदर्शन करने वाले बवालियों का चेहरा बेनकाब करने में पुलिस जुट गई है। विभिन्न माध्यमों से प्रदर्शन के दौरान का फोटो पुलिस ने जुटाया है। इनकी पहचान कर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

पुलिस सूत्रों की बातों पर गौर किया जाए तो 17 जून को रेलवे स्टेशन और शहर के विभिन्न जगहों पर उग्र युवाओं ने जमकर हंगामा किया था। रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक जाम कर घंटों विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस से भी धक्का-मुक्की की गई थी। इसके अलावा शहर के सिविल लाइंस रोड पर प्रदर्शन के दौरान हंगामा किया था। जबकि रविवार को बरहज कस्बे के बाईपास रोड पर काफी संख्या में जुटे युवाओं ने एसओ की गाड़ी में तोड़-फोड़ करते हुए पुलिसकर्मियों को दौड़ा लिया। किसी तरह पुलिसकर्मियों ने छिपकर जान बचाई थी। इन दोनों घटनाओं में बवाल करने वाले युवाओं की पहचान में जुटी पुलिस ने सोमवार को प्रदर्शनकारियों का फोटो जुटाया। कुछ आम नागरिकों और पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन के कैमरे में कैद लोगों का फोटो भी एकत्र किया है। इनके फोटो का एलबम विभिन्न थानों पर भेजवाकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। सीओ विनय यादव ने बताया कि पहचान की जा रही है। युवाओं का कैरियर भी बर्बाद न हो और वे सही रास्ते पर आए जाएं।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-06-2022

# अधेड़ की मौत में प्रधान सहित पांच पर केस

**कार्रवाई**

नेबूआ नौरंगिया, हिन्दुस्तान संवाद। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के दुबौली गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल अधेड़ का इलाज कराने ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने प्रधान सहित पांच लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी में जुट गई है।

दुबौली गांव निवासी गीता के जमीन में मुकदमा के दौरान एसडीएम न्यायालय से स्थगन आदेश पारित है। 16 जून को 10 बजे सुबह ग्राम प्रधान पंकज मल्ल के साथ पट्टीदार गेना चौहान, जोगिंदर, नौमी, रोहित ने मिलकर कब्जा करने के नियत से दिवार चलाने लगे। इसे देख गीता के पति शम्भू चौहान ने इसका विरोध किया तो उक्त लोग गाली देने लगे तथा जान से मारने की नियत से लाठी डंडा से मारपीटकर घायल कर दिया। परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देख गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। 17 जून की भोर में अस्पताल ले जाते समय शम्भू ने रास्ता में दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक गिरजेश उपाध्याय ने समझा बुझाकर शाम के समय शव को कब्जा में लेकर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शनिवार को अंतिम संस्कार किया। रविवार शाम को मृतका के पत्नी गीता ने आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को सौंप कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने प्रधान पंकज मल्ल व पट्टीदार गेना, जोगिंदर, नौमी, रोहित चौहान के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने में जुट गई है।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की मदद करें

अहिरौली बाजार। अहिरौली बाजार थाना परिसर में सोमवार को एसओ पंकज गुप्ता ने थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए एसओ ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखना हम सभी की प्राथमिकता है। प्रधान इसमें पुलिस की मदद करें। एसओ ने कहा कि गांव में अक्सर छोटी-छोटी बातों पर विवाद हो जाए करते हैं।

भारत बंद के आह्वान को देखते हुए सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमण करती रही पुलिस, हर जगह रही चहल-पहल

# बेअसर रहा भारत बंद, सतर्क रही पुलिस

## अग्निपथ योजना

पडरौना, निज संवाददाता। अग्निपथ योजना के विरोध में सोमवार को भारत बंद का आह्वान जिले में बेअसर रहा। नगर सहित जिले भर के कस्बे और बाजारों में रोज की भांति दुकानें खुली रहीं और चहल-पहल भी बनी रही।

हालांकि बंद के आह्वान के दृष्टिगत जनपद की कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था को प्रभावी व सुरक्षित बनाये रखने के लिए जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष द्वारा भारी पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड एवं चौराहों पर लगातार भ्रमण करते हुए व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

भारत बंद का आह्वान पडरौना नगर सहित जिले में कहीं भी नहीं दिखा। आये दिन की भांति सभी कस्बे और बाजारों में दुकानदारों ने समय से अपनी दुकानें खोल दी। आम लोग भी भारत बंद के आह्वान से अनभिज्ञ दिखे और रोज की तरह ही बाजारों में चहल-पहल बनी रही। नगर में कोतवाली पुलिस लगातार भ्रमण पर रही। रेलवे स्टेशन से लेकर बस स्टैंड, प्रमुख चौराहे एवं सार्वजनिक स्थानों पर पहुंच कर वहां की गतिविधियों के बारे में जानकारी लेती रही। इसी तरह कुबेरस्थान के एसओ रणजीत सिंह भदौरिया भी पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। खड्डा संवाद अग्निपथ योजना के अंतर्गत सेना में भर्ती हेतु सरकार द्वारा जारी किये गये नये निर्देशों के विरोध में कई राज्यों में छात्रों द्वारा किए गए उग्र प्रदर्शन के दृष्टिगत खड्डा पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। सोमवार को छात्रों द्वारा खड्डा तहसील का घेराव किये जाने की सूचना पर पुलिस पीएसी फोर्स के साथ दिन भर हलकान रही। लेकिन शाम तक कोई छात्र संगठन तहसील मुख्यालय नहीं पहुंचा तो पुलिस ने राहत कि सांस ली। खड्डा इंस्पेक्टर धनवीर सिंह को सूचना मिली कि कुछ छात्र संगठन सहित किसी पार्टी के कार्यकर्ता अग्निपथ के विरोध में खड्डा तहसील का घेराव करने वाले हैं। इसकी जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर एसआई अखिलेश सिंह, जियालाल कनौजिया सहित मयफोर्स व पीएसी को मौके पर भेजा। जहां पुलिस फोर्स शाम तक घेराव करने वालों का इंतजार करती रही लेकिन वे ना तो तहसील पहुंचे और न ही खड्डा रेलवे स्टेशन पहुंचे। तब जाकर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। हाटा संवाद के अनुसार अग्निपथ योजना के विरोध में भारत बंद का ऐलान का हाटा में कोई असर नहीं रहा। रोज की तरह सोमवार को भी दिन भर बाजार की सभी दुकानें व प्रतिष्ठान तथा कार्यालय खुले रहे। वहीं नगर के हर चौक चौराहों पर पुलिस व पीएसी के जवान अलर्ट रहे। पूरे दिन कोतवाल आरके सिंह अपने हमराहियों के साथ भ्रमणशील रहे।



सोमवार को कठकुइयां रेलवे स्टेशन पर पुलिसकर्मियों के साथ एसओ। • हिन्दुस्तान



पडरौना में खुली रहीं दुकानें, बाजार में रही चहल-पहल। • हिन्दुस्तान

# पुलिस ने ढाई किलो चरस के साथ चार तस्कर दबोचे

## शिकंजा

पडरौना, निज संवाददाता। जिले की स्वाट एवं पडरौना कोतवाली पुलिस ने सोमवार को लग्जरी वाहन से तस्करी कर ले जाये जा रहे 2.350 किलो चरस (कीमत लगभग 14 लाख रुपये) व बेचे हुए चरस से प्राप्त 62 हजार रुपये नगद बरामद किया। पकड़े गये अन्तर्राज्यीय तस्कर बिहार प्रांत के पश्चिमी चंपारण जिले के भितहा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं, जो तस्करी कर चरस बेचने के लिए लग्जरी वाहन से लेकर पडरौना आये थे। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तस्करों को जेल भेज दिया।

तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को स्वाट व पडरौना कोतवाली की संयुक्त टीम तस्करों की टोह में लगी हुई थी। इस दौरान पडरौना-खड्डा रोड पर स्थित परिवार रेस्टोरेन्ट के पास से लग्जरी वाहन में सवार लोगों के संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें 2.350 किलो चरस बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 14 लाख रुपये बतायी जा रही है। संदिग्धों की तलाशी लेने पर बेचे हुए चरस से प्राप्त रूपया 62 हजार रुपये नगदी भी बरामद बरामद किया गया। तस्करों की पहचान अन्तर्राज्यीय तस्कर संदीप चौधरी उर्फ कल्लू पुत्र अशर्फी, मोहित पुत्र भीमबली चौधरी, पिन्टू पटेल पुत्र बिहारी पटेल एवं हरेन्द्र उर्फ भुट्टी पुत्र ध्रुव यादव निवासीगण मुसहरी भगवान पाण्डेय टोला थाना भितहा जिला पश्चिमी चम्पारण बिहार के रूप में हुई। पुलिस ने धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट व 34 भा.दं.वि. के तहत मुकदमा दर्ज कर तस्करों को जेल भेज दिया।

# 25 लाख की स्मैक के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा तस्कर

पडरौना, निज संवाददाता। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने सोमवार को अहम कामयाबी हासिल करते हुए एक तस्कर को 8 पुड़िया में 250 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

बरामद स्मैक के कीमत का अनुमान लगभग 25 लाख रुपये लगाया जा रहा है। पकड़े गये तस्कर को एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर सीओ सदर कुन्दन सिंह के नेतृत्व में अवैध मादक/द्रव्य पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुखबिर के जरिये पुलिस को सूचना मिली कि एक तस्कर लाखों का स्मैक कहीं बेचने ले जाने के फिराक में है। इस सूचना पर हरकत में आते हुए कोतवाल निर्भय कुमार सिंह ने एसआई अजय पटेल के साथ कां. चन्द्रमा विन्द एवं कां. विजय कुमार को मौके पर भेजा। पुलिस टीम नगर में स्थित पोस्ट आफिस गली खंडहर के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। उसकी तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 8 पुड़िया में 250 ग्राम स्मैक बरामद हुआ।

# आठ महीने बाद लुटेरों ने फिर फैलाई दहशत

**सनसनी**

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। तरया सुजान थानाक्षेत्र के गोपालपुर बाजार के समीप मोटरसाइकिल सवार नकाबपोश बदमाशों द्वारा सरेराह सीएसपी कर्मचारी को चाकू मारकर मोटी रकम लूट लिए जाने की घटना के बाद पूरा क्षेत्र दहशत में है। लगभग 8 माह बाद थानाक्षेत्र में लूट होने के बाद लोगों के जेहन में पूर्व की लूट की घटनाओं की यादें ताजा हो गयी हैं। लोगों को यह भय सता रहा है कि अपराधियों पर नकेल कसने में मुकामी पुलिस यदि फिसड्डी साबित हुई तो लगभग एक वर्ष पूर्व सिलसिलेवार लगभग एक दर्जन हुई लूट की घटनाओं की पुनरावृत्ति हो सकती है।

सोमवार को सेवरही से पैसा लेकर सिसवां नाहर स्थित सीएसपी पर जा रहे सीएसपी कर्मचारी निवासी कर्मचारी अरविंद पटेल पुत्र रामाजी पटेल को सरेराह चाकू मारकर 7 लाख 05 हजार



अस्पताल में भर्ती लूट के शिकार घायल अरविंद पटेल। • हिन्दुस्तान

रुपये की लूट किये जाने से व्यापारियों में भय एवं दहशत का माहौल है। लूट की इस घटना ने लगभग 8 माह पूर्व सेवरही कस्बा निवासी सर्राफा कारोबारी राजेश वर्मा के साथ हुए लूट की घटना की याद लोगों की जेहरन में ताजा हो गयी है। लतवा चट्टी से बड़ी गंडक नहर की पटरी के रास्ते बाइक से घर जा रहे बिहार प्रान्त के गोपालपुर थानांतर्गत लाछपुर तकिया बारी निवासी रुदल यादव को छपरा अहिरौली गांव के निकट एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने रोककर उनकी एचएफ डिलक्स बाइक सहित सात हजार रुपये लूटे थे। बहादुरपुर निवासी शुभावती देवी से रास्ते में मोटरसाइकिल पर सवार तीन बदमाशों ने 25 हजार रुपये लूटे थे। सलेमगढ़ निवासी रियाज अहमद की स्कूटी व नगदी को टोल प्लाजा से आगे बाइक सवार बदमाशों ने लूट लिया था। मोरवन मठिया निवासी लक्ष्मण से श्यामपट्टी के सामने बड़ी गंडक नहर पुल पर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने पांच हजार रुपये, मोबाईल व टार्च छीन लिया था। सलेमगढ़ मियां टोला में हफुआं मार्ग पर टूटे हुए पुल के समीप बाईक सवार बदमाशों ने हफुआ निवासी कमरुद्दीन को घेरकर जामा तलाशी लिया। जेब में मौजूद पच्चीस सौ रुपए छीना व चाकू मारकर भाग गए थे। इस सम्बंध में सीओ तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा का कहना है कि सोमवार को हुई लूट के दोषी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

## पुलिस की कार्रवाई फिसड्डी साबित हुई थी

सर्राफा कारोबारी राजेश पिछले 21 अक्टूबर की देर शाम सलेमगढ़ स्थित अपने ज्वेलरी की दुकान को बन्द कर घर वापस जा रहे थे कि माधोपुर बुजुर्ग टोला मझरिया के सामने अज्ञात बदमाशों ने उन्हें असलहे के बल पर जबरन रोक कर उनकी पल्सर बाइक व अस्सी हजार रुपये समेत चांदी से भरे बैग को लूट लिया था। घटना के कुछ दिन पूर्व ही सिलसिलेवार हुई लूट की घटनाओं में पुलिस की कार्रवाई फिसड्डी साबित हुई थी। इसी से लुटेरों का हौसला बढ़ा था।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं!

# मां की डांट से नाराज किशोरी ने नदी में कूदकर जान दी



किशोरी के छलांग लगाने की सूचना पर नदी किनारे जुटी ग्रामीणों की भीड़ व पुलिस।

लक्ष्मीगंज, हिन्दुस्तान संवाद। छोटी गंडक नदी में साहबगंज पुल से छलांग लगा कर सोमवार को एक सोलह वर्षीय किशोरी ने आत्महत्या कर ली। बताया गया कि मां के डांटने से नाराज होकर वह सुबह करीब दस बजे घर से निकल गयी थी। कुछ देर बाद पुल पर पहुंची और छलांग लगा दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से नदी में दो घंटे बाद पुल से डेढ़ सौ मीटर दूर शव बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रामकोला थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रामपुर बगहा टोला मठिया हरपुर निवासी प्रमोद गोंड़ की इकलौती संतान कुमारी शालू गोंड़ उम्र 16 वर्ष को मां नीरा देवी ने सुबह खाना बनाने के लिए कहा। घर पर रसोई गैस समाप्त हो गया था। भोजन चूल्हे पर बनाना था। शालू चूल्हे पर खाना नहीं बनाना चाह रही थी। शालू ने जब चूल्हे पर खाना बनाने से इनकार किया तो मां ने उसे डांटा। मां

कुछ देर बाद वह घर से निकल कर साहबगंज चौराहे पर पहुंच गयी। पास स्थित छोटी गंडक नदी के पुल पर चढ़ गयी और नदी में छलांग लगा दी। राहगीरों और दुकानदारों ने उसे देखा मगर जब तक वह उसे रोकते तब तक वह छलांग लगा चुकी थी। शोर मचने पर मौके पर सैकडो लोग एकत्रित हो गये।

सूचना पर रामकोला थानाध्यक्ष नीरज राय और कप्तानगंज थानाध्यक्ष अनिल कुमार उपाध्याय मय फ़ोर्स साहबगंज नदी पुल पर पहुंच गये। ग्रामीणों की मदद से नदी में शालू की तलाश शुरू हुई। दो घंटे बाद नदी के पुल से डेढ़ सौ मीटर आगे नदी के गहरे पानी से शालू को निकाला गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शालू का पिता प्रमोद गोंड दोनों पैर से दिव्यांग है। ऑटो चलाता है। पत्नी इसमें उसकी मदद करती है।

# महापरिनिर्वाण मंदिर परिसर में केन्द्रीय मंत्री करेंगे योगाभ्यास

- आज परिनिर्वाण मंदिर में एक साथ 5 हजार लोग करेंगे योग
- योग के लिए विभिन्न प्रांतों के 1500 लोगों को भेजा है आमंत्रण

कसया, हिन्दुस्तान संवाद। बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में 21 जून मंगलवार को आयोजित होने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। यह आठवां अंतरराष्ट्रीय योग होगा। कार्यक्रम स्थल मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर परिसर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री राम दास आठवले होंगे, वह खुद भी योग करने वालों की कतार में शामिल होंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह पांच बजे होगा जो आठ बजे समाप्त होगा। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इसमें पांच हजार लोग एक साथ योग करेंगे। मुख्य प्रशिक्षक अनुज झिझरिया व शिवम कुमार होंगे। यह लोग मुख्य मंदिर के दक्षिण बने वीआईपी पंडाल में विशिष्ट लोगों को योगाभ्यास कराएंगे। इनका मंच



कुशीनगर पहुंचने पर केन्द्रीय मंत्री रामदास आठवले को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर।

वातानुकूलित बनाया गया है। इसके निकट बने दो पंडालों में सामान्य लोगों को योगाभ्यास करेंगे।

योग दिवस की सभी तैयारियां पूरी- ज्वाइंट मजिस्ट्रेटः पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। उतरी, दक्षिणी व पश्चिमी द्वार पर चेकिंग के बाद प्रवेश दिया जाएगा। पश्चिमी गेट से आमजन, दक्षिणी गेट से आमंत्रित अतिथि गण और उतरी गेट से म्यांमार व चाइना बुद्ध विहार में ठहरे लोगों का प्रवेश होगा।

## आठवले का स्वागत, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

कसया, हिन्दुस्तान संवाद। कुशीनगर में स्थित बुद्ध महापरिनिर्वाण मंदिर परिसर में मंगलवार को विश्व योग दिवस पर योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले हैं। वह अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार की शाम कुशीनगर पहुंच गए हैं। यहां पहुंचने पर डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल ने उनका स्वागत किया। कुशीनगर में पुलिस के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

जिला प्रशासन की तरफ से आयोजित होने वाला आठवा विश्व योग दिवस कुशीनगर में आयोजित होगा। जिसमें पांच हजार लोग बैठकर योगाभ्यास करेंगे। तैयारी पूरी हो चुकी है। योगाभ्यास सुबह 5.30 से आठ बजे तक चलेगा। इसमें भाग लेने केंद्रीय मंत्री पहुंचने पर डीएम व एसपी ने शाम को उनका स्वागत किया। औपचारिक बातचीत के बाद केन्द्रीय मंत्री कुशीनगर के होटल इम्पीरियल में चले गए।

# पांच लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

विशुनपुरा, हिन्दुस्तान संवाद। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के ग्राम दुबौली मे हुए भूमि विवाद के मामले में हुई मारपीट के दौरान घायल अधेड़ का इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई मौत के मामले में पुलिस प्रधान सहित पांच लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

नेबुआ नौरंगिया थाना के दुबौली गांव निवासी गीता से गांव के ही कुछ लोगों का भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप है कि बीते 16 जून को ग्राम प्रधान के साथ पटिदार गेना चौहान, जोगिंदर, नौमी, रोहित कब्जा करने के नियत से दिवार चलाने लगे। इसे देखकर गीता के पति शंभू चौहान ने जब विरोध किया तो उक्त लोग गाली देने लगे व लाठी डंडा मारपीटकर घायल कर दिंये। घायल शंभू को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

वहां ले जाते समय रास्ते में ही शंभू की मौत हो गयी थी। शव को घर लाकर धरने पर बैठकर प्रधान सहित दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग करने लगे थे।

# युवती को झांसा देकर यौन शोषण का आरोप

खड्डा। खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक शादीशुदा युवती ने गांव के ही एक युवक पर साथ रखने का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इसकी तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

महराजगंज जिले के निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी वर्ष 2021 के मई महीने में खड्डा थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति से हुई थी। विवाहिता की परीक्षा का समय आया तो वह ससुराल पक्ष की रजामंदी से बगलगीर युवक के साथ बाइक से परीक्षा देने जाने लगी।

# 2.35 किलोग्राम चरस के साथ चार अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, पडरौना (कुशीनगर):** स्वाट व सदर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने नगर के खड्डा रोड पर परिवार रेस्टोरेंट के पास कार सवार चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो किलोग्राम से अधिक चरस बरामद हुआ। चरस की खेप बिहार से जिले में लाई जा रही थी। तस्करों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस न्यायालय ले गई, वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

संयुक्त टीम नगर के बावली चौक पर जांच कर रही थी। तभी सूचना मिली कि मादक पदार्थ लेकर तस्कर नगर की तरफ आ रहे हैं। टीम खड्डा रोड पर रेस्टोरेंट के पास वाहनों की जांच करने लगी। इस बीच आई एक कार को रोककर टीम ने तलाशी ली तो चरस बरामद हुई। कार में सवार चार संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। चरस वाहन में झोले में छिपाकर रखा गया था। चरस की मात्रा दो किलो 350 ग्राम मिली। तस्करों की पहचान संदीप चौधरी उर्फ कल्लू, मोहित कुमार, पिंटू पटेल व हरेंद्र उर्फ भुट्टी यादव निवासी मुसहरी भगवान पांडेय टोला थाना भितहा, जिला पश्चिमी चंपारण बिहार के रूप में हुई। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि तस्करों से कई अहम जानकारियां मिलीं हैं। जल्द ही पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा।

- **बिहार से कार से जिले में लायी जा रही थी खेप**
- **पश्चिमी चंपारण के भितहा क्षेत्र के निवासी हैं तस्कर**

## ढाई सौ ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार



एएसपी ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने सोमवार को नगर के पोस्ट आफिस गली खंडहर के पास से आठ पुड़िया स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। बरामद स्मैक की मात्रा ढाई सौ ग्राम है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान मोहम्मद फैज अली निवासी गांधीनगर वार्ड संख्या 20 सरकारी अस्पताल के पीछे पडरौना के रूप में हुई।

# बिहार सीमा पर रही चौकसी, अलर्ट रहा प्रशासन

- सात जोन में बंटा जिला, दिन-रात हो रही पेट्रोलिंग
- ड्रोन कैमरे से की गई संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** अग्निपथ योजना के विरोध प्रदर्शन के चलते भारत बंद के आह्वान को लेकर सोमवार को विशेष चौकसी रही। प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रहा। यूपी बिहार सीमा के तमकुही क्षेत्र के सलेमगढ़, समउर बाजार, तरयासुजान व खड्डा के पनियहवां बाजार में पुलिस भ्रमण करती रही। बिहार से तमकुहीराज होकर दिल्ली जाने वाली बसों की जांच की गई। तरयासुजान रेलवे स्टेशन पर सीओ पुलिस टीम के साथ पहुंचे। कुल मिलाकर बंद का कहीं कोई असर नहीं दिखा। रेलवे स्टेशन तथा पेट्रोल पंपों की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। जिले को पांच जोन व 20 सेक्टरों में बांटकर पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

बिहार तथा देवरिया व महराजगंज जनपदों से लगने वाले सीमावर्ती क्षेत्रों में भी पुलिस अधिकारी लगातार भ्रमण पर रहे। इसके साथ ही रामकोला, दुदही, फाजिलनगर, तुर्कपट्टी समेत जिले के अन्य स्थानों व तहसील मुख्यालयों पर भी पुलिस तैनात रही।



रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर लौटते बाएं से दूसरे एसपी धवल जायसवाल ● जागरण

## ड्रोन कैमरे से भी हुई निगरानी

जिले के सभी रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ाने के साथ ही ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। दूसरी ओर यहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के अफसरों ने रणनीति बनाकर पुलिस की तैनाती की थी। पडरौना, कप्तानगंज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर जीआरपी व आरपीएफ की टीम लगातार गश्त पर रही।

आगजनी जैसी घटना से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी तैनात किया गया था। स्टेशन के बाहर व स्टेशन के अंदर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। किसी भी ट्रेन के आने की घोषणा होते ही सुरक्षा बल सक्रिय हो जा रहे थे।

> **अग्निपथ योजना को लेकर जिले की पुलिस अलर्ट है। रेल, बस स्टेशनों के साथ साथ पेट्रोल पंप तथा संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। माहौल बिगाड़ने वालों पर पुलिस की नजर है। कानून हाथ में लेने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। ऐसे लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी।**
>
> **धवल जायसवाल**, एसपी

# कानून व्यवस्था ठीक रखने में सहयोग करें प्रधान

**जागरण संवाददाता, अहिरौली बाजार:** थाना परिसर में सोमवार को प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने ग्राम प्रधानों संग बैठक की।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था ठीक रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। आप सभी का सहयोग मिलेगा तो कोई दिक्कत नहीं आएगी।

गांवों में छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद हो जाते हैं। इनसे बचने के लिए आप सभी समय से हमें सूचना प्रदान करें। असामाजिक तत्वों पर नजर रखें, उनकी सक्रियता के बारे में बताएं। गांव स्तर पर उत्पन्न विवाद की जानकारी पुलिस को दें। हम आपके लिए हमेशा तत्पर हैं, त्वरित कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जनप्रतिनिधियों और पुलिस के सहयोग से विवादों को निपटाया जा सकता है।

एसआइ राजेश कुमार, श्यामदेव सिंह, कांस्टेबल शुभम यादव, बृजेश यादव, ग्राम प्रधान ओमप्रकाश सिंह, रामनरेश प्रसाद, चंद्रपाल चौधरी, रामनेती सिंह, अंकित शुक्ल, अनवर अली, रामनिवास मल्ल, देवकीनंदन चौरसिया, राजेश पासवान आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने भ्रमण कर युवकों समझाया

**खिरकिया बाजार :** इंटरनेट मीडिया पर अग्निपथ योजना के विरोध को देखते हुए जटहां बाजार पुलिस ने सोमवार को कटाई भरपुरवा में भ्रमण कर युवकों को समझाया। कहा कि भ्रामक सूचनाओं से युवा वर्ग परहेज करें। (जासं)

## आठ वारंटी गिरफ्तार

**खिरकिया बाजार :** जटहां बाजार पुलिस ने सोमवार को वारंटियों को अलग अलग गांवों से गिरफ्तार कर जेल भेजा है, जिसमें सभी मारपीट के मामले में वांछित रहे। पकड़े गए वारंटियों में खेसिया के ठग, मौला, अंगद, अलीअहमद, गोविंद और हिरनही के विनोद, विशुनपुरा बुजुर्ग गांव के अली मुहम्मद, हनीफ़ शामिल हैं। (जासं)

# शिकायतों के निस्तारण में न हो लापरवाही

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** जिला मुख्यालय रवींद्रनगर में संचालित जनसुनवाई केंद्र में सोमवार को सांसद विजय कुमार दूबे ने जनपद के विभिन्न ब्लाकों के गांवों से आए लोगों की समस्याएं सुनी और दूरभाष पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण को निर्देश दिया। कहा कि आमजन की शिकायतों के निस्तारण में अधिकारी लापरवाही न बरतें। शासन की मंशा है कि जनता की समस्याओं का समय सीमा में निस्तारण कर दिया जाए।

जनसुनवाई के दौरान कसया ब्लाक के नरकटिया बुजुर्ग की विद्यावती देवी ने बिजली से संबंधित समस्या सांसद के समक्ष रखी तो उन्होंने विभाग के अधिशासी अभियंता को शीघ्र निस्तारण करने को कहा। खड्डा की रेखा गुप्ता ने मुफ्त गैस कनेक्शन के लिए प्रार्थना पत्र सौंपा। पडरौना के अभिषेक मिश्रा, कसया के प्रहलाद सिंह समेत काफी संख्या में लोगों ने सांसद को प्रार्थना पत्र सौंप समाधान कराने की मांग की। भाजपा के मंडल अध्यक्ष शिवमोहन प्रसाद, चंद्रप्रकाश दूबे, रामानुज मिश्रा, सांसद के मीडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय, धीरज पाठक, कुणाल राव, हरीश मिश्रा, ओमप्रकाश वर्मा, विनोद गिरी, विवेक सिंह, सुमंत पांडेय, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



जनसुनवाई केंद्र में लोगों की समस्याएं सुनते सांसद विजय कुमार दूबे( बाएं )● जागरण

# पांच पर गैर इरादतन हत्या का केस

**जासं, नेबुआनौरंगिया :** क्षेत्र के दुबौली में बीते दिनों भूमि विवाद में हुई मारपीट में घायल अधेड़ की मृत्यु के मामले में नेबुआनौरंगिया पुलिस ने सोमवार को प्रधान सहित पांच आरोपितों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

मृतक की पत्नी गीता ने रविवार की शाम को नामजद तहरीर दी थी।

गीता का पड़ोसी से भूमि विवाद चल रहा है। इससे जुड़ा वाद एसडीएम न्यायालय में लंबित है। न्यायालय द्वारा मौके पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया गया है। 16 जून को सुबह विपक्षी विवादित भूमि पर पक्का निर्माण कराने लगे। गीता के पति शंभू चौहान मौके पर विरोध किए तो विपक्षी उन पर लाठी-डंडा से हमला बोल दिए। गांव के लोगों ने बीच बचाव किया। स्वजन शंभू को जिला अस्पताल ले गए, 17 जून की सुबह हालत बिगड़ने पर मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। घर आए स्वजन दरवाजे पर शव रखकर प्रदर्शन करने लगे। एसएचओ गिरीजेश उपाध्याय ने निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिला मामले को शांत कराया। एसएचओ ने बताया कि आरोपित ग्राम प्रधान पंकज मल्ल, गेना, जोगिंदर, नौमी, रोहित चौहान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अश्लील हरकत करने का आरोपी गिरफ्तार

टेकुआटार। कसया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के संचालक पर अश्लील हरकत करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। उसकी हरकत से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर दी थी। तहरीर मिलने के बाद कसया थाने में पुलिस ने आरोपी पर छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया। उसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसओ कसया सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसको जेल भेज दिया गया। संवाद

# प्रधानों से चौराहों पर सीसी कैमरे लगवाने की अपील

## थानाध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता ने ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की

संवाद न्यूज एजेंसी

**अहिरौली बाजार।** थाना परिसर में सोमवार की शाम को थानाध्यक्ष ने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। बैठक में थानाध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखना हम सभी की प्राथमिकता है। थानाध्यक्ष ने ग्राम प्रधानों से चौराहों पर सीसी कैमरे लगवाने की अपील की।

थानाध्यक्ष ने कहा कि गांव में अक्सर छोटी-छोटी बातों पर विवाद हो जाता है। इन सब से बचने के लिए आप सभी समय से हमें सूचना देते रहें। गांव में असामाजिक तत्व पर निगरानी रखते हुए उसकी सूचना दें। ऐसे लोगों विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसआई श्याम देव सिंह, अंकित कुमार शुक्ला, ग्राम प्रधान आनंद सिंह, राहुल चौधरी, नौशाद अहमद, अरविंद यादव, अनवर अली, राजेश पासवान, रामनिवास मल्ल आदि मौजूद थे।



थानाध्यक्ष के साथ बैठक में मौजूद ग्रामप्रधान। संवाद

# पिटाई से घायल की मौत, पांच पर केस

## नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के दुबौली गांव का मामला

**पिपरा बाजार।** दुबौली गांव में भूमि विवाद में हुई मारपीट में घायल अधेड़ का इलाज कराने ले जाने के दौरान रास्ते मे हुई मौत के मामले में पुलिस प्रधान सहित पांच लोगों पर गैर इरादतन हत्या सहित अन्य आरों में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

नेबुआ नौरंगिया थाना के दुबौली गांव में 16 जून को भूमि विवाद में 50 वर्षीय शंभू चौहान को पीटकर घायल कर दिया गया था। गांव के पांच लोगों पर उन्हें पीटने का आरोप लगा था। 17 जून भोर में अस्पताल ले जाते समय शंभू ने रास्ते में दम तोड़ दिया। परिजन शव को घर लाकर दरवाजे पर रखकर धरने पर बैठ गए और प्रधान सहित अन्य आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग करने लगे थे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गिरजेश उपाध्याय ने बताया कि प्रधान सहित पांच आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। संवाद

### आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

# ग्राहक सेवा केंद्र कर्मचारी को चाकू मारकर सात लाख पांच हजार की लूट

## तरयासुजान थानाक्षेत्र स्थित गोपालपुर बाजार के पास की घटना, जांच में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** जिले के तरयासुजान थानाक्षेत्र स्थित गोपालपुर बाजार, ओझवलिया गांव के पास बाइक सवार बदमाशों ने युवक को चाकू मारकर 7 लाख 5 हजार रुपये लूट लिए। युवक रुपये लेकर ग्राहक सेवा केंद्र जा रहा था।

जानकारी के अनुसार ग्राहक सेवा केंद्र के कर्मचारी अरविंद पटेल ने दोपहर में पंजाब नेशनल बैंक से रुपये निकाले थे। इन रुपयों को लेकर ग्राहक सेवा केंद्र आया था। यहां से शाम लगभग छह बजे सिसवां नहर स्थिति दूसरे ग्राहक सेवा केंद्र जा रहा था। रास्ते में ओझवलिया के गोपालपुर बाजार के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने युवक को घेरकर रोक लिया। उसके पेट में चाकू मारकर रुपयों से भरा बैग लेकर भाग गए। देर शाम हुई घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर घायल अरविंद पटेल को पुलिस अस्पताल ले गई। ग्राहक सेवा केंद्र संचालक विनोद कुमार से जानकारी लेकर पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से जानकारी जुटा रही है।



चाकू लगने से घायल युवक। संवाद


वादताद के बाद जांच करती पुलिस। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-06-2022

# वारंटी के घर पर चस्पा किया नोटिस

निचलौल। निचलौल कस्बे के जिगनहवां मोहल्ले में सोमवार को एक वारंटी के घर पुलिस ने मुनादी लगाकर कोर्ट से जारी नोटिस चस्पा किया। जिगनहवां मोहल्ला निवासी मनोज मद्धेशिया के खिलाफ दर्ज एक मुकदमें में वह कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था।

कोर्ट में हाजिर होने के आदेश की भी वह अवहेलना किया था। इसके बाद उसके खिलाफ वारंट जारी हुआ। उसकी पत्नी बेबी ने कोर्ट में अपने गुजर-बसर के लिए खर्चे का दावा किया था, प्रतिवादी न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ। पुलिस ने नोटिस उसके घर के दरवाजे पर चस्पा किया है। एसआई बृजभान यादव, हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह, कांस्टेबल सतीश वारंटी के घर पहुंच कर मुनादी लगाते हुए दो गवाहों के समक्ष नोटिस चस्पा किया है।

# भारत बंद का असर नहीं फोर्स ने किया पैदल मार्च



अग्निपथ योजना के विरोध के मद्देनजर सोमवार को कलक्ट्रेट परिसर में फोर्स की तैनाती रही।

## सतर्कता

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** अग्निपथ योजना को लेकर चल रहे विरोध के मद्देनजर सोमवार को पुलिस खास चौकस रही। कलक्ट्रेट परिसर सहित हर उस जगह पर फोर्स तैनात रही, जहां विरोध होने की आशंका थी। इसके अलावा रेलवे स्टेशनों पर खास चौकसी रही। हर थाना क्षेत्र में सक्रिय पुलिस टीम ने पैदल मार्च किया। वहीं भारत बंद की सूचना को लेकर भी सुरक्षा के मद्देनजर जांच अभियान चलाया गया।

एसपी डॉ. कौस्तुभ के निर्देशानुसार सभी थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों द्वारा भारी पुलिस बल के साथ दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैश होकर गस्त बढ़ा दिया। रेलवे स्टेशनों, रोडवेज बस स्टैंड, सरकारी प्रतिष्ठान व अन्य स्थानों पर पैदल मार्च कर सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं एवं आमजनमानस के साथ संवाद कर अग्निपथ स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए विरोध प्रदर्शन व उपद्रव से दूर रहकर शांति सुरक्षा बनाए रखने की अपील की।

**भारत बंद की सूचना पर रेलवे स्टेशन से लेकर चौक चौराहों तक लगी रही फोर्स : नौतनवा।** नौतनवा कस्बे के विभिन्न चौक चौराहों के अलावा नौतनवा रेलवे स्टेशन पर सोमवार को भारी पुलिस फोर्स की तैनाती रही। एसडीएम दिनेश मिश्रा एवं सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय भी रेलवे स्टेशन पहुंचकर हालात का जायजा लेते रहे। वहीं भारत बंद की सूचना से सुरक्षा के मद्देनजर नौतनवा पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रही।

**अग्निपथ योजना के प्रति एनसीसी कैडेट्स को किया जागरूक : नौतनवा।** एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा एवं सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय ने सोमवार को कस्बे में स्थित नौतनवा इंटर कॉलेज पहुंचकर एनसीसी के विद्यार्थियों को अग्निपथ योजना को लेकर जागरूक किया।

# सुरक्षा में चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस

**जासं, महराजगंज:** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आगमन को लेकर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम स्थल के गेट पर विशेष जांच पड़ताल की व्यवस्था की गई थी। बिना तलाशी किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं थी। सुरक्षा व्यवस्था में अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार के नेतृत्व में पांच उपाधीक्षकों, 10 निरीक्षकों, 40 उपनिरीक्षकों के साथ कुल 230 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। हेलीपैड पर स्वयं पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ सीओ लाइन के साथ मौजूद रहे। र कार्यक्रम स्थल के मंच तक पुलिसकर्मियों की तैनाती रही।

# सी- प्लान एप से 50 हजार लोगों से संपर्क साधेगी पुलिस

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** अग्निपथ योजना को लेकर देश भर में हो रहे विरोध प्रदर्शन को देखते हुए जिला पुलिस ने एक बार फिर से सी-प्लान एप को सक्रिय कर दिया है। इसके लिए जिले के सभी थाना क्षेत्रों से गांव और कस्बों के सम्मानित लोगों के नाम व मोबाइल नंबर जोड़े जा रहे हैं, ताकि अग्निपथ को लेकर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने या अफवाह फैलने पर पुलिस संभ्रांत लोगों से संपर्क साधकर मामले की सच्चाई का पता लगा सके। इसके लिए जिले में 50 हजार से अधिक छात्रों को सम्मिलित करने का लक्ष्य थानों को भेजा गया है।

किसी भी विवाद को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से सामंजस्य स्थापित करने के लिए पुलिस विभाग की ओर से सी-प्लान एप लांच किया गया है। इस एप का उद्देश्य कम्युनिटी पुलिसिंग, आमजन से सीधे संवाद, कानून

## जिले में और भी सक्रिय होगा पुलिस का सी-प्लान एप, खुराफात करने व अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस करेगी कड़ी कार्रवाई

व्यवस्था बनाना और पुलिस के कार्यों में भागीदारी बढ़ाना है। विधानसभा चुनाव के समय इस एप पर करीब 30 हजार से अधिक लोगों का डाटा फीड किया जा चुका है। अब वर्तमान माहौल को देखते हुए पुलिस विभाग ने एक बार फिर इस एप को सक्रिय कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने बताया कि सी-प्लान एप पर जिले के 882 गांवों के लोगों का नाम व डाटा मौजूद है, कहीं पर भी किसी प्रकार की घटना होते ही एक क्लिक में संबंधित लोगों का नाम और मोबाइल नंबर स्क्रीन पर आ जाएगा।

## भाइयों में बंटवारे को लेकर चल रहा था विवाद, पिता की सहमति न होने के चलते नाराज था आरोपित

# पिता की हत्या करने के लिए शिव ने मुंगेर से मंगाई थी पिस्टल

सच्चिदानंद मिश्र ● महराजगंज

- **पुलिस को बताया कि पिता को रास्ते से हटाना चाहता था**
- नैतनवा के मालवीय नगर वार्ड में सुबह के समय हुई घटना

सोमवार की सुबह नौतनवा के मालवीय नगर वार्ड में भाई की गोली मारकर हत्या करने के आरोपित शिव वर्मा की गिरफ्तारी के बाद नया मामला प्रकाश में आया है। आरोपित ने पिता विश्वनाथ की हत्या के लिए बिहार के मुंगेर से तीन माह पूर्व असलहा मंगाया था और बचाव में आए भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। पिता विश्वनाथ द्वारा अपने जीते-जी बेटों में संपत्ति का बंटवारा न करने की वजह से आरोपित लंबे समय से विवाद कर रहा था।

पेशे से स्वर्णकार विश्वनाथ के कुल सात पुत्रों में आरोपित पैतृक व्यापार से जुड़ा है, मृतक भी जुड़ा था। विश्वनाथ का नौतनवा नगर पालिका में मालवीयनगर वार्ड के अलावा बिस्मिलनगर वार्ड में भी मकान है। पिछले दिनों चौथे नंबर के पुत्र शिव वर्मा ने पिता से पैतृक संपत्ति के बंटवारे की बात कही थी, जिसपर पिता ने उसे डांटकर भगा दिया था। इसके बाद विश्वनाथ ने सभी पुत्रों को बुलाकर अपने जीते-जी पैतृक संपति का बंटवारा न करने का फैसला सुनाया था, जिसके बाद से ही आरोपित आक्रोशित था।



कैलाश वर्मा की फाइल फोटो।

नौतनवा थानाध्यक्ष राजेश पांडेय ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी के बाद उसने बिहार के मुंगेर से असलहा मंगाने की बात कबूल की है, पुलिस की पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह अपने पिता को रास्ते से हटाना चाहता था, ताकि उनकी मृत्यु के बाद पैतृक संपत्ति के बंटवारे का रास्ता साफ हो जाएगा, लेकिन उसमें बाधक बनने वाले भाई कैलाश को मारना पड़ा।



जिला अस्पताल में स्वजन को समझाते एसपी डा.कौस्तुभ ● जागरण

**सिर से उठ गया पिता का साया** : हत्या के बाद नौतनवा के मालवीयनगर वार्ड में कैलाश की पत्नी विजयलक्ष्मी और दो बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना में सात वर्षीय पुत्र एमन और पांच वर्षीय पुत्री जया के सिर से पिता का साया उठने से वह जहां इस विकट परिस्थिति में अवाक है, वहीं उनकी मां विजयलक्ष्मी भी पूरी तरह से टूट चुकी हैं। पिता विश्वनाथ ने आरोपित पुत्र शिव के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



नौतनवा के मालवीय नगर वार्ड में घटना की जांच करती पुलिस ● जागरण

# पैर फिसलने से नहर में डूब कर चौकीदार की मृत्यु

**परतावल :** धरमौली गांव के चौकीदार की नहर में गिरकर डूबने से मृत्यु हो गई। चौकीदार इंद्रासन यादव रविवार को नहर में भैंस नहलाने गया था। देर रात तक जब वह घर न लौटने पर स्वजन परेशान हो गए। सोमवार को शव कुशीनगर जिले में नहर में मिला। स्वजन शव को गांव ले आए। (जासं)

# भूमि विवाद में दो महिलाओं में मारपीट

**फुलमनहा :** मटिहनवा गांव के ओरियापुर में सोमवार को सुमित्रा और गुड़िया देवी के बीच भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई, जिसमें सुमित्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी बृजमनगंज ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष बृजमनगंज चंद्रहास मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है, जांचकर कार्रवाई की जाएगी। (जासं)

# मांगी 20 लाख रंगदारी एक हिरासत में

**जागरण संवाददाता, पनियरा :** गांगी बाजार स्थित मेडिकल स्टोर संचालक मनोज चौधरी के मोबाइल पर अज्ञात युवक द्वारा फोन कर सोमवार की सुबह 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है।



मामले में पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने एक आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

गांगी बाजार के ही मूल निवासी मनोज चौधरी चौराहे पर मेडिकल स्टोर चलाते हैं। आरोप है कि सोमवार को सुबह लगभग 10 बजे एक अज्ञात मोबाइल नंबर से इनके मोबाइल पर फोन आया और दूसरी तरफ से आरोपित ने 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। आरोपित ने रुपये न देने पर उनके परिवार वालों को गोली मारने की भी धमकी दी। फोन आने के बाद डरे सहमे मनोज चौधरी ने घटना की सूचना त्वरित पनियरा पुलिस को देते हुए मामले में जांच की मांग की। मामले में थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही एक आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है, साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एंटी रोमियो की टीम ने महिलाओं को सुरक्षा के लिए किया जागरूक



बूढ़ाडीह कला में महिलाओं को जागरूक करती एंटी रोमियो टीम ● जागरण

**जासं, निवलील:** बूढ़ाडीह कला में एंटी रोमियो की टीम ने महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने महिला अपराध को रोकने के लिए जानकारी दी। टीम की सदस्य सरिता सिंह ने कहा कि अगर किसी महिला के साथ छेड़छाड़ या अन्य किसी घटना की आशंका है तो तत्काल 1090 नंबर पर इसकी सूचना पुलिस को दें। इसके अलावा उन्होंने बेटियों से कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो तो वह पत्र लिखकर पिंक बाक्स में डाल सकती हैं। पुलिस पिंक बाक्स खोलकर पत्र को देखती है और अपराधियों के ऊपर कानूनी कार्रवाई करती है। दीवान सुभाष गिरी, दिग्विजय पांडेय, धनंजय कसौधन, रीता देवी, कुमारी सानिया, रंभा देवी, कुसुमावती, कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एसएसबी ने खाद तस्करी करते नेपाली नागरिक को पकड़ा

**जागरण संवाददाता, नौतनवा:** एसएसबी 66 वीं वाहिनी सीमा चौकी हरदीडाली के जवानों ने सोमवार को एक नेपाली नागरिक को तस्करी करते पकड़ लिया, जबकि मौका देख दूसरा भागने में सफल रहा।

कार्यवाहक कमांडेंट वरुण कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान सुंडीघाट भारत-नेपाल सीमा के पास बाइक व साइकिल सवार को जांच के दौरान रोका गया, उस पर सात बोरी यूरिया, दो बोरी डीएपी, दो बोरी गेहूं बरामद हुआ। पकड़े गए युवक ने अपना नाम पंचम लोनिया निवासी पडरहवा वार्ड नंबर दो जिला रुपनदेही (नेपाल) बताया। एक इंडियन बाइक व साइकिल बरामद कर अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय नौतनवा को सिपुर्द कर दिया गया है।



# क्षेत्र में भ्रमण कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**नौतनवा :** अग्निपथ योजना को लेकर उपद्रव की आशंका को देखते हुए एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र, सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय व इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने क्षेत्र में भ्रमण कर यथास्थिति का जायजा लिया। अफसरों ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए संदिग्ध दिखे व्यक्ति की सूचना देने की अपील की। रेलवे स्टेशन, गांधी चौक, घंटाघर चौक, पुराने नौतनवा, भुंडी व परसोहिया मोहल्ले में गश्त कर नागरिकों को सुरक्षा का अहसास कराया। एसडीएम ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस की मदद करें। कोई घटना व अपराध का संदेह होने पर सूचना दें। (जासं)

# महराजगंज में संपत्ति विवाद में छोटे भाई की गोली मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**नौतनवां (महराजगंज)।** स्थानीय कस्बे के मालवीय नगर वार्ड में सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे संपत्ति विवाद में बड़े भाई ने पिस्टल से गोली मारकर छोटे भाई की हत्या कर दी। गोली मारने वाले की लोगों ने पिटाई करके पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से पिस्टल, मैगजीन और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने देर शाम हत्या का मुकदमा दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक, कस्बे के मालवीय नगर वार्ड निवासी विश्वनाथ वर्मा के सात पुत्र हैं। चार पुत्र उनके साथ मालवीय नगर वार्ड और शिव

## आरोपी पर हत्या का मुकदमा दर्ज, सुबह हुई वारदात

वर्मा समेत तीन पुत्र कस्बे के बिस्मिल नगर वार्ड स्थित दूसरे घर में परिवार सहित रहते हैं। विश्वनाथ के तीसरे नंबर के पुत्र शिव तथा चौथे नंबर के पुत्र कैलाश के बीच भारत और नेपाल में मौजूद संपत्तियों को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था।

सुबह 8:30 बजे कैलाश मालवीय नगर वार्ड स्थित घर से भैरहवा स्थित दुकान पर जाने के लिए निकल रहे थे, तभी उनके बड़े भाई शिव वर्मा दरवाजे पर मिल गए। जमीन के संबंध में दोनों में नोकझोंक हुई। इसी बीच

दो सगे भाइयों के बीच जमीन के विवाद में हत्या हुई है। आरोपी भाई को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या की धारा के तहत केस दर्ज किया गया है। – **निवेश कटियार**, अपर पुलिस अधीक्षक

शिव ने पिस्टल निकालकर कैलाश को गोली मार दी। गोली कैलाश के दाहिने कंधे के नीचे लगी। गोली की आवाज सुनकर परिजन और वार्ड के लोग बाहर आ गए और शिव की पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। दोनों को सीएचसी नौतनवां में भर्ती कराया गया कैलाश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनकी मौत हो गई। संवाद

# भारत बंद का नहीं दिखा असर, सतर्क रही पुलिस

## रेलवे और बस स्टेशन समेत सार्वजनिक स्थलों पर रहा कड़ा पहरा

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जिले में सोमवार को भारत बंद के आह्वान का कुछ खास असर नहीं दिखा। दुकानें खुली रहीं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। पुलिस कर्मी सभी प्रमुख स्थानों पर सतर्क रहे। नौतनवां, घुघली, फरेंदा एवं सिसवा रेलवे स्टेशन पर विशेष चौकसी बरती गई। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था रही।

शहर में बस स्टेशन से लेकर सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिस गश्त करती रही। शहर से सटे शिकारपुर, चौक बाजार, बागापार, सिंदुरिया, मिठौरा समेत अन्य स्थानों पर बंद का कुछ खास असर नहीं दिखा। सामान्य स्थिति बनी रही। दिनभर अग्निपथ योजनाओं के बारे में इधर-उधर चर्चा होती रही। कुछ ने

*जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिस तैनात रही। प्रत्येक हलचल पर नजर बनी रही। जिले में स्थिति सामान्य बनी रही।*
**- डॉ. कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक**

योजना की खामियों को गिनाया तो कुछ ने अच्छाइयों के बारे में जानकारी दी।

नौतनवां प्रतिनिधि के अनुसार अग्निपथ योजना के विरोध में भारत बंद के आह्वान के दृष्टिगत स्थानीय कस्बे में एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा एवं सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन समेत नगर के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस फोर्स व्यापक स्तर पर तैनात रही।

हालांकि प्रशासनिक तत्परता और लोगों की जागरुकता से नगर



नौतनवां रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा में तैनात एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा एवं सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय। संवाद

में शांति व्यवस्था बनी रही। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय एवं चौकी प्रभारी राजेंद्र कुमार सिंह क्षेत्र का दौरा कर पल-पल की खबर लेते रहे।

# मृतक की बाइक घटना स्थल से एक किलोमीटर दूर मिली

## रविवार सुबह मिला था व्यवसायी का शव

चौक बाजार। स्थानीय थाना क्षेत्र के परासखाड़ गांव के पूरब बागीचे में कपड़ा व्यवसायी रंजीत साहनी का शव रविवार सुबह संदिग्ध अवस्था में आम के पेड़ से लटका मिला था। सोमवार सुबह उसकी बाइक गांव के परसिया टोला के बुद्ध विहार के पास अर्धनिर्मित एक मकान में मिली।

पुरंदरपुर क्षेत्र के टेढ़ी निवासी रंजीत साहनी झुंगवा चौराहे पर कपड़े की दुकान करते थे। शनिवार को दुकान बंद करके घर पर खाना खाया तथा कपड़े की खरीदारी करने खलीलाबाद जाने की बात कह कर बाइक से रुपये लेकर चले गए। रविवार को उनका शव परासखाड़ गांव के पूरब बगीचे में मिला था। उसकी बाइक का पता नहीं चल पाया था। सोमवार सुबह पुलिस को किसी ने सूचना दी कि मृतक रंजीत की बाइक घटना स्थल से करीब एक किलोमीटर दूर एक सुनसान अर्धनिर्मित मकान के गैलरी में है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक और सीट पर बंधा बोरा मौके से बरामद कर थाने ले आई। पिता परशुराम साहनी का कहना है कि बेटा कपड़े की खरीदारी करने गया था। वह आत्महत्या नहीं कर सकता। बाइक को दूसरे के मकान में छुपाकर एक किलोमीटर दूर जाकर आत्महत्या करने की वजह समझ में नहीं आ रही है। थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ हो जाएगी। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-06-2022

# पत्नी को भगा ले जाने पर केस

बस्ती। पैकोलिया थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि उसकी पत्नी को गांव का रहने वाला व्यक्ति भगा ले गया। उलाहना देने पर घरवालों ने अपशब्द कह धमकाया। पुलिस ने गांव के रामकिशोर व रंगीलाल पर केस दर्ज किया है। गोंडा के एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने एक किशोरी को बहलाकर अगवा करने के आरोप में तीन पर केस दर्ज किया।

# क्रेडिट कार्ड ऑफर दे उड़ाए 44 हजार

बस्ती। कोतवाली में तहरीर देकर मिल्लतनगर बेलवाडाड़ी निवासी साजिद अली ने बताया है कि पांच विभिन्न मोबाइल नंबरों से अज्ञात व्यक्ति ने उनके मोबाइल पर फोन कर क्रेडिट कार्ड के लिए ऑफर दिया।

झांसा देकर जानकारी हासिल की। इसके बाद उनके मोबाइल नंबर व मेल पर खाते से 44 हजार 536 रुपया कटने की सूचना मिली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

कार्रवाई | प्रधान, सचिव, प्रशासनिक समिति सदस्यों पर साथ देने का आरोप, प्रधान के साथ सचिव व लाभार्थी पर केस

# फर्जी कोविड 19 का प्रमाण पत्र लगाया, केस

- ग्राम पंचायत के चयन प्रस्ताव पर जिला कमेटी ने कराई थी जांच
- प्रमाण पत्र प्रतापगढ़ जिले से जारी होना दिखाया गया है

बस्ती, निज संवाददाता। विकास खंड बहादुरपुर की ग्राम पंचायत सिल्लों में पंचायत सहायक चयन के लिए कोविड 19 से मृत्यु का फर्जी प्रमाण पत्र लगाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम प्रधान, सचिव व प्रशासनिक समिति सदस्यों ने भी चयन पर मुहर लगाते हुए जिला समिति को चयन सूची भेज दी। जिला समिति ने जांच कराया तो कोविड 19 का प्रमाण पत्र फर्जी पाया। अब लालगंज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर प्रधान, सचिव, लाभार्थी व समिति सदस्यों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है।

ग्राम पंचायत सिल्लो निवासी राम सुरेश पुत्र राम भवन ने दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक कम डाटा इंट्री पद के लिए आवेदन किया। उसके कुल भारांक 82 थे, लेकिन प्रधान, सचिव व प्रशासनिक समिति के सदस्यों ने 73 भारांक वाले हरिशंकर यादव पुत्र स्व. रामगोपाल का चयन कर लिया। चयन का आधार हरिशंकर यादव के पिता स्व. रामगोपाल के कोविड 19 से मृत्यु का प्रमाण पत्र लगाया जाना बताया। ग्राम पंचायत ने हरिशंकर का चयन कर स्वीकृति के लिए जिला कमेटी को भेज दिया। अपने कम अंक वाले का चयन होता देख राम सुरेश ने डीएम, डीपीआरओ व बीडीओ को प्रार्थना पत्र देकर जांच की मांग किया। संपूर्ण समाधान दिवस में भी मामले को उठाया और कहा कि चयन नियम विरूद्ध हुआ है।

मामला सुलझता न देख राम सुरेश ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और कोर्ट से 156 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कराने की फरियाद की। इसी बीच जिला चयन समिति ने सिल्लो के चयनित उम्मीदवार के प्रमाण पत्र की जांच कराने के लिए सीएमओ बस्ती को कोविड 19 का प्रमाण पत्र भेजा। कोविड 19 से पीड़ित होने का प्रमाण पत्र प्रतापगढ़ जिले से जारी होना दिखाया गया था। सीएमओ बस्ती कार्यालय ने इस संदिग्ध माना तो जिला चयन समिति ने प्रमाण पत्र को प्रतापगढ़ भेजते हुए सत्यापन का अनुरोध किया। सीएमओ प्रतापगढ़ से मिले जबाब में बताया गया कि इस प्रमाण पत्र पर स्व. राम गोपाल नामक कोई व्यक्ति कोविड पॉजिटिव नहीं पाया गया है।

## कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

कोविड 19 का प्रमाण पत्र फर्जी साबित होने पर कोर्ट ने लालगंज पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश पारित किया। इस पर पुलिस ने राम सुरेश की तहरीर पर हरिशंकर यादव निवासी सुकरौली, ग्राम पंचायत सिल्लो, ग्राम प्रधान सिल्ला अनीता, सचिव अजय सिंह व सिल्ला ग्राम पंचायत के प्रशासनिक समिति के सदस्यों के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है।

# अग्निपथ को लेकर भेजा भड़काऊ मैसेज, मुकदमा

बस्ती, हिसं। कोतवाली पुलिस ने अग्निपथ योजना के विरोध में वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से भड़काऊ मैसेज भेजने के आरोप में मुकदमा कायम किया है।

पुलिस कार्यालय के अनुसार सोमवार को आरोपी शाद उर्फ शद्दू निवासी तुर्कहिया गांधीनगर थाना कोतवाली ने अग्निपथ योजना के विरोध में वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से भड़काऊ मैसेज भेजा। इससे युवा हिंसक रुप धारण कर सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि आरोपी शाद उर्फ शद्दू के विरुद्ध आईपीसी 505(2) के तहत केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# 17 वर्षीय किशोरी घर से लापता

**घघौवा।** छावनी थानाक्षेत्र के सेवरालाला गांव की एक 17 वर्षीय किशोरी रविवार को दोपहर में घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने सोमवार को छावनी थानाध्यक्ष को तहरीर दी। बताया कि घर के सभी सदस्य खेत में काम करने व बाजार गए थे। पूर्वाह्न करीब 11 बजे लौटे तो देखा कि बेटी घर पर नहीं है। थानाध्यक्ष उमाशंकर ने बताया कि पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही गायब किशोरी को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# खेत पर दबंगों ने किया कब्जा

घघौवा। छावनी थानाक्षेत्र के शंकरपुर गांव में चकबंदी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। चकबंदी विभाग ने खेतों की पैमाइश कर किसानों के गाटा की निशानदेही पर कर दिया। अब किसान अपने गाटों पर कब्जा करने जा रहे तो पहले कब्जा किए किसान उस खेत को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। गांवों में विवाद की बाढ़ आ गई है।

रविवार को एक ऐसा ही एक मामला छावनी थाने पर पहुंचा। शिकायतकर्ता रामतिलक यादव ने थाने पर दिए तहरीर में बताया कि एक सप्ताह पूर्व चकबंदी विभाग के लेखपाल व राजस्व निरिक्षक की टीम ने बकायदा उनके गाटे की पैमाइश कर नियमानुसार कब्जा दिलाया। लेकिन गांव के रामकरन यादव, राजकरन, सुनील व रामकुमार ने अपने पूर्व के कब्जे की जमीन किसी भी हालत में न छोड़ने की बात कह कर रामतिलक के साथ अभद्रता करते हुए खेत में ही मारने के लिए दौड़ा दिया। बुजुर्ग रामतिलक का पूरा परिवार सहमा हुआ है। छावनी थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि चकबंदी विभाग से रिपोर्ट लेकर किसान को कब्जा दिलाने के साथ ही दबंगों पर कार्रवाई की जाएगी।

# पिस्टल तानने पर चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद।** आपसी विवाद में सिपाही पर पिस्टल तानने वाले मुंडेरवा थाना के खजौला चौकी इंचार्ज रितेश कुमार सिंह को एसपी आशीष श्रीवास्त ने लाइन हाजिर कर दिया है। मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है। उसकी जगह पर जेल गेट चौकी प्रभारी चन्द्र प्रकाश यादव को खजौला चौकी का प्रभारी बनाया गया है। आपके अपने समाचार पत्र 'हिन्दुस्तान' ने सोमवार के अंक में 'चौकी इंचार्ज ने सिपाही पर तानी पिस्टल, जांच' शीर्षक से खबर प्रकाशित कर इस सनसनीखेज घटना का खुलासा किया था।

- **भूमि विवाद में खजौला चौकी इंचार्ज ने सिपाही पर तानी थी पिस्टल**
- **पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चौकी इंचार्ज पर हुई कार्रवाई**
- **जेलगेट प्रभारी चंद्र प्रकाश बने खजौला चौकी प्रभारी**

सूत्रों के मुताबिक मुंडेरवा थाने की हाइवे स्थित खजौला चौकी पर शनिवार को दोपहर में एक जमीनी विवाद के मामले को लेकर चौकी इंचार्ज रितेश कुमार सिंह और सिपाहियों के बीच बातचीत चल रही थी। बातचीत के दौरान ही कहासुनी शुरू हो गई।

आरोप है कि मामला इतना बिगड़ गया कि चौकी इंचार्ज रितेश कुमार सिंह ने हेड कांस्टेबल अशोक कुमार सिंह का जबड़ा पकड़ते हुए अपनी सर्विस पिस्टल उसके ऊपर सटा दिया। इससे पहले की गोली चल जाती मौजूद अन्य सिपाहियों ने चौकी इंचार्ज को पकड़ते हुए पिस्टल उसके हाथ से छीन ली।

अचानक हुए इस घटनाक्रम से चौकी पर मौजूद करीब आधा दर्जन सिपाही सहम गए। किसी ने इसकी सूचना मुंडेरवा थाने के प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम राय को दी। वहीं डरे हुए हेड कांस्टेबल अशोक सिंह ने एसपी आशीष श्रीवास्तव के सामने पेश होकर घटनाक्रम की जानकारी दी थी। इस घटना के बाद से खजौला चौकी पर दहशत का माहौल है तो पीड़ित हेड कांस्टेबल पर अपनी चौकी पर जाने की बजाए मुंडेरवा थाने पर शरण लिए हुए है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस तरह का कार्य किसी भी दशा में क्षम्य नहीं किया जाएगा। विभाग में कार्यरत सभी लोगों को अनुशासन में रहना चाहिए नहीं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

# कानपुर हिंसा के आरोपी को बस्ती जेल में किया शिफ्ट

## निगरानी

**बस्ती, निज संवाददाता।** कानपुर की नई सड़क हिंसा के आरोपी जावेद अहमद खान को शासन के आदेश पर जिला कारागार बस्ती में शिफ्ट कर दिया गया है। कड़ी सुरक्षा के बीच उसे रविवार को बस्ती जेल लाया गया है। यहां सुरक्षा कारणों के चलते उसे बंदीरक्षकों की कड़ी निगरानी में क्वारंटीन बैरक में रखा गया है। जेल प्रशासन के अनुसार जिला कारागार में आने के बाद उससे मिलने अभी तक कोई नहीं आया है। विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

प्रशासनिक आधार पर कानपुर जिला कारागार से बस्ती जेल भेजे गए आरोपी जावेद अहमद खान की रविवार की पहली रात करवटें बदलने में ही बीत गई। उसे देर रात तक नींद नहीं आई। जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने बताया कि कानपुर नगर से बंदी जावेद अहमद खान को शासन के आदेश पर रविवार को बस्ती जेल में लाया गया है। फिलहाल उसे क्वारंटीन बैरक में रखा गया है और निगरानी बढ़ा दी गई है।

अगर आरोपी जावेद अहमद खान से मुलाकात करने कोई आता है तो डिप्टी जेलर की मौजूदगी में ही संबंधित से उसकी मुलाकात कराई जाएगी। जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल के अंदर स्थापित पीसीओ से बात करने के लिए वेरीफिकेशन की व्यवस्था होगी। बंदी जावेद के स्तर से उपलब्ध कराए जाने वाले मोबाइल नंबर का कानपुर पुलिस से सत्यापन कराया जाएगा। इसके बाद ही पीसीओ से बात करने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

# अग्निपथ के विरोध में प्रदर्शन की तैयारी कर रहे 15 गिरफ्तार

## एपीएन पीजी कालेज बस्ती के पास दोपहर 12.30 बजे कोचिंग संचालक पंकज चौधरी की अगुवाई में विरोध-प्रदर्शन करने वाले थे युवक

**जागरण संवाददाता, बस्ती** कोतवाली पुलिस की सक्रियता से बस्ती में एपीएन पीजी कालेज के सामने अग्निपथ के विरोध में प्रदर्शन करने की योजना बना रहे 15 लोग पकड़ लिए गए। उनके पास से विरोध प्रदर्शन के लिए तैयार किए गए बैनर व पोस्टर भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में दो बाल अपचारी भी शामिल हैं। कोतवाली में 24 सहित कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

सोमवार को दिन में 12.30 बजे एपीएनपीजी कालेज बस्ती के पास अग्निपथ योजना के विरोध में करीब 30-35 लोग इकट्ठा होकर प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे थे, इसकी भनक जैसे एलआइयू और कोतवाली पुलिस को लगी, पुलिस सक्रिय हो गई। प्रभारी एंटी स्क्वायड टीम गजेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी चौकी सिविल लाइन सर्वेश कुमार, प्रभारी चौकी रौता रवींद्र यादव, प्रभारी चौकी गांधीनगर मनीष जायसवाल व प्रभारी चौकी बड़ेबन मुनींद्र त्रिपाठी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। मौके पर मौजूद 15 लोगों को प्रदर्शन सामग्री (बैनर, पोस्टर) के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। इनमें बाल अपचारी हैं। मामले में 24 नामजद व कुछ अज्ञात प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध कोतवाली में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार प्रदर्शनकारी सुरक्षा एकेडमी सेना भर्ती कोचिंग के संचालक पंकज चौधरी निवासी पेड़री थाना हर्रैया के नेतृत्व में प्रदर्शन करने वाले थे।



कोतवाली में गिरफ्तार किए गए युवक • जागरण

**एपीएनपीजी कालेज के पिछले गेट से पहुंचे थे प्रदर्शनकारी:** बताया गया कि एपीएनपीजी कालेज के पीछे वाले गेट के रास्ते मालवीय रोड की ओर से प्रदर्शनकारी पहुंचे थे इनकी संख्या करीब तीन दर्जन थी। प्रदर्शनकारी जैसे ही कालेज के मुख्य गेट पर पहुंचे कालेज के जिम्मेदारों ने टोका तो वे बहानेबाजी करने लगे। इसी बीच कालेज से ही किसी ने कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी।

**गिरफ्तार आरोपित:** विरोध प्रदर्शन से पूर्व गिरफ्तार किए गए लोगों में पंकज चौधरी निवासी पेड़री थाना हर्रैया, शनि कुमार निवासी नानकर थाना दुबौलिया, राज पांडेय निवासी रामपुर थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर, विनय चौधरी निवासी गंगौर थाना मुंडेरवा, मनोज चौधरी बेलगाईं थाना महुली जनपद संतकबीर नगर, विकास चौधरी निवासी नगनगर थाना दुबौलिया, अनिल कन्नौजिया निवासी कठमिया थाना परसरामपुर, अभिषेक निवासी मेघौना थाना कप्तानगंज, इंद्रजीत यादव निवासी रैंकाबाद थाना कलवारी, मुकेश वर्मा निवासी अभनन थाना गौर, सतीश चौधरी निवासी नौवागांव थाना सोनहा, रमेश चौधरी निवासी टिकरिया थाना कोतवाली, विनय यादव निवासी रैंकाबाद थाना कोतवाली व दो बाल अपचारी शामिल हैं।

**चौकी प्रभारी व आरक्षी को मिला पुरस्कार:** एसपी ने प्रभारी चौकी सिविल लाइन सर्वेश कुमार व चौकी-1 आरक्षी प्रमोद यादव को तत्परता व सूझ-बूझ से लिये गये निर्णय के लिए 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया है।

---

# भड़काऊ मैसेज करने के आरोप में मुकदमा

**जासं, बस्ती:** कोतवाली पुलिस ने शाद उर्फ शद्दू निवासी तुर्कहिया गांधीनगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि शद्दू द्वारा अग्निपथ योजना के विरोध में वाट्स एप ग्रुप के माध्यम से भड़काऊ मैसेज भेजा गया। इससे युवाओं द्वारा हिंसक रुप धारण कर सरकारी संपत्ति के नुकसान किये जाने व हिंसा भड़कने की प्रबल संभावना थी।

---

# गड़ही की जमीन पर बनाए गए शौचालय व टीन शेड कराया गया ध्वस्त

**जासं, रुधौली:** रुधौली तहसील क्षेत्र के मझौवा जगत गांव के गड़ही की जमीन पर कब्जा कर शौचालय, टीन शेड बनाने पर तहसील प्रशासन ने सोमवार को कार्रवाई की। उनके निर्माण कार्य को जेसीबी लगाकर ध्वस्त कर दिया गया।

गांव के तीन लोगों ने गड़ही की जमीन पर अतिक्रमण कर रखा था। नंदलाल व झगरु द्वारा टीन शेड रखकर तो हरि गोविंद द्वारा शौचालय बनवाकर कब्जा किया गया था। एसडीएम रुधौली गुलाब चंद्र के निर्देश पर नायब तहसीलदार कमलेंद्र प्रताप सिंह, कानूनगो देवेंद्र यादव, हल्का लेखपाल विद्यासागर व थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह की टीम की मौजूदगी में जेसीबी के माध्यम से टीन शेड व शौचालय को ध्वस्त कराकर अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में किसी ने अतिक्रमण करने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## चोरों ने बंद पड़े घर को खंगाला, मुकदमा

**बस्ती** : कोतवाली क्षेत्र के मन्हनडीह स्थित एक मकान को चोरों ने खंगाल लिया। मनहनडीह निवासी रामचंद्र मिश्रा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वे अपने परिवार के साथ वाराणसी गए थे। इसी दौरान मकान का दरवाजा तोड़कर आलमारी व संदूक में रखे जेवरात, 14 हजार रुपये नकदी, म्यूजिक सिस्टम व जरूरी कागजात के साथ ही अन्य सामान चोर उठा ले गए। 18 जून को जब वह घर लौटे तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दी है। (जासं)

## अवैध मिट्टी खनन में ट्रैक्टर व लोडर मशीन सीज

**पैकोलिया बस्ती** : सोमवार की दोपहर पैकोलिया थाना क्षेत्र के सलहदीपुर गांव स्थित रवई नाले पर अवैध मिट्टी का खनन में लगे ट्रैक्टर व लोडर मशीन को पुलिस ने सीज कर दिया है। हर्रैया की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृत पाल कौर को रवई नदी से मिट्टी खनन की सूचना मिली थी। ऐसे में उन्होंने थानाध्यक्ष पैकोलिया दुर्गेश कुमार पांडेय और पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध मिट्टी खनन रुकवायसा। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि खनन का कार्य रवि पांडेय की ओर से कराया जा रहा था। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के आदेश पर ट्रैक्टर व लोडर मशीन को सीज कर दिया।

## पत्नी को भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा

**बस्ती:** एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी पत्नी को गांव का रहने वाला व्यक्ति भगा ले गया। उलाहना देने पर उसके घरवालों ने अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने रामकिशोर व रंगीलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## न्यायालय के आदेश पर मुकदमा

**बस्ती:** लालगंज पुलिस ने कोर्ट के न्यायालय के आदेश पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज के कड़जा अजमतपुर निवासी विपिन कुमार पांडेय का आरोप है कि विपक्षियों ने सरकारी गल्ले की दुकान को फर्जी दस्तावेज बनाकर कूटरचित तरीके से अपने नाम करा लिया। पुलिस, कोर्ट के आदेश पर आरोपित रिंकू व यशोदा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। (जासं)

# मारपीट में दो पर मुकदमा

**देईसांड़:** लालगंज थानाक्षेत्र के किरकिरवा गांव में मिट्टी हटाने को लेकर 18 जून को दो सगे भाईयों में मारपीट हो गई। आरोप है कि इस दौरान छोटे भाई ने कमल ने कुदाल से बड़े भाई सुभाष पर हमला कर दिया। हमले में घायल का होंठ कट गया। घायल सुभाष ने लालगंज पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पीएम आवास का निर्माण करा रहा है। निर्माणाधीन मकान के सामने ही मिट्टी गिरवाया था। मिट्टी गिरवाने को लेकर छोटे भाई कमल से उसका विवाद हो गया और उसने उन पर हमला कर घायल कर दिया।। पुलिस मामले में तहरीर के आधार पर कमल और उसकी पत्नी सुमन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# कानपुर हिंसा का आरोपित जावेद बस्ती जेल में शिफ्ट

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** कानपुर नई सड़क हिंसा का आरोपित 46 वर्षीय जावेद अहमद खान पुत्र इम्तियाज़ मुहम्मद खान को शासन के आदेश पर ज़िला कारागार बस्ती में शिफ़्ट किया गया। सुरक्षा कारणों से उसे बंदी रक्षकों की कड़ी निगरानी में कोरेंटाइन बैरक में रखा गया है।

जेल प्रशासन के अनुसार अभी उसकी किसी से मुलाक़ात नहीं हुई है, न ही कोई व्यक्ति उससे मिलने अभी तक आया है। रविवार की पहली रात उसने अपने बैरक में करवटें बदलकर बितायी। उसे देर रात तक नींद नहीं आयी। शासन ने कानपुर नई सड़क हिंसा के मामले में मुख्य आरोपितों समेत आठ उपद्रवियों को दूसरे जेलों में शिफ्ट करने का निर्णय लिया था। उसी कड़ी में सह अभियुक्त जावेद को बस्ती जेल में शिफ्ट किया गया है। नियमतः नए बंदियों को 15 दिन तक कोरेंटाइन बैरक में रखना होता है। ऐसे में उसे भी नए बंदियों के साथ कोरेंटाइन बैरक में रखा गया है।

वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने बताया कि जावेद के बैरक की निगरानी बढ़ा दी गई है। अगर उससे कोई मिलने आएगा तो डिप्टी जेलर की मौजूदगी में ही उसकी मुलाक़ात करायी जाएगी तो उस पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

# आइजी, डीएम व एसपी ने जांची रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था



रेलवे स्टेशन पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था देखती डीएम प्रियंका निरंजन साथ में एसपी आशीष श्रीवास्तव व अन्य ● जागरण



गोविन्दनगर रेलवे स्टेशन पर युवकों को समझाते वाल्टरगंज थानाध्यक्ष योगेश सिंह ● जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** युवाओं द्वारा अग्निपथ योजना के विरोध को देखते हुए सोमवार को बस्ती सहित जिले के सभी रेलवे स्टेशनों पर पुलिस बल मुस्तैद रहा। रोडवेज बस्ती में बसों पर सवार या स्टेशन परिसर में मौजूद युवाओं पर पुलिस की विशेष नजर रही।

हाईवे पर मड़वानगर व चौकड़ी के अलावा लुंबिनी-दुद्धी मार्ग पर स्थित अक्सड़ा टोल प्लाजा पर भी पुलिस सतर्क नजर आई। संबंधित प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले कस्बों व बाजारों में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। आइजी राजेश मोडक, डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष श्रीवास्तव की अगुवाई में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने फोर्स के साथ सोमवार की सुबह बस्ती रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जीआरपी और आरपीएफ के जवानों को सतर्क रहने का निर्देश दिया।

बस्ती शहर में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पुरानी बस्ती के मुख्य बाजारों में पैदल मार्च किया।अधिकारियों ने असामाजिक तत्वों पर सख्ती बरतने का निर्देश दिया।

अधिकारियों ने व्यापारियों व दुकानदारों से वार्ता कर दुकानों में सीसी कैमरा लगाने का अनुरोध किया। साथ ही आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों को चेक किया गया। कोतवाल संजय कुमार, रोडवेज चौकी प्रभारी निधि यादव ने पुलिस बल के साथ रोडवेज और आसपास के क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर संदिग्धों की चेकिंग की। वहीं वाल्टरगंज थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने गोविंदनगर रेलवे स्टेशन का भ्रमण कर संदिग्ध मिले युवकों से पूछताछ की। वहीं नगर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी और कलवारी थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ अक्सड़ा टोल से गुजर रहे प्राइवेट बसों में सवार युवकों को बस से उतार कर पूछताछ की।

एसपी ने बताया कि पैदल मार्च कर सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं एवं आमजनमानस के साथ संवाद कर अग्निपथ स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें विरोध प्रदर्शन व उपद्रव से दूर रहने, जनपद में कानून व्यवस्था, सुरक्षा व शांति बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।




अक्सड़ा टोल बूथ पर बस में सवार यात्रियों को उतार कर चेक करती पुलिस ● जागरण



दक्षिण दरवाजा चौक पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते आइजी राजेश मोडक साथ में डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष श्रीवास्तव ● जागरण

# विरोध प्रदर्शन की तैयारी में जुटे 17 गिरफ्तार

## पुलिस ने एपीएन पीजी कॉलेज के पास से की गिरफ्तारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अग्निपथ योजना के विरोध प्रदर्शन के लिए जुटे 17 युवाओं को पुलिस ने एपीएन पीजी कॉलेज के पास गिरफ्तार कर लिया। जिनमें दो नाबालिग बताए जा रहे हैं।

कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि करीब 30-35 लोगों के जुटने की सूचना पर पुलिस पहुंची तो वे भागने लगे। सभी पर धारा 144 के उल्लंघन के साथ ही आईपीसी की अन्य धाराओं में केस दर्ज कर किया है। पूछताछ में पता चला कि सेना भर्ती कोचिंग संचालक पंकज चौधरी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किए जाने के लिए युवक जुटे थे। तत्परता दिखाकर की गई इस कार्रवाई के लिए एसपी आशीष श्रीवास्तव ने संबंधित पुलिस कर्मियों को 25 हजार रुपये पुरस्कार देने का एलान किया है।

### सेना भर्ती कोचिंग सेंटर संचालक के बुलाने पर पहुंचे थे युवक

पुलिस के मुताबिक गांधीनगर स्थित एपीएनपीजी कॉलेज के पीछे मालवीय रोड की तरफ निकलने वाले गेट से सोमवार को दोपहर 30-35 लोग दाखिल हुए। टोकने पर बहानेबाजी करते देख कॉलेज प्रशासन ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी।

थोड़ी ही देर में कोतवाल संजय कुमार के साथ ही पुलिस फोर्स एपीएनपीजी कॉलेज पर पहुंच गई। पुलिस को देख इन लोगों में भगदड़ मच गई। कुछ लोग पीछे के रास्ते से ही भाग निकले। पुलिस ने 17 लोगों को दौड़ाकर पकड़ लिया। इनमें पंकज चौधरी निवासी पेड़ारी थाना हरैया, शनि कुमार निवासी नानकरथाना दुबौलिया, राज पांडेय निवासी रतनपुर थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर, विनय चौधरी निवासी गंगौरा थाना मुंडेरवा, मनीष चौधरी निवासी बेलगाई थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, विकास चौधरी, निवासी नानकार थाना दुबौलिया, अमित कन्नौजिया निवासी करमिया थाना परशुरामपुर, अभिषेक निवासी मेघौण थाना कप्तानगंज, इन्द्रजीत यादव निवासी सैफाबाद थाना कलवारी, मुकेश वर्मा निवासी बभनान थाना गौर, सतीश चौधरी निवासी नौवागांव थाना सोनहा, रत्नेश चौधरी निवासी टिकरिया थाना कोतवाली, विनय यादव निवासी सैफाबाद थाना कलवारी व दो बाल अपचारी शामिल हैं।

# कानपुर हिंसा का आरोपी जावेद जिला कारागार में शिफ्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** तीन जून को कानपुर की नई सड़क हिंसा के आरोपी जावेद अहमद खान को जिला कारागार में रविवार को दाखिल कर दिया गया। शासन के आदेश पर उसे कानपुर की जेल से उसे कड़ी सुरक्षा के बीच बस्ती जेल में लाया गया। जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने बताया कि बंदी रक्षकों की कड़ी निगरानी में उसे क्वारंटीन बैरक में रखा गया है।

बैरक के इर्दगिर्द अतिरिक्त बंदी रक्षकों की तैनात की गई है। बताया जा रहा है कि बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों मुलाकात करने पहुंचने की वजह से इसे गैर जनपद की जेल में भेजा गया है। कानपुर हिंसा के मास्टरमाइंड हयात जफर हाशमी का जावेद अहमद खान दाहिना हाथ बताया जा रहा है। जेल अधीक्षक ने बताया कि अगर आरोपी जावेद अहमद खान से डिप्टी जेलर की मौजूदगी में ही कोई मुलाकात कर सकता है। हालांकि अभी तक उससे मिलने कोई नहीं आया है। जेल मैनुअल के मुताबिक बंदियों की परिवार वालों व अधिवक्ता से बातचीत के लिए जेल के अंदर स्थापित पीसीओ से उसे बात करने के लिए नंबर का पहले सत्यापन कराया जाएगा।

बंदी जावेद जिन नंबरों पर बात करने की इच्छा व्यक्त करेगा, उन नंबरों का कानपुर पुलिस से सत्यापन कराया जाएगा। पीसीओ से बात करने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

### जेल के क्वारंटीन बैरक में रखा गया है कानपुर हिंसा का आरोपी

### डिप्टी जेलर की मौजूदगी में ही कर सकेगा किसी से मुलाकात

### इन बंदियों को गैर जिले में भेजा गया

नई सड़क हिंसा के मुख्य आरोपी हयात जफर हाशमी को चित्रकूट जेल, मोहम्मद राहिल को पीलीभीत, मोहम्मद सूफियान को सोनभद्र, जावेद अहमद खान को बस्ती जेल में भेजा गया है। जबकि पीएफआई एजेंट मोहम्मद उमर का तबादला खीरी जेल और मोहम्मद फैसल को सुल्तानपुर और निजाम कुरैशी देवरिया और सऊद कालिया को कासगंज जेल भेजा गया है।

# महिला को भगा ले जाने के आरोप में केस

**बस्ती।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि उसकी पत्नी को गांव का रहने वाला व्यक्ति भगा ले गया। उलाहना देने पर घरवालों ने अपशब्द कहते हुए धमकाया।

तहरीर के आधार पर गांव के रामकिशोर व रंगीलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गोंडा के एक व्यक्ति की तहरीर पर पैकोलिया पुलिस ने एक किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा करने के आरोप में शिवकुमार समेत तीन के खिलाफ मुकदमा कायम किया है। संवाद

# कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। लालगंज के कड़जा अजमतपुर निवासी विपिन कुमार पांडेय का आरोप है कि विपक्षियों ने सरकारी गल्ले की दुकान को फर्जी दस्तावेज बनाकर कूटरचित तरीके से अपने नाम करा लिया।

इसी लेकर अपशब्द कहते हुए धमकाया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी रिंकू व यशोदा के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# जिले में बंद बेअसर, पुलिस व प्रशासनिक अमला रहा अलर्ट

## अग्निपथ योजना के विरोध के मद्देनजर सतर्कता



डीएम प्रियंका निरंजन और एसपी आशीष श्रीवास्तव ने रोडवेज परिसर का किया निरीक्षण। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अग्निपथ योजना के विरोध में भारत बंद के आह्वान का असर जिले में नहीं रहा। सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान और कार्यालय खुले रहे। बावजूद इसके समूचा पुलिस प्रशासन अलर्ट पर रहा। सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। आईजी राजेश मोदक, डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष श्रीवास्तव, एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी समेत अन्य अधिकारी रेलवे स्टेशन, रोडवेज, प्रमुख मॉल आदि प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे।

रेलवे स्टेशन से दक्षिण दरवाजा तक अधिकारियों ने पैदल मार्च कर लोगों में शांति सुरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान व्यापारियों, सराफा व्यवसायियों व जन सामान्य से बातचीत की। रास्ते में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच की गई। कोतवाली क्षेत्र के बड़ेवन टोल प्लाजा, छावनी के चौकड़ी टोल प्लाजा और नगर बाजार के अकसड़ा खड़ौआ टोल प्लाजा पर पुलिस बल तैनात रहा। वाल्टरगंज, सल्टौआ, सोनहा, भानपुर, रुधौली, मानिकचंद, मुंडेरवा, बनकटी, महादेवा, कुदरहा, लालगंज, गायघाट, कलवारी, बहादुरपुर, दुबौलिया, हर्रैया, महराजगंज, कप्तानगंज, गोटवा, छावनी, विक्रमजोत, सिकंदरपुर, परशुरामपुर, गौर, पैकोलिया, दुबौला, टिनिच, नगर बाजार प्रतिनिधि के मुताबिक क्षेत्र में बाजार प्रतिष्ठान पूर्व की भांति खुले रहे। कहीं से किसी तरह का अप्रिय समाचार नहीं मिला। उधर, समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों ने भारी पुलिस बल के साथ युवाओं 'अग्निपथ स्कीम' के विरोध के दृष्टिगत दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ अपने-अपने सर्किल व थाना क्षेत्र में भ्रमणशील होकर जायजा लिया। साथ ही पैदल मार्च कर सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं एवं आम जनमानस के साथ संवाद किया गया। अग्निपथ स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए विरोध प्रदर्शन व उपद्रव से दूर रहकर जनपद की कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था व शांति व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही अन्य युवाओं व आम लोगों को अग्निपथ स्कीम के बारे में जानकारी देकर जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

# अनुशासनहीनता के मामले में चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** एसपी आशीष श्रीवास्तव ने सोमवार को मुंडेरवा थाने के खजौला चौकी इंचार्ज रितेश कुमार को अनुशासनहीनता के मामले में लाइन हाजिर कर दिया। उनकी जगह जेल गेट चौकी के इंचार्ज चंद्र प्रकाश को खजौला चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चौकी इंचार्ज पर लगे आरोपों की जांच कराई जा रही है। इससे पहले रविवार को जिले के चौकी इंचार्ज द्वारा हेड कांस्टेबल की कनपटी पर पिस्टल तानने का मामला सामने आया था। आसपास मौजूद सहकर्मियों ने किसी तरह बीच बचाव किया था। इसके बाद हेड कांस्टेबल भागकर थाने पहुंचा था और एसपी को मामले की जानकारी दी थी।

# प्रधान और सचिव पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

## फर्जी प्रमाणपत्र पर पंचायत सहायक की नियुक्ति का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुदरहा (बस्ती)।** बहादुरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिल्लो में कोरोना से मृत्यु होने का फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर ग्राम पंचायत सहायक/डाटा कम ऑपरेटर पद पर नियुक्ति का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस संबंध में न्यायालय के आदेश पर लालगंज थाने में अभ्यर्थी हरिशंकर यादव, ग्राम प्रधान अनीता देवी, ग्राम विकास अधिकारी अजय सिंह व प्रशासनिक समिति के सदस्यों के विरुद्ध जालसाजी, धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

इस संबंध में गांव के राम सुरेश ने प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें बताया गया है कि पंचायत सहायक के नियुक्ति के लिए मांगे गए

### न्यायालय के आदेश पर लालगंज पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

आवेदन पत्र में पात्रता के अनुसार उसकी मेरिट सबसे अधिक थी। मगर प्रशासनिक समिति के सदस्यों, ग्राम प्रधान, सेक्रेट्री ने आवेदक के दबाव प्रभाव में उसके स्थान पर दूसरे नंबर के अभ्यर्थी हरिशंकर यादव का नाम एक नंबर पर करके नियुक्ति कर लिया। ऐसा करने का इन लोगों ने हरिशंकर के पिता की कोरोना पॉजिटिव होने से मृत्यु का फर्जी प्रमाणपत्र लगाया। जिसके आधार पर प्रथम वरीयता हासिल की। जबकि उस गांव के किसी भी व्यक्ति की कोरोना से मृत्यु हुई ही नहीं थी। जिस हरिशंकर यादव के पिता राम गोपाल यादव को कोरोना से मृत्यु होना बताया गया वह काफी पहले से मधुमेह व हृदयरोग से पीड़ित थे और उनकी मृत्यु इस नियुक्ति के शासनादेश से छह-सात महीने पहले हो चुकी थी।

आरोप है कि ग्राम प्रधान अनीता यादव, सचिव अजय सिंह व ग्राम पंचायत के प्रशासनिक समिति के सदस्यों ने कूटरचित फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हरिशंकर का चयन किया। जबकि ग्राम प्रधान एवं प्रशासनिक समिति के सदस्यों को भली भांति जानकारी थी कि रामगोपाल की मृत्यु स्वाभाविक थी और उनकी मृत्यु उनके पैतृक निवास पर हुई थी। इसके संबंध में आवेदक ने पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर 11 सितंबर 2021 को शिकायत की थी। पुनः 18 सितंबर को संपूर्ण समाधान दिवस में भी शिकायत की। कोई कार्रवाई न होने पर न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया गया।

# भड़काऊ संदेश भेजने पर मुकदमा

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने व्हाट्सएप पर भड़काऊ मैसेज भेजने के मामले में शाद उर्फ शद्दूनिवासी तुर्कहिया गांधीनगर थाना कोतवाली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाल संजय कुमार के मुताबिक उक्त मैसेज से युवाओं को भड़कने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और हिंसा की प्रबल आशंका थी। संवाद

# क्रेडिट कार्ड ऑफर देकर 44 हजार उड़ाया

**बस्ती।** कोतवाली में तहरीर देकर मिल्लतनगर बेलवाडाड़ी निवासी साजिद अली ने बताया कि उनके मोबाइल पर फोन कर क्रेडिट कार्ड के लिए ऑफर देकर खाते से 44 हजार 536 रुपये उड़ा लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-06-2022

# हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। हत्या के आरोपी हबीबुर्रहमान व मो. रफीक को धारा 302, सपठित धारा 120 बी, भारतीय दंड संहिता के आरोप में प्रथम अपर जिला जज शकीउर्रहमान ने आजीवन कारावास की सजा सुनाया तथा 25000 रुपये अर्थदंड भी लगाया। वादी की ओर से एडीजीसी ईश्वरचंद्र दूबे ने पैरवी की थी।

**25000 रुपये अर्थदंड भी लगा**

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा मो. मुस्तफा पुत्र इलाकत निवासी ग्राम व पोस्ट ककरापोखर का निवासी है। दिनांक 27 मार्च 2014 को सुबह 7.25 बजे मेरे लड़के महमूद व महबूब को मेरे गांव के हबीबुर्रहमान उर्फ दुरू व उसकी बड़ी बहन ने मारा पीटा। हबीबुर्रहमान ने बड़ी चाकू से महमूद के सीने पर और महबूब को हाथ व शरीर में मारा, जिससे महमूद की मौके पर ही मौत हो गई और महबूब घायल हो गया। वादी द्वारा दी गई सूचना पर थाना पथरा बाजार में मुकदमा अपराध संख्या 389/2014 धारा 302 324, 120 बी के अन्तर्गत अभियुक्तगण, हबीबुर्रहमान उर्फ ढुरू व उसकी बहन वो मो. रफीक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ। वाद विवेचना न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल हुआ। अभियोजन पक्ष की तरफ से आधा दर्ज से अधिक साक्षियों को प्रस्तुत किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों, तर्कों एवं तथ्यों के आधार पर अभियुक्तगण दोषी पाते हुए न्यायालय प्रथम अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्तगण हबीबुर्रहमान व मो. रफीक को धारा 302 व सपठित धारा 120 बी के अन्तर्गत आजीवन कारावास की सजा सुनाया तथा 25 हजार अर्थदंड से दंडित किया गया।

# अग्निपथ को लेकर किसी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं

**भारत बंद असर नहीं दिखा, जगह-जगह पुलिस ने किया फ्लैग मार्च**

**शोहरतगढ़/बानगंगा (एसएनबी)।** कस्बा सहित आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को अग्निपथ के विरोध में भारत बंद के आह्वान का कोई असर नही दिखा। भारत बन्द के आह्वान को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। जगह-जगह पुलिस मे फ्लेग मार्च भी किया।



शोहरतगढ रेलवे स्टेशन पर फ्लैग मार्च करते पुलिस और रेलवे पुलिस। फोटो : एसएनबी

देश के विभिन्न हिस्सों में अग्निपथ योजना को लेकर विरोध प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए कस्बे के रेलवे स्टेशन, पुलिस पिकेट, मुख्य बाजार, चौराहों और व्यस्तम स्थानों पर पुलिस जवान मार्च करते दिखे। सीओ हरिश्चन्द्र ने कहा कि क्षेत्र में भारत बंद का कोई असर नहीं रहा। लोग शांतिपूर्ण माहौल में अपनी दुकानों को खोलकर व्यापार किया। पुलिस जगह-जगह तैनात रही। पुलिस की फोर्स जगह-जगह फ्लेग मार्च भी करती रही। अराजक तत्वों पर पुलिस की खास नजर रही। उन्होंने कहा कि पुलिस किसी भी हाल में क्षेत्र में अशांति नहीं फैलने देगी और न ही किसी सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने देगी। क्षेत्र में किसी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे ने व्यापारियों से किसी प्रकार के दवाब में बाजार बंद न करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार का दवाब बनाने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।पुलिस अराजक तत्वों से निपटने के लिए पूरी तरह तत्पर है। पुलिस बाणगंगा चौराहा, महथा रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर भी निगरानी करती रही। इस दौरान एसआई रविकांत मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश तिवारी सहित रेलवे पुलिस व भारी संख्या में पुलिस जवान रहे। -

## शहर 30s

# नाबालिग से रेप का आरोपित दबोचा

**बांसी।** बांसी पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से रेप के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपित दिलीप चौहान पुत्र अमर लाल चौहान को बगहवा कोमर श्मशान घाट से गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सोशल मीडिया पर आ रहीं खबरों से अलर्ट था पुलिस-प्रशासन, सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस रही अलर्ट, हर गतिविधि पर रही नजर

# भारत बंद का असर नहीं, मुस्तैद रही पुलिस

### अग्निपथ योजना

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। सेना में भर्ती के लिए केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में कुछ संगठनों के भारत बंद के आह्वान का जिले में कोई असर नहीं देखने को मिला। बंदी के मद्देनजर जिला और पुलिस प्रशासन अलर्ट था। सार्वजनिक स्थानों, खासकर रेलवे और बस स्टेशनों पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। पिछले पांच दिनों से चल रहे हंगामें का सोमवार को छठां दिन है।

सोमवार को सोशल मीडिया में आई खबरों के मुताबिक भारत बंद आह्वान किया गया था। हालांकि, इस भारत बंद को लेकर किसी भी राजनीतिक दल ने न तो कोई आधिकारिक सूचना दी थी या फिर किसी भी राजनीतिक दल ने कोई आह्वान भी नहीं किया था लेकिन, सोशल मीडिया पर यह खबर लगातार आ रही थी कि 20 जून को भारत बंद रहेगा, चक्का जाम होगा। इस सूचना को लेकर प्रशासन, खासकर पुलिस महकमा अलर्ट था।



सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन पर सोमवार को यात्रियों की भीड़।

सोमवार को जिले में बंदी का कोई असर नहीं दिखा। सोशल मीडिया पर आ रही इन खबरों को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। जिले के रेलवे स्टेशन और बस स्टेशनों पर आने जाने वालों पर पूरी तरह से निगाह रखी गई थी। यात्रियों के सामान की जांच भी की गई ताकि किसी तरह की कोई घटना न हो सके। शहर समेत जिले के बांसी, इटवा, डुमरियागंज, शोहरतगढ़ तहसील मुख्यालयों समेत प्रमुख कस्बों, चौराहों पर भी पुलिस की नजर रही। किसी भी स्तर पर भारत बंद का समर्थन सफल नहीं होने को लेकर अलर्ट थे। पुलिस क्षेत्राधिकारियों समेत सभी थानों के प्रभारी बीट उप निरीक्षक, कांस्टेबल से लगातार संपर्क बनाए थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि सोशल मीडिया पर भारत बंद के खबर को देखते हुए सर्किल में पुलिस के जवान चौकस थे। सार्वजनिक स्थलों पर पल-पल की गतिविधियों की निगरानी होती रही।

## पुलिसकर्मियों ने पैदल मार्च से कराया सुरक्षा का अहसास

- शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन पर हाई अलर्ट मोड में दिखी पुलिस
- स्टेशन अधीक्षक से बातचीत कर लिया हालात का जायजा

शोहरतगढ़ , हिन्दुस्तान संवाद। शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन पर सोमवार को पुलिस हाईअलर्ट मोड में दिखी। एसआई रविकांत मणि त्रिपाठी की अगुवाई में पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक व दो पर मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया। रेलवे स्टेशन अधीक्षक भावेश कुमार से बातचीत कर हालात का जायजा लिया।

देश के विभिन्न राज्यों में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शन के चलते जगह-जगह प्रदर्शनकारियों की ओर से सरकारी संपत्तियों को क्षति पहुंचाई जा रही है। इसे देखते हुए पुलिस ने गोरखपुर-शोहरतगढ़-गोंडा रेलवे प्रखंड पर स्थित रेलवे स्टेशन शोहरतगढ़ पर ट्रेन के आवागमन के समय पैदल मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया। पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन पर बैठे यात्रियों से बातचीत कर बेखौफ होकर सुरक्षित ढंग से यात्रा करने को कहा। एसआई रविकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस चौराहों, टैक्सी स्टैंडों व रेलवे स्टेशन पर सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए सजग है। थानाध्यक्ष जय प्रकाश दुबे ने कहा कि क्षेत्र के किसी भी स्थान पर प्रदर्शनकारियों के मंसूबे कामयाब नहीं होने पाएंगे। पुलिस रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर सुरक्षा के लिए सजग है।




1

# गायत्री मंत्र से कैदियों को मिल रही मन की शांति

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जिला कारागार के कैदी अब अपराध की दुनिया से दूरी बनाने लगे हैं। जेल में आपसी सौहार्द की भावना से रहते हैं। एक-दूसरे के सुख-दुख के भागीदार भी बने हैं। इनकी रूचि अध्यात्म की ओर होने लगी है। सुबह और शाम यहां गायत्री मंत्र और रामचरित मानस की चौपाईयां पढ़ीं जा रही है। इससे इनके मन को शांति मिल रही है। जेल में 836 कैदी निरुद्ध हैं। इनमें 594 विचाराधीन कैदी हैं, इनमें 29 महिला और 565 पुरुष शामिल हैं। 241 दोषसिद्ध कैदी में 15 महिला व 226 पुरुष शामिल हैं।

आजीवन कारावास की सजा काट रहे आंबेडकरनगर निवासी वीरेंद्र सिंह व महराजगंज के पवन पटेल मंत्र व सुंदर कांड का पाठ कर रहे हैं। इससे पूरा माहौल अध्यात्म व धार्मिक हो जाता है। जैसे ही इनका पाठ शुरू होता है, सभी कैदी नहा-धो कर बैरक से निकल कर मंत्र का जाप कर रहे हैं। यह प्रक्रिया करीब एक माह से हो रही है। इससे कैदियों की दिनचर्या नियमित हो गई है। रोजाना सुबह सूर्य निकलने से पहले सभी स्नान कर लेते हैं। दो घंटे ईश भक्ति के बाद दूसरे काम में लग जाते हैं। इस प्रार्थना सभा में संप्रदाय के कैदी की सहभागिता रहती है। 101 बार गायत्री मंत्र का जाप होता है। शाम करीब चार बजे इसी मैदान में सभी कैदी सामूहिक सुंदर कांड का पाठ करते हैं। कैदी वीरेंद्र सिंह व पवन पटेल बताते हैं कि गायत्री मंत्र का जाप करने से मन को शांति मिलती है। मन-मस्तिष्क में नकारात्मक भावना नहीं आती है। रामचरित मानस के सुंदर कांड का पाठ करने से नई सार्थक ऊर्जा का संचार होता है।



जिला कारागार में गायत्री मंत्र पढ़ते कैदी   सौ. जेल प्रशासन

जेल में रोजाना सुबह कैदी नियमित गायत्री मंत्र और शाम को रामचरित मानस के सुंदरकांड का पाठ कर रहे हैं। इससे इनमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। पूरे दिन शांतचित्त रहते हैं। शाम को रामचरित मानस का पाठ करने के बाद यह अपने बैरक में चले जाते हैं। इससे जेल का पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। महिला कैदी भी नियमित पूजन कर रही हैं।

**राजेश कुमार पांडेय**, जेलर

## महिला कैदी करती हैं नियमित देवी स्तुति

जिला कारागार में 29 महिला कैदी निरुद्ध हैं। इनका बैरक जेल के दूसरे छोर पर स्थित है। महिला कैदी भी रोजाना सुबह पूर्व दिशा में मुख करके देवी स्तुति करती हैं। परिवार व समाज की सामूहिक मंगलकामना के साथ पूजन का समापन होता है। इसके बाद ही वह रसोई व अन्य कार्य में लगती हैं।

# डीएम ने किया जेल का निरीक्षण



जिला कारागार में अभिलेखों की जांच करते डीएम संजीव रंजन सौ : सूचना विभाग

**जासं, सिद्धार्थनगर :** डीएम संजीव रंजन ने सोमवार की शाम करीब पांच बजे जिला कारागार का निरीक्षण किया। बैरक की जांच कराई। कैदियों को योग के प्रति जागरूक किया। कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। कैदियों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निस्तारण के लिए जेल प्रशासन को निर्देशित किया। डीएम ने जेल के बैरक में आपत्तिजनक वस्तुओं की जांच कराई। कैदियों से कहा कि वह नियमित योग करें। इससे शरीर स्वस्थ व मन के विकार दूर हो जाएंगे। महिला बैरक में निरुद्ध कैदियों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। जेल प्रशासन से कैदियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। जेल में उपलब्ध दवाओं के संबंध में पूछताछ किया। जेलर राजेश पांडेय, डिप्टी जेलर पीके सिंह आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं, बांसी, सिद्धार्थनगर : कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपित को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली के ही ग्राम सोनवरसा निवासी आरोपित का नाम दिलीप चौहान है।

बीते शनिवार की शाम नाबालिग गांव के बाहरी छोर पर किसी काम से गई थी। घात लगाए बैठे आरोपित ने उसे दबोच लिया। दुष्कर्म के बाद उसे धमकी भी दिया कि यदि किसी को बताया तो जान से मार देंगे। घर पहुंच पीड़िता ने आप बीती अपने मां को बताया। रविवार सुबह उसकी मां कोतवाली पहुंच आरोपित के नाम से तहरीर दे दिया। पुलिस मुकदमा पंजीकृत आरोपित की तलाश में थी कि सूचना मिली की वह मुंबई भागने के फिराक में है बगहवा कोमर स्थित अंत्येष्ठि स्थल पर किसी साथी का इंतजार कर रहा है।

पुलिस पहुंच कर उसे दबोच ली और जेल भेज दिया। कोतवाल संजय मिश्रा का कहना था कि नाबालिग को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया रिपोर्ट के अनुसार धारा में तब्दीली संभव है।

# तीन शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जासं, घोसियारी, सिद्धार्थनगर : खेसरहा थाना क्षेत्र के कुर्थिया चौकी लक्ष्मीगंज चौराहे से रविवार की रात तीन शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हालांकि पुलिस पूछताछ का बहाना कर अभी इसमें कुछ बताने से इन्कार कर रही है। बताया जाता है कि क्षेत्र में हुई कई चोरियों का राज पुलिस इनसे उगलवाने में लगी है। गिरफ्तार हुए तीनों शातिर चोर थाना क्षेत्र के ही दो गावों के निवासी है। तीनों रात करीब बारह बजे लक्ष्मीगंज मोड की तरफ से आ रहे थे। गश्त कर रही कुर्थिया चौकी की पुलिस को देख तीनों भागने लगे। कुछ दूर पीछा करने के बाद पुलिस ने तीनों को दबोच लिया और चौकी पर ले आई। पुलिस सूत्रों के अनुसाररात भर हुई पूछताछ में कुछ राज वह जब उगले तो सुबह सभी को खेसरहा थाने पर पहुंचा दिया गया। बताया जाता है कि क्षेत्र में एक माह के अंदर हुई आधा दर्जन चोरियों से इनके तार जुड़े हैं। थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि तीन लोगों को पकड़ा गया है, उनसे पूछताछ जारी है, क्षेत्र में हुई कई चोरी की घटनाओं के पटाक्षेप की उम्मीद है।

## बीमारी से तंग किशोरी ने की आत्महत्या

घोसियारी : अवसाद ग्रस्त 18 वर्षीय एक किशोरी ने फंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना थाना शिव नगर डिड़ई क्षेत्र के ग्राम करमा की है। पुलिस ने झूलते शव को नीचे उतारा। घटना शाम पांच बजे की है। अंजली पुत्री राजाराम की दो वर्ष से दवा चल रही थी। सोमवार की शाम स्वजन खेत में काम कर रहे थे कि वह दुपट्टे का फंदा बना पंखे से झूल गई। पिता राजाराम ने बताया कि खेत से जब घर पहुंचा तो उसे झूलते देख पुलिस को सूचित किया। मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार राय ने बताया कि मृतक के पिता ने तहरीर दिया है कि वह अक्सर बीमार रहा करती थी। फिलहाल शव को अंत्य परीक्षण गृह भेजा जा रहा है।

## एक नजर में

# तीन दरोगा समेत 47 कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

सिद्धार्थनगर : पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने सोमवार की शाम 47 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें तीन दरोगा, 20 मुख्य आरक्षी और 44 आरक्षी शामिल हैं। एसपी ने सदर थाना में तैनात एसआइ सभाजीत मिश्रा को शोहरतगढ़ भेजा है। शोहरतगढ़ में तैनात एसआइ मनोज कुमार श्रीवास्तव को सदर थाना में भेजा है। बांसी कोतवाली से एसआइ चंद्रशेखर पांडेय को डुमरियागंज भेजा है। (जासं)

# भारत बंद : जनपद में हर जगह खुली रहीं दुकानें

जागरण टीम, सिद्धार्थनगर : अग्निपथ के विरोध में विभिन्न संगठनों का भारत बंद बेअसर साबित हुआ। सोमवार को सभी शहर व कस्बों में बाजार खुले रहे। कहीं कोई संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी विरोध में नहीं दिखाई दिए। पुलिस के जवान लगातार भ्रमण कर स्थिति पर नजर बनाए रखे।

भारत बंद का असर बाजार में नहीं दिखाई दिया। वहीं पुलिस व प्रशासन ने स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी। 42 हाटस्पाट व 18 संवेदनशील स्थल पर जवानों की ड्यूटी लगाई गई। हाटस्पाट के रूप में बाजार व सार्वजनिक स्थल को चिन्हित किया गया है। वहीं संवेदनशील स्थल के रूप में जनप्रतिनिधि के आवास, राजनीतिक पार्टी के कार्यालय, रेलवे स्टेशन, रोडवेज आदि को चिन्हित किया गया है। शहर की कपड़े वाली गली, सिविल लाइन, खजुरिया रोड, रेलवे स्टेशन रोड आदि बाजार खुले रहे। रोजाना की भांति ग्राहकों की आमद हुई। शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र में भी बंद का कोई असर नही दिखाई दिया। शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन सहित बाजार, चौराहों और व्यस्त स्थानों पर पुलिस जवान गश्त करते रहे हैं। सीओ शोहरतगढ़ हरिश्चंद्र, एसओ शोहरतगढ़ जय प्रकाश दुबे समेत रेलवे पुलिस के जवान भी लगे रहे।

## भड़काऊ मैसेज करने के आरोप में मुकदमा

बस्तीः कोतवाली पुलिस ने शाद उर्फ शद्दू निवासी तुर्कहिया गांधीनगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि शद्दू द्वारा अग्निपथ योजना के विरोध में वाट्स एप ग्रुप के माध्यम से भड़काऊ मैसेज भेजा गया। इससे युवाओं द्वारा हिंसक रुप धारण कर सरकारी संपत्ति के नुकसान किये जाने व हिंसा भड़कने की प्रबल संभावना थी।

# आग से बचाव के उपाय बताए



बढ़नी। बढ़नी ब्लॉक परिसर में अग्निशमन विभाग की टीम ने लोगों को आग से बचाव के उपाय को बताए। अग्निशमन प्रभारी एनडी खान ने टीम के साथ ग्राम प्रधानों, आशा कार्यकर्ताओं और ब्लॉक कर्मचारियों को डेमो के जरिए प्रशिक्षित किया। उन्होंने कहा कि आग लगने के बाद लोगों को मिट्टी, बालू, पानी के साथ अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करना चाहिए। इस दौरान राम सिंगार, दीनदयाल, राम बचन यादव, आदेश कुमार यादव मौजूद रहे। संवाद

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** किशोरी के साथ दुष्कर्म और थाने पर शिकायत करने जा रही मां को धमकी देने के आरोपी को बांसी पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

बांसी के कोतवाल संजय कुमार मिश्र ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी से दुष्कर्म के मामले में उसकी मां ने 19 जून को तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया था कि वह घर पर नहीं थी। गांव का एक युवक बेटी को जबरिया घर में लेकर जाकर दुष्कर्म किया।

तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई। पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी में लगी थी। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर एसआई यशवंत सिंह उसे पकड़ लिया।

# पुलिस ने तीन संदिग्धों को पकड़ा

सिद्धार्थनगर। खेसरहा पुलिस ने रविवार रात क्षेत्र के एक गांव से तीन संदिग्धों को पकड़ा है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि चोरी के संदेह में पुलिस ने उन्हें पकड़ा है। खेसरहा थानाक्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के मामले का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस टीम लगातार लगी हुई है।

**चोरी की वारदातों का हो सकता है पर्दाफाश**

बताया जा रहा है कि रविवार रात पुलिस ने क्षेत्र के नासिरगंज से तीन लोगों को पकड़ लिया। उनके द्वारा सोलर पैनल की चोरी की भी बात सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक जल्द ही कई चोरियों का पर्दाफाश हो सकता है। फिलहाल एसओ खेसरहा ने इस मामले में कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। संवाद

# आज योगाभ्यास करेंगे चार लाख लोग

## जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा मुख्य शिविर का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिले में एक साथ चार लाख लोग सामूहिक रूप से योग में शामिल होंगे। जबकि स्पोर्ट्स स्टेडियम में योग के मुख्य कार्यक्रम में 1500 लोग शामिल होंगे। शहर से गांव तक लोग योग कर निरोग रहने की कामना करेंगे। योगाभ्यास कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस बार का थीम मानवता के लिए योग है। सभी प्रशिक्षक 21 जून को योगाभ्यास कराने वाले स्थलों पर सुबह सात से आठ बजे तक योग कराएंगे।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता के लिए एक पखवारे से प्रशासनिक अमले के साथ ही सामाजिक संगठन के रूप में क्रीड़ा भारती, रोटरी क्लब, गायत्री परिवार, पतंजलि, ब्रह्मकुमारी, आर्ट ऑफ लिविंग, हेल्थ वेलनेस सेंटर के माध्यम से लोगों को योग से जोड़ने के लिए पहल की जा रही है। अधिकाधिक लोगों ने मोबाइल फोन में आयुष कवच इंस्टाल कर रजिस्ट्रेशन भी कराया। जिला स्टेडियम में सुबह सात से आठ बजे तक योगा कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल होंगे।

सांसद जगदंबिका पाल, राज्यसभा सदस्य बृजलाल, विधायक जय प्रताप सिंह, श्यामधनी राही, विनय वर्मा, सैय्यदा खातून, ध्रुव कुमार त्रिपाठी के साथ प्रशासनिक अमला भी मौजूद रहेगा।



योगाभ्यास करते योग प्रशिक्षक महेश कुमार। विज्ञप्ति

**आयुष कवच एप में अपलोड होगी फोटो :** योगाभ्यास कार्यक्रम के प्रभारी एवं क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि जिला स्टेडियम के अलावा सभी नगर निकाय, ब्लॉक स्तर, नगर पंचायत स्तर सहित विभिन्न सरकारी विभागों में योगाभ्यास होगा। सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों में योग होगा। उन्होंने बताया कि जहां भी योगाभ्यास होगा, वहां के संयोजक योगाभ्यास की फोटो एवं संख्या आयुष कवच एप पर अपलोड करेंगे, उसी के अनुसार योग करने वाले लोगों की संख्या प्रमाणित होगी।

## विदेशी धरती पर भी बज रहा योग का डंका



योगगुरु अजय अग्रहरि।

**डुमरियागंज।** सामाजिक संगठन हिंदू काउंसिल ऑफ न्यूजीलैंड से जुड़े डुमरियागंज के ई. अजय अग्रहरि विदेशी धरती पर योग की अलख जगा रहे हैं। हेल्थ फॉर ह्यूमैनिटी 'योगाथन' कार्यक्रम के तहत हर वर्ष न्यूजीलैंड के सभी शहरों व कस्बों में योगा सप्ताह आयोजित किया जाता है। अजय अग्रहरि न्यूजीलैंड में एक रिसर्च संस्थान में इंजीनियर हैं और योग से उनका खास लगाव है। वह एक पंजीकृत योग शिक्षक हैं और न्यूजीलैंड में निशुल्क योगा सिखाते हैं। अजय के अनुसार योग एक विज्ञान है। वर्ष 2019 में वाराणसी में आयोजित युवा प्रवासी दिवस पर भारत सरकार ने उन्हें न्यूजीलैंड से अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया था।

## विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास



कंपोजिट विद्यालय में योगाभ्यास करते विद्यार्थी। संवाद

**भारतभारी।** कंपोजिट विद्यालय भारतभारी के छात्र-छात्राओं, अध्यापक, रसोइयां एवं अभिभावकों ने सोमवार को प्राणायाम, अनुलोम, विलोम, सर्वांगासन, उत्थित पादासन, चक्रासन, धनुरासन आदि योग किया गया।

प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद नदीम ने विद्यार्थियों से कहा कि प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है। योग का अभ्यास शरीर एवं मस्तिष्क के लिए लाभदायक है। योग शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति देता है। इस मौके पर द्विजेश चंद्र द्विवेदी, रामसजीवन, दयाशंकर पांडेय, ऊषा, मकुरा, बिट्टा देवी आदि ने योग किया। संवाद

# हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास

## सात साल बाद आए फैसले से पीड़ित परिवार को मिला न्याय

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** सात साल पुराने हत्या के एक मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने सोमवार को दो दोषियों को आजीवन कारावास और 27 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

जबकि साक्ष्य के अभाव में महिला आरोपी को दोषमुक्त कर दिया गया। पथरा थानाक्षेत्र में हुए इस हत्याकांड के दोनों दोषियों को सजा मिलने से परिवार को न्याय मिला है।

ककरपोखर गांव निवासी मो. मुस्तफा ने 27 मार्च 2015 को पथरा थाने में तहरीर देकर गांव निवासी हबीबुर्रहमान उर्फ दुरु, महबूब व रैतुना खातून पर अपने बेटे महमूद व महबूब को चाकू मारने आरोप लगाया था। कहा था कि मौके पर महमूद की मौत हो गई थी।

**पथरा थाना क्षेत्र के काकरपोखर गांव में हुई थी युवक की हत्या**

इस मामले में पथरा थाने में हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने विवेचना कर चार्जशीट को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था।

मुख्य दंडाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेकर मामले का सत्र न्यायालय के सुपुर्द कर दिया था। सोमवार को सुनवाई करते हुए प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शकीलुर्रहमान खान ने हबीबुर्रहमान उर्फ दुरू व मो. रफीक को धारदार हथियार से हमला करते हुए हत्या का दोषी करार देते हुए दोनों को आजीवन कारावास और 27 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

अर्थदंड की राशि जमा न कर पाने पर दो माह अतिरिक्त सजा काटनी पड़ेगी। अभियोजन की तरफ से मुकदमे की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चंद्र दूबे ने किया। अभियुक्ता रैतुना खातून को न्यायालय ने दोषी न पाते हुए दोषमुक्त कर दिया।

# अतिक्रमण करने वालों को प्रशासन की चेतावनी

## हल्लौर और भटगवा में की गई पैमाइश और निशानदेही

संवाद न्यूज एजेंसी

**डुमरियागंज।** नगर क्षेत्र के बाद अब तहसील प्रशासन ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख चौराहों और कस्बों से सरकारी जमीन और सड़कों पर किए गए कब्जे व अतिक्रमण को हटाने में जुट गया है।

सोमवार को तहसीलदार की अगुवाई में राजस्वकर्मियों की टीम ने तहसील क्षेत्र के हल्लौर चौराहा और भटगवा पहुंच कर सरकारी जमीन पर किए गए कब्जे को एक सप्ताह में खाली करने के लिए दुकानदारों और स्थानीय लोगों को हिदायत दी। टीम ने सरकारी जमीन की पैमाइश कर उसकी निशानदेही भी की।



अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते तहसीलदार राजेश प्रताप सिंह। संवाद

तहसीलदार राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि हल्लौर चौराहे से सटे प्राथमिक विद्यालय की सरकारी जमीन पर अगल-बगल के लोग कब्जा किए हुए हैं। भटगवा गांव में सरकारी तालाब पर कब्जा करने की होड़ मची है। ऐसे लोगों को चेतावनी दी गई है। जल्द ही नोटिस जारी करने के बाद कब्जे व अतिक्रमण को हटवाने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान हल्का लेखपाल देवेंद्र राठौर, ग्राम प्रधान विष्णु श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



शहर के अशोक मार्ग पर अतिक्रमण हटवाते अधिकारी। संवाद

**सिद्धार्थनगर।** तहसीलदार राम ऋषि रमन के नेतृत्व में राजस्वकर्मियों ने अशोक मार्ग पर हाईडिल तिराहे के पास अतिक्रमण हटवाया। केंद्रीय विद्यालय के पूरब स्थित सरकारी भूमि पर 10 मीटर चौड़ाई में आसपास के लोगों ने कब्जा कर निर्माण कर रखा था। राजस्वकर्मियों ने अशोक मार्ग से केंद्रीय विद्यालय की चहारदीवारी से सटे निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर खाली कराया। संवाद

# जनपद में बेअसर रहा बंद सामान्य रहीं गतिविधियां

## 'अग्निपथ' के विरोध में भारत बंद का किया गया था आह्वान



शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते एसओ जय प्रकाश दूबे और पुलिसकर्मी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** 'अग्निपथ' के विरोध में भारत बंद के आह्वान पर सोमवार को जिले में बंद का कोई असर नहीं दिखा। कोई भी संगठन दुकानें बंद कराने के लिए आगे नहीं आया। सभी गतिविधियों अन्य दिनों की तरह चलती रहीं। हालांकि पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम देखने को मिले।

'अग्निपथ' के विरोध में देश के कई राज्यों में हिंसा भड़क उठी है। प्रदेश के कई जनपदों में भी धरना-

### रेलवे स्टेशन और बाजार में सतर्क रही पुलिस

प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी बीच सोमवार को भारत बंद का आवाह्न किया गया था। सरकारी कार्यालय के साथ दुकानें भी खुली रहीं। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिसकर्मी अलर्ट रहे। शोहरतगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार बंद के आह्वान को ध्यान में रखते हुए शोहरतगढ़, ढेबरुआ और चिल्हिया की पुलिस मुस्तैद रही। बढ़नी, परसा, शोहरतगढ़ व चिल्हिया रेलवे स्टेशन सहित बाजार, चौराहों और व्यस्त स्थानों पर पुलिसकर्मी मार्च करते हैं। इस दौरान शरारती तत्वों पर पुलिस निगाह बनाए रखी।

पुलिस प्रशासन की ओर से किसी के दबाव में बाजार नहीं बंद करने की अपील की गई। इस दौरान सीओ हरिश्चंद्र, शोहरतगढ़ के थानाध्यक्ष जय प्रकाश दुबे, ढेबरुआ के एसओ हरिओम कुशवाहा, चिल्हिया के एसओ राजेश मौर्य सहित आरपीएफ, जीआरपी व भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इसी प्रकार बांसी, इटवा और डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में भी बंद का कोई असर नहीं दिखा।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-06-2022

# एक ट्राली सागौन की लकड़ी पुलिस ने पकड़ी

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा पुलिस ने सोमवार को दोपहर में राम-जानकी मार्ग पर शनिचरा बाजार और पौली के बीच सागौन लदी एक ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ लिया। पुलिस के मांगने पर ट्रैक्टर चालक द्वारा ट्राली पर लदी सागौन की लकड़ी के बारे में कोई वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर पुलिस ने चालक समेत लकड़ी लदे ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर थाने पहुंचा दिया। शनिचरा बाजार और दुलहापार के बीच सागौन की लकड़ी लदी एक ट्रैक्टर-ट्राली आती हुई दिखाई पड़ी जिसे प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर हमराही पुलिसकर्मियों ने रोक लिया। प्रभारी निरीक्षक द्वारा ट्राली पर लदी लकड़ी के बारे में जब चालक थाना क्षेत्र के पौली निवासी वशीउर्रहमान पुत्र नसीफुर्रहमान से वैध कागजात मांगा तो ट्रैक्टर चालक कागजात पेश नहीं कर सका। प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने लकड़ी लदी ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर थाने पहुंचा दिया जहां थाने के उपनिरीक्षक उदयशंकर द्विवेदी की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर नम्बर यूपी 58 ए 7403 के चालक वशीउर्रहमान के खिलाफ 4/10 वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अग्निपथ : विरोध में सम्भावित आन्दोलन को लेकर प्रशासन रहा एलर्ट

**धनघटा (एसएनबी)।** केन्द्र की अग्निपथ योजना के विरोध में सम्भावित आन्दोलन को लेकर सोमवार को धनघटा क्षेत्र में प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट पर रहा। क्षेत्र के प्रमुख कस्बों-बाजारों में चप्पे-चप्पे पर पुलिसबल मुस्तैदी से तैनात रहे।

एसडीएम धनघटा डा. रविन्द्र कुमार, सीओ रामप्रकाश, तहसीलदार रत्नेश त्रिपाठी तथा प्रभारी निरीक्षक धनघटा के.डी. सिंह और प्रभारी निरीक्षक महुली रविन्द्र कुमार सिंह समेत दोनों थाना क्षेत्र की पुलिस चौकियों के प्रभारी उपनिरीक्षक पूरे दिन क्षेत्र भ्रमण करते हुए स्थिति के बारे में जानकारी करने में जुटे रहे। वैसे पूरे दिन अग्निपथ योजना के विरोध में तहसील क्षेत्र के धनघटा और महुली थाना क्षेत्र में कहीं पर भी किसी प्रकार के विरोध प्रदर्शन के बारे में जानकारी नहीं मिली। शाम तक क्षेत्र में सकुशल शान्तिपूर्ण माहौल रहने के बाद शाम को प्रशासन ने राहत की सांस ली। विदित हो कि सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदेश में जगह-जगह प्रदर्शन करने की जानकारी लगातार मिल रही है। इसी क्रम में सोमवार को धनघटा क्षेत्र में भी कुछ संगठनों द्वारा युवाओं को आगे कर विरोध प्रदर्शन करने की योजना भीतरखाने तैयार की जा रही थी

**धनघटा क्षेत्र के प्रमुख कस्बों-बाजारों में चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहे पुलिसकर्मी**

जिसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन को एक दिन पूर्व मिल गयी थी।

विरोध प्रदर्शन किए जाने की सूचना मिलते ही प्रशासन एलर्ट हो गया और अपनी तैयारी भी शुरू कर दी थी। एक दिन पूर्व महुली थाना परिसर में क्षेत्र के प्रधानों की बैठक कर अग्निपथ योजना के बारे में प्रधानों को जानकारी दी गई और क्षेत्र में शान्ति बनाए रखने में सहयोग करने की अपील भी प्रधानों से की गई। उसके बाद सोमवार को धनघटा थाना क्षेत्र में तहसील मुख्यालय धनघटा, हैंसर, पौली, शनिचरा बाजार, उमरिया बाजार, अशरफपुर, बंसवारीगांव तथा महुली थाना क्षेत्र के नाथनगर, महुली, काली जगदीशपुर, मुखलिसपुर, मोलनापुर आदि प्रमुख कस्बों-बाजारों में चप्पे-चप्पे पर भारी संख्या में पुलिसबल की तैनाती कर दी गई। अग्निपथ योजना के विरोध में सम्भावित आन्दोलन से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा मुकम्मल तैयारी पूरी कर ली गई थी। स्थानीय अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार, सीओ तथा प्रभारी निरीक्षक पूरे तहसील क्षेत्र में लगातार पूरे दिन भ्रमण करते हुए स्थिति के बारे में पल-पल की जानकारी हासिल करने में जुटे रहे। इतना ही नहीं धनघटा थाना क्षेत्र के पौली, लोहरैया, बंसवारीगांव, जगदीशपुर व बिड़हरघाट तथा महुली थाना क्षेत्र के मुखलिसपुर, मोलनापुर, कालीजगदीशपुर, हरिहरपुर, शनिचरा बाजार पुलिस चौकियों के प्रभारी उपनिरीक्षक भी हमराही पुलिसकर्मियों के साथ अपने-अपने चौकी क्षेत्र में पूरे दिन मुस्तैदी से शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे। प्रशासन की मुस्तैदी का ही नतीजा रहा कि तहसील क्षेत्र के धनघटा और महुली थाना क्षेत्र में अग्निपथ योजना के विरोध में आन्दोलन की तैयारी के बाद भी पूरे दिन कहीं पर भी विरोध प्रदर्शन होने की जानकारी नहीं मिली।



सम्भावित आन्दोलन को लेकर हैंसर कस्बे में मुस्तैद पुलिस के जवान। फोटो : एसएनबी

# भूमि विवाद में चटकीं लाठियां, कई घायल

हैंसर, हिन्दुस्तान संवाद। धनघटा थाना क्षेत्र के गढ़थवलिया गांव में सोमवार की सुबह भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए और देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई।

दोनों पक्षों के लोगों ने इकट्ठा होकर जमकर लाठी-डंडे चलाए। दोनों पक्षों के एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मारपीट से गांव में अफरा-तफरी मच गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। थाना क्षेत्र के गढ़थवलिया गांव निवासी राजमन और हरकेश के बीच काफी पुराना भूमि विवाद चला आ रहा है। सोमवार को की सुबह किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। जो मारपीट मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों से लोग जुटकर मार करने लगे।

- धनघटा थाने के गढ़थवलिया का मामला, दो पक्षों में मारपीट
- दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ दी तहरीर, कार्रवाई की मांग



हैंसर सीएचसी पर इलाज के लिए पहुंचे मारपीट में घायल लोग। • हिन्दुस्तान

धनघटा थाना प्रभारी ने केडी सिंह न इस घटना पर कहा की मामले की जानकारी है। सभी घायलों को डॉक्टरी परीक्षण कराने के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# दो लाख की सागौन की लकड़ी पुलिस ने पकड़ी

धनघटा। धनघटा थाना क्षेत्र के दूल्हापार में सोमवार को पुलिस ट्रैक्टर ट्राली पर लदे अवैध सागौन की लकड़ी को पकड़ा। लकड़ी की कीमत दो लाख रुपये बताई जा रही है। थाने पर तैनात उपनिरीक्षक उदय शंकर द्विवेदी ने यह कामयाबी पायी। पुलिस ने पौली निवासी वसीउर रहमान पुत्र नफीस उर रहमान को गिरफ्तार किया है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एचआर इंटर कालेज में होगा मुख्य आयोजन, डीएम ने कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायजा लिया

# तैयारियां पूरी, आज योगमय होगा पूरा जिला

**योग दिवस**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को हीरालाल इंटर कालेज मैदान में सुबह 6.30 बजे से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार कार्यक्रम स्थल का स्थलीय परीक्षण किया। तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. इन्द्रेश कुमार से विस्तृत जानकारी ली साथ ही योग साधकों से भी चर्चा की।

कार्यक्रम में जिले भर के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योग साधकों, विशिष्ट अतिथियों, महिलाओं व बच्चों योग के लिए उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि कहीं कोई अव्यवस्था न होने पाए। जिलाधिकारी ने सभी योग साधकों को सुबह 06 बजे कार्यक्रम स्थल पर आने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुरेश कुमार मौर्य को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थलों पर साफ सफाई दुरुस्त किया जाए।

शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए। पीने के पानी की भी व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का कहना है कि स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन में अपनाना जरूरी है जब हम सब स्वस्थ रहेंगे तो हमारा देश स्वस्थ रहेगा, जनपदवासियों को आठवां विश्व योग दिवस पर योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुदामा प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मोहन झा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार, जिला खेल अधिकारी दिलीप कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज, प्रधानाचार्या राजकीय गर्ल्स इण्टर कॉलेज निशा यादव, उप प्रधानाचार्य अरूण कुमार ओझा, सचिव स्काउट गाइड रवि प्रकाश श्रीवास्तव, प्राचार्य डाक्टर ओंकारनाथ मिश्र, एनसीसी शिक्षक चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मंगलवार को एचआर इंटर कालेज में होने वाले मुख्य आयोजन को लेकर सोमवार को डीएम दिव्या मित्तल ने जायजा लेकर जरूरी निर्देश दिए। • हिन्दुस्तान

**राहत**

- योग साधकों, विशिष्ट अतिथियों के बैठने की बेहतर व्यवस्था के निर्देश
- योग स्थल पर सुबह छह बजे से योग साधकों का आना शुरू हो जाएगा

" पूरे जिले में योग कराने की तैयारी कर ली गई है। मुख्य कार्यक्रम एचआर इंटर कालेज में होगा। पूरे जिले भर के लोग मिलकर योग का रिकार्ड बनाएंगे।

दिव्या मित्तल, डीएम संतकबीरनगर

## पतंजलि योग पीठ 15 स्थानों पर कराएगी योग

पतंजलि योग पीठ 15 स्थानों पर योग कराएगा। प्रांतीय कमेटी के सदस्य राज रतन सेन सिंह ने बताया कि उनके संगठन की तरफ से 15 स्थानों पर योग कराया जा रहा था। उनके ट्रेनर इन स्थानों पर योग कराएंगे। वे स्वयं प्रशासन द्वारा एचआर इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम कराएंगे।

**सभी स्कूलों कालेजों में किया जाएगा आयोजन:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के सभी स्कूलों कालेजों में आयोजन किया जाएगा। बीएसए दिनेश कुमार ने जिले सभी प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में योग कराने के निर्देश दिए हैं। सभी स्कूलों में पहले से ही योग कराया जा रहा है। वहीं डीआईओएस गिरीश कुमार ने जिले के सभी माध्यमिक, इंटर कालेज के प्रधानाचार्यों व प्राचार्यों को योग की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया है। स्कूलों में व्यायाम शिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण हो रहा है। कूंड़ीलाल रूंगटा सरस्वती विद्या मंदिर, एचआर पीजी कालेज में तैयारी की गई है।

**पांच स्थानों पर योग कराएगा आर्ट आफ लिविंग:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर्ट आफ लिविंग मंगलवार को जिले में पांच स्थानों पर योग कराएगा। पहला कार्यक्रम में मगहर आमी नदी व मंदिर के समीप कबीर चौरा पर संगीतमय योग प्राणायाम व ध्यान आयोजित होगा। इसके अलावा जिला कारागार, प्रभा देवी महाविद्यालय, नगर पंचायत कैंपस हरिहरपुर, आरके मैरेज हॉल महुली में भी योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



सोमवार को योग सप्ताह के तहत गंगा देवी कपिलदेव तिवारी पीजी कॉलेज भुजैनी में छात्रों को रोज योग करने की शपथ दिलाई गई। • हिन्दुस्तान

## छात्र-छात्राओं को रोज योग करने की दिलाई गई शपथ

संतकबीरनगर। गंगा देवी कपिलदेव तिवारी पीजी कॉलेज भुजैनी में योग जीवन में आत्मसात करने के लिए शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयंसेवक स्वयंसेविका एवं अन्य छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन योग करने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संतोष सिंह ने कहा कि योग से केवल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास प्राप्त होता है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश झा ने कहा कि जन समुदाय के बीच योग के विषय में सामान्य जागरूकता का विकास करना है एवं उन्हें प्रेरित करना है जिससे लोग योग के माध्यम से सामंजस्य एवं शांति प्राप्त कर सके। इस अवसर पर डॉ. रंगनाथ तिवारी, हरिशंकर शुक्ला, दुर्गेश शुक्ला, दुर्गेश शर्मा, प्रमोद यादव, वंदना, विजय लक्ष्मी, विनीता प्रजापति, आशाद आदि मौजूद थे।

### एचआरपीजी कालेज में किया योग

हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, मिशन शक्ति के तत्वावधान में अमृत योग सप्ताह का कार्यक्रम संचालित हो रहा है। सोमवार महाविद्यालय के एनएसएस की तीनों इकाइयों के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने योग प्रशिक्षक राज रतन सेन सिंह के सानिध्य में योगाभ्यास किया। इसके साथ ही 21 जून के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन प्रस्तुत होने वाले कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास भी किया।

# अफवाह फैलाया तो होगी कार्रवाई

बेलहर। बेलहर थाने पर अग्निपथ व जुमे की नमाज को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। ग्राम प्रधानों व ग्राम प्रहरियों को अपने-अपने गांव में लोगों को जागरूक करने की अपील की। कहा शांति बनाए रखने में सहयोग करें।

बेलहर एसओ संतोष कुमार मिश्र ने सोमवार को बैठक में क्षेत्र में शांति बनाने का आह्वान किया। सभी प्रधानों व ग्राम प्रहरियों से कहा कि सभी को अग्निपथ योजना की सही जानकारी लोगों को बताएं। किसी प्रकार का अफवाह न फैलने पाए। इसके लिए सभी को जागरूक करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही जुमे की नमाज को शांतिपूर्वक पढ़कर अपना कार्य करें। युवाओं को इंटरनेट मीडिया पर भी अनावश्यक पोस्ट करने से रोकें। इस मौके पर महेश प्रसाद, हेमंत चौधरी, राजेश प्रताप सिंह, रामकेश शर्मा आदि रहे।

# भारत बंद को लेकर सक्रिय रहा प्रशासन

जासं, संतकबीर नगर: केंद्र सरकार के अग्निपथ योजना को लेकर विभिन्न प्रांतों व जनपदों में हो रहे विरोध-प्रदर्शन को लेकर प्रशासनिक व पुलिस विभाग अलर्ट है। प्रदर्शनकारियों के मंगलवार को भारत बंद को लेकर प्रशासन सक्रिय रहा। डीएम दिव्या मित्तल सोमवार को एसपी सोनम कुमार के साथ खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंची। पुलिस फोर्स के साथ रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर सुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया।

डीएम ने कहा कि सेक्टर व सब सेक्टर मजिस्ट्रेट मगहर, खलीलाबाद व चुरेब रेलवे स्टेशन के अलावा खलीलाबाद बाईपास पर पुलिस फोर्स तैनात हैं। इसके अलावा जनपद के प्रत्येक थाना व चौकी क्षेत्र में पुलिस कर्मी भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले रही है। जोनल मजिस्ट्रेट नामित किए गए तीनों तहसीलों के एसडीएम पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



खलीलाबाद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करती डीएम दिव्या मित्तल व एसपी सोनम कुमार।



रेलवे स्टेशन के पास तैनात पुलिसकर्मी ● जागरण

# शांतिभंग की आशंका में 16 लोग गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने सोमवार को शांति भंग की आशंका में 16 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इसमें बखिरा पुलिस ने पांच, धनघटा व महुली पुलिस ने दो-दो तथा बेलहरकला पुलिस ने सात को गिरफ्तार किया है। (जासं)

# 45500 रुपये समन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से सरकारी अस्पतालों, बैंक शाखा परिसर व अन्य स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर जरूरी कागजात न दिखा सकने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 45 वाहन चालकों से 45500 रुपये समन शुल्क की वसूली की। (जासं)

# बीएसएफ के जवान ने दी शिक्षक को जान से मारने की धमकी

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर:** खलीलाबाद के भुजैनी निवासी बीएसएफ के जवान ने गांव के ही शिक्षक व उनके परिवार के सदस्यों को जाने से मारने की धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मोबाइल पर हुई वार्ता की रिकार्डिंग संलग्न करके शिक्षक ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है।

कोतवाली खलीलाबाद के ग्राम भुजैनी निवासी हरिमोहन तिवारी ने बताया कि उनके गांव के सोनू तिवारी बीएसएफ में कार्यरत हैं। बीते 19 जून को उन्हें व उनके शिक्षक भाई संत मोहन त्रिपाठी समेत बेटे उज्जवल तिवारी को 15 जुलाई को छुट्टी पर आने के बाद गोलियों से छलनी करते हुए हत्या करने की धमकी दी। बीएसएफ के जवान ने उनके व उनके भाई को मिलाकर पांच की हत्या करने की बात कही है। इसके पूर्व भी वह जान से मारने की धमकी दे चुका है। इसे लेकर पूरा परिवार भयभीत है। पीड़ित ने स्वयं के साथ ही परिवार की सुरक्षा व्यवस्था की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी विजय नारायण प्रसाद ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।

## फरार चल रहा वारंटी दबोचा गया

संतकबीर नगर : बखिरा थाने के उप निरीक्षक कल्पनाथ सिंह व रामअधार यादव की टीम ने सोमवार को कौड़िया गांव में दबिश डाली। गांव के वारंटी संतोष को उसके घर के पास गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद इन्हें जेल भेज दिया गया।

# दो पक्षों में विवाद पुलिस पहुंची

धनघटा। थाने के गेट पर दो पक्षों में पंचायत के दौरान बहस होने लगी। पुलिस ने मौके पर पहुंच दोनों पक्षों को रोक लिया और थाने ले आई। एक गांव निवासी दो लोगों के बीच विवाद है।

सोमवार को दोनों पक्ष थाने पहुंचा था। गेट पर दोनों पक्षों के बीच बहस चल रही थी। इसी दौरान पुलिस पहुंच गई। एसओ केडी सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने आपस में सुलह हो गया। संवाद

# 21 दिन बाद भी अपहृत युवती का नहीं लगा पता

बखिरा। क्षेत्र की एक युवती को 21 दिन पूर्व युवक कही भगा ले गया था। पीड़ित पिता की शिकायत पर इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। अब तक युवती का पता नहीं चला है।

युवती के पिता ने बताया कि 30 मई की दोपहर में युवक उसकी 25 वर्षीय बेटी को बहलाकर कहीं भगा ले गया था। घर से जेवरात व नकदी भी ले गई है। पुलिस ने भी अब तक उसका पता नहीं चला। एसओ अनिल सिंह ने बतांया कि युवती का पता लगाया जा रहा है। संवाद

# अग्निपथ योजना के संबंध में अफवाह न फैलाएं : एसओ

संवाद न्यूज एजेंसी

बेलहर। अग्निपथ योजना व जुमे की नमाज को देखते हुए बेलहर थाने में बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्राम प्रधानों व ग्राम प्रहरियों को अपने-अपने गांव में लोगों को जागरूक करने की अपील की गई।

इस दौरान एसओ ने कहा कि अग्निपथ योजना के संबंध में अफवाह न फैलाएं। एसओ संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि सभी को अग्निपथ योजना की सही जानकारी

### बेलहर थाने में ग्राम प्रधानों और ग्राम पहरियों की हुई बैठक

दें। इस दौरान महेश प्रसाद, हेमंत चौधरी, राजेश प्रताप सिंह, रामकेश शर्मा, राधेश्याम यादव, महेश लोधी, भीम बहादुर सिंह, मुकेश यादव, राम आशीष, संजय कुमार, अशोक, राजेंद्र प्रसाद, रामहित, जोखन, शकील अहमद, अतीक, शकिल अहमद उर्फ पप्पू, जलालुदीन, अफताब आदि मौजूद रहे।



बेलहर थाने में आयोजित बैठक में मौजूद लोग। संवाद



बच्चों के लापता होने की सूचना पर पहुंचे तहसीलदार व थानाध्यक्ष। संवाद



मृतक बच्चों को देखने के लिए लगी लोगों की भीड़। संवाद

# कुआनो नदी में नहाने के दौरान दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत

## दादा को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद नदी में गए थे स्नान करने

संवाद न्यूज एजेंसी

**पौली/ रोसया।** धनघंटा क्षेत्र के दौलतपुर घाट पर कुआनो नदी में सोमवार को स्नान करने गए दो चचेरे भाईयों की मौत हो गई। स्थानीय गोताखारों ने दो घंटे तक अथक प्रयास करके शवों को बाहर निकाला। दोनों दादा को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद नदी में स्नान कर रहे थे।

पौली गांव के दलित बस्ती निवासी 80 वर्षीय रामदास की मौत शनिवार को हो गई थी। उनके शव को कुआनो नदी के दौलतपुर घाट पर दफनाया गया था। दादा की मौत की खबर सुनकर 19 वर्षीय पौत्र मनोज दिल्ली से रविवार देर शाम घर पहुंचा। सोमवार की सुबह मनोज अपने सात वर्षीय छोटे भाई प्रियांशु और 12 वर्षीय चचेरे भाई सूरज उर्फ बादल पुत्र शिवमूरत के साथ कुआनो नदी के दौलतपुर घाट पर दादा को श्रद्धासुमन अर्पित करने गया था। दादा को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद भाइयों के साथ नदी में स्नान करने लगा। स्नान करते समय प्रियांशु गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिा बादल पहुंचा तो वह भी डूबने लगा। दोनों भाइयों को डूबता देख मनोज ने शोर मचाया तो लोगों आसपास मौजूद लोग पहुंचे। लापता दोनों भाइयों की तलाश करनें लगे। कुछ देर बाद गोताखोर भी पहुंच गए। घटना की सूचना पर तहसीलदार रत्नेश तिवारी, एसओ केडी सिंह, चौकी प्रभारी पौली राजेश मिश्रा भी पहुंच गए। करीब दो घंटे बाद लापता दोनों भाइयों को तलाश कर बाहर निकाला गया। दोनों की मौत हो चुकी थी। एसओ केडी सिंह ने बताया कि दोनों चचेरे भाईयों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



दो बच्चों के मौत की सूचना घर पहुंची तो चीख-पुकार मच गई। संवाद

### भाइयों को न बचा पाने का जीवन भर रहेगा मलाल

**धनघटा।** कुआनों नदी में डूबकर डूबने से मरे भाईयों को नहीं बचा पाने का जीवन भर मलाल रहेगा। यही कहते हुए मनोज फफक कर रो पड़ रहा है। बेसुध मनोज यही कहते हुए रो रहा था कि यदि अपनों को खाने का जरा भी अंदेशा होता तो वह घाट पर नहीं जाता। मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करने वाले शिवमूरत के चार बच्चों में से 12 वर्षीय सूरज उर्फ बादल सबसे बड़ा था। रघुनाथ के सात बच्चों में से छह वर्षीय प्रियांशु सबसे छोटा था। रघुनाथ के बेटे मनोज दिल्ली से दादा की मौत की खबर सुनकर घर लौटा तो सोमवार की सुबह दौलतपुर घाट पर दफनाए गए दादा रामदास को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए अपने छोटे भाइ प्रियांशु और चचेरे भाई सूरज उर्फ बादल के साथ घर से निकल गया। कुआनो के दौलतपुर घाट पर पहुंच कर नदी में स्नान करने लगा। मनोज ने बताया कि उससे थोड़ी ही दूरी पर दोनों छोटे भाई स्नान कर रहे थे। उसी समय दोनों नदी में लापता हो गए। भाइयों के बचाव के लिए मनोज नदी की गहराइ में जाकर पानी खंगालने लगा, लेकिन सफलता उसके हाथ नहीं लगी। दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। संवाद

# जमीन के विवाद में दो पक्ष भिड़े, 14 घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

## दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मढ़ा आरोप

## पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

धनघटा। क्षेत्र के गड़थवलिया गांव में सोमवार को जमीन के विवाद में दो पक्ष भिड़ गए। मारपीट में दोनों पक्षों के 14 लोग घायल हो गए। घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल है।

क्षेत्र के गड़थवलिया गांव निवासी राजमन और हरकेश के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। सोमवार को उसी विवाद में दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर ईंट-पत्थर चले। राजमन पक्ष से मंजू देवी, प्रतिमा, शिंवाजी, गौरव, सीमा देवी, नंदनी घायल हो गईं। जबकि दूसरे पक्ष से हरिकेश, कुंदन, संगीता, धरमवीर, जूली, रविंद्र, कॉजल, संध्या को चोटें लगी हैं। दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में एसओ केडी सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी है। सभी घायलों को परीक्षण कराने के लिए अस्पताल भेजा गया है। दोनों पक्षों की तहरीर के आंधार पर मुकदमा पंजीकृत कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-06-2022

# असलहे के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**अलावल देवरिया।** कोतवाली देहात पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली देहात के सालपुर चौकी इंचार्ज विनय कुमार पांडे ने बताया कि सोमवार को पट्टर पुत्र मोहिद्दीन निवासी ग्राम टिकरिया को उसके गांव से ही एक अदद अवैध कट्टा बारह बोर व एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा है।

# चाचा-भतीजे के बीच विवाद को सुलझाया

धानेपुर। खलिया गांव में चाचा भतीजे के बीच चले आ रहे विवाद को डायल 112 पुलिस टीम ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग कराकर सुलझा दिया है। टीम की सराहना की जा रही है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेतवागाड़ा के मजरा खलिया गांव के रहने वाले संतोषी और उनके चाचा के बीच भूमि व रास्ते को लेकर विवाद एक साल से चला आ रहा था। रविवार को दोनों पक्षों के बीच एक बार फिर से रास्ते को लेकर विवाद हो गया। जिस पर संतोषी ने डायल 112 कंट्रोल रूम को फोन कर मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही धानेपुर थाने की डायल 112 टीम प्रभारी नरेंद्र दूबे अपने हमराही के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से बातचीत कर सुलह समझौता करा दिया।

# पति व सास-ससुर पर हत्या का केस

**उमरी बेगमगंज ।** रविवार को थाना क्षेत्र के अमौठी में महिला की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने महिला के पति, सास, ससुर, ननद व देवर के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है और सास व ससुर को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़ित पिता थाना नवाबगंज के अशोकपुर निवासी उग्रसेन सिंह का आरोप है कि उनकी बेटी को दामाद शनि सिंह, ससुर वंशराज सिंह, सास शांति देवी, देवर सुनील सिंह, सुमित सिंह व योगेश सिंह कम दहेज देने को लेकर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते थे। दहेज में पांच लाख रुपये नगद, पल्सर मोटर साईकिल व अंगूठी की मांग कर रहे थे। रविवार सुबह करीब चार बजे विवाहिता के ससुर वंशराज सिंह ने सूचना दी कि उनकी बेटी की मौत हो गई।

थानाध्यक्ष मुकेश पांडेय ने बताया कि सूचना मिलने पर विवाहिता का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। विवाहिता के पति, सास, ससुर, ननद व तीन देवर के खिलाफ दहेज़ हत्या व उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जानलेवा हमले का आरोपी पकड़ा

**छपिया ।** बलवा व जानलेवा हमले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि बलवा कर जान लेवा हमले में वांछित चल रहे आरोपी विपुल चांदारत्ती को मुखबिर से मिली सूचना पर एसआई अंकुर वर्मा ने करनपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पेड़ उखाड़ने के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुये मारपीट में धारदार हथियार चला था। पुलिस इस मामले में वांछित की तलाश कर रही थी।

# मिल कर्मचारी की छत से गिरकर मौत

गोण्डा। मनकापुर थाना क्षेत्र में स्थित एक चीनी मिल में कर्मचारी की छत से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिहार प्रान्त के औरंगाबाद निवासी अखिलेश सिंह पुत्र शिव प्रताप सिंह मिल में काम करता था। रविवार रात छत से गिरकर उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खेत से बिजली केबिल जाने से रोकने पर पिटाई

धानेपुर। गूंगीदेई गांव में खेत से बिजली केबल का तार ले जाने से मना करने पर दबंगों ने पीट दिया। पीड़ित पवन सिंह के मुताबिक उनके खेत से बिजली की केबल गांव के रहने वाले कुछ लोग ले जा रहे थे। रोकने पर विपक्षियों ने लात घूसा व डंडे से पिटाई कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

# शराब बनाने के आरोपी को दस वर्ष की सजा

**गोण्डा, विधि संवाददाता।** अपर सत्र न्यायाधीश दीनानाथ ने नकली शराब बनाने वाले आरोपी को दस वर्ष की कैद व साढ़े सोलह हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ओम प्रकाश शुक्ला के अनुसार प्रकरण वर्ष थाना खोड़ारे के अंतर्गत ग्राम पिपरा कोट का है। जहां के अमित जायसवाल के विरुद्ध पुलिस ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज किया कि आरोपी नकली शराब बनाने का धंधा करता है।

पुलिस ने मद्य निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांचोपरांत आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के बाद आरोपी को दोषी करार देते हुए को दस वर्ष की सजा व साढ़े सोलह हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

# मारपीट मामले में नौ घायल, 16 पर मुकदमा

संसू, परसपुर: अलग-अलग छह स्थानों पर हुई मारपीट में चार महिलाओं समेत नौ लोग घायल हो गए। इसमें 16 पर मुकदमा किया गया है। पसका के पांडेय पुरवा गांव में सागौन का पौधा उखाड़ने के दौरान विवाद हो गया। इसमें मां मीरा व उसकी पुत्री नंदिनी की पिटाई की गई। उधर बिजली का तार खींचने के दौरान चरसड़ी के पठानपुरवा गांव में नेहा पाठक की पिटाई की गई। पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर अकोहरी गांव निवासी भानुप्रताप सिंह व सौरभ सिंह, अकोहरी निवासी गुरुदत्त सिंह, आंटा के लालपुरवा निवासी अजेंद्र सिंह व उनकी पुत्री निकिता सिंह, आंटा के भोंदू पुरवा गांव निवासी विकास सिंह की लाठी डंडे से पिटाई की गई। पुलिस ने कहा कि पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## नकली शराब बनाने में दस वर्ष की सजा

**गोंडा :** अपर सत्र न्यायाधीश सप्तम डा. दीनानाथ ने अमित कुमार जायसवाल निवासी पिपरा कोट को दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। वर्ष 2017 में खोड़ारे में नकली ढक्कन व होलोग्राम लगाकर शराब की आपूर्ति की जा रही थी। (संसू)

## तीन गिरफ्तार

गोंडा : राजकीय रेलवे पुलिस ने लखनऊ से गोरखपुर के बीच सफर करने वाले यात्रियों का मोबाइल व आभूषण चुराने के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि हरियाणा के कुलदीप, संदीप व राकेश कुमार को पकड़ा गया। इनके पास से मोबाइल,आभूषण बरामद हुए।(संसू)

# मारपीट मामले में नौ घायल, 16 पर मुकदमा

**संसू, परसपुर:** अलग-अलग छह स्थानों पर हुई मारपीट में चार महिलाओं समेत नौ लोग घायल हो गए। इसमें 16 पर मुकदमा किया गया है। पसका के पांडेय पुरवा गांव में सागौन का पौधा उखाड़ने के दौरान विवाद हो गया। इसमें मां मीरा व उसकी पुत्री नंदिनी की पिटाई की गई। उधर बिजली का तार खींचने के दौरान चरसड़ी के पठानपुरवा गांव में नेहा पाठक की पिटाई की गई। पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर अकोहरी गांव निवासी भानुप्रताप सिंह व सौरभ सिंह, अकोहरी निवासी गुरुदत्त सिंह, आंटा के लालपुरवा निवासी अजेंद्र सिंह व उनकी पुत्री निकिता सिंह, आंटा के भोंदू पुरवा गांव निवासी विकास सिंह की लाठी डंडे से पिटाई की गई। पुलिस ने कहा कि पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।




# बंदी बेअसर बाजार से स्टेशन तक चौकसी

## अग्निपथ : ट्रेनों के निरस्त होने से परेशानी, मार्गदर्शन करने में जुटे रहे अधिकारी

**संसू, गोंडा:** अग्निपथ को लेकर सोमवार को बंदी का यहां पर कोई असर नहीं रहा। हालांकि बाजार से लेकर स्टेशन तक चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के प्रबंध किए गए थे। अधिकारी हरेक मूवमेंट की निगरानी के लिए लगाए गए थे। परसपुर में विशेष चौकसी बरती गई। इसी बीच प्रशासन की अपील पर पूर्व सैनिक व कोचिंग संचालक युवाओं का मार्गदर्शन करके उन्हें अग्निपथ की खूबियों के बारे में बता रहे हैं।

अग्निपथ के विरोध में भारत बंदी को लेकर प्रशासन यहां सतर्क दिखा। उन सभी की गतिविधियों की निगरानी की जा रही थी, जिन्होंने गुरुवार को प्रदर्शन करके ज्ञापन दिया था। वैसे बंदी का यहां पर कोई असर नहीं दिखा। सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम, आरपीएफ इंस्पेक्टर एनपी सिंह, जीआरपी कोतवाल एमपी चतुर्वेदी टीम के साथ स्टेशन व बाजार की सुरक्षा का जायजा लेते रहे। आंबेडकर चौराहे पर विशेष टीम लगाई गई थी। परसपुर में विशेष सतर्कता बरती गई। तुलसी स्मारक इंका के मैदान में पुलिस बल को तैनात किया गया था।

अग्निपथ को लेकर हो रहे आंदोलन के कारण गोरखपुर-लखनऊ के मध्य गोंडा से होकर जाने वाली 23 ट्रेनें निरस्त होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली व मुंबई को जाने वाले यात्रियों को भी दिक्कत हुई। सबसे ज्यादा परेशानी उनको हो रही है, जिन्होंने गर्मी की छुट्टी में बाहर घूमने जाने का प्लान बनाया था।



कचहरी स्टेशन पर मौजूद नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता दाएं से दूसरे • जागरण

**दिग्भ्रमित न हो युवा:** पूर्व सैनिक विजय सिंह कारगिल का कहना है कि सरकार ने जो काम किया है, वह देशहित में है। ऐसे में युवाओं को धैर्य पूर्वक सरकार की नीति को समझना चाहिए। उन्हें किसी के चक्कर में पड़ने की आवश्यकता नहीं है। राम दिवाकर सिंह का कहना है कि सरकार की सोच व योजना युवाओं के हित में है। युवाओं को इसकी खूबियों को समझने का प्रयास करना चाहिए।

### युवाओं को अग्निवीर योजना का बताया लाभ

**संसू, गोंडा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता युवाओं को अग्निवीर योजना का लाभ बता रहे है। कोचिंग संस्थानों में जाकर छात्रों को पंपलेट वितरित किया। एबीवीपी के प्रदेश महामंत्री शिवम पांडेय ने कहा कि अग्निवीर योजना युवाओं के लिए वरदान से कम नहीं है। यह भविष्य में उनके लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि योजना के विरोध में देश की संपत्ति को नुकसान पहुंचाना गलत है। छात्रों से इसके बारे में पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला संयोजक सूरज शुक्ल ने कहा कि वीर का प्रमाण पत्र जाएगा। आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा भ्रमित न हों।



कलेक्ट्रेट में पुलिस कर्मियों के साथ मौजूद सीओ विनय कुमार सिंह दाएं • जागरण

## संरक्षण देने में गिरफ्तार

**इटियाथोक** : नरौराभर्रापुर गांव में सराफा व्यापारी शेषराम सोनी से हुई लूट के मामले में कंधरातेजी ददवलिया गांव निवासी रमन सोनी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष करूणाकर पांडेय ने कहा कि पूर्व में लूट की घटना हुई थी। इसमें रमन सोनी वांछित था।उस पर लुटेरों को संरक्षण देने का आरोप है।(संसू)

## आरोपित गिरफ्तार

**इटियाथोक** : एक गांव की किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने मध्यनगर निवासी मिथुन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष करूणाकर पांडेय ने कहा कि आरोपित पर शादी का झांसा देकर किशोरी को भगा ले जाने का आरोप है।(संसू)

# विवाहिता की मौत के मामले में पति समेत सात पर मुकदमा

**संसू, उमरी बेगमगंज (गोंडा) :** अमौठी निवासी विवाहिता की संदिग्ध हालत में हुई मौत के मामले में विवाहिता के पति, सास, ससुर, ननद व तीन देवर सहित सात के खिलाफ दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है। पुलिस ने आरोपित सास व ससुर को बेलसर टैक्सी स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया है।

नवाबगंज के अशोकपुर निवासी उग्रसेन सिंह ने 18 जून 2021 को अपनी बेटी शिवांगी सिंह की शादी अमौठी निवासी शनि सिंह के साथ की थी। उग्रसेन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी बेटी को दामाद शनि सिंह, ससुर वंशराज सिंह, सास शांति देवी, देवर सुनील सिंह, सुमित सिंह व योगेश सिंह दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। पांच लाख रुपये नकद, पल्सर मोटर साइकिल व अंगूठी की मांग कर रहे थे। दहेज में मांगी गई रकम का इंतजाम न कर पाने के कारण बीते 18 जून को मेरी बेटी ने दूरभाष पर बताया कि सास, ससुर, पति, देवर व ननद कंचन सिंह ने मिलकर मारा पीटा है। शाम को पांच लाख लाने को कहा और धमकी दी कि रुपये नहीं मिला तो जान से मार देंगे। रविवार सुबह करीब चार बजे विवाहिता के ससुर वंशराज सिंह ने सूचना दी कि उसकी बेटी की मौत हो गई। थानाध्यक्ष मुकेश पांडेय ने कहा कि पति समेत सात पर मुकदमा किया गया है। आरोपित सास शांति देवी व ससुर वंशराज सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 14 वाहनों की कराई गई नीलामी

धानेपुर (गोंडा)। थाना परिसर में खड़े दो पहिया व चार पहिया वाहनों की नीलामी बीते दिन नायब तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार की मौजूदगी में की गई। नीलामी के दौरान बड़ा ही असमंजस रहा। पुलिस ने नीलामी की सूचना सुबह 10 बजे से देनी शुरू की। वाहनों को देखने के लिए थाने में लाइन लग गई। तभी सूचना आई कि अब नीलामी की प्रक्रिया दो बजे से होगी। नायब तहसीलदार के आने के बाद तीन बजे से प्रक्रिया शुरू हुई। नायब तहसीलदार ने बताया कि कुल 14 वाहनों की नीलामी कराई गई। (संवाद)

# दहेज हत्या के आरोपी सास-ससुर गिरफ्तार

उमरीबेगमगंज (गोंडा)। थाना क्षेत्र के अमौठी में रविवार को एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने महिला के पति, सास, ससुर, ननद व देवर के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। सास व ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना नवाबगंज के अशोकपुर निवासी उग्रसेन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसने अपनी बेटी शिवांगी की शादी 19 जून 2021 को की थी। दामाद शनि सिंह, ससुर वंशराज सिंह, सास शांति देवी, देवर सुनील सिंह, सुमित सिंह व योगेश सिंह कम दहेज देने को लेकर शिवांगी का उत्पीड़न करते थे। यही नहीं, उसे पीटते भी थे। दहेज में पांच लाख रुपये नकद, बाइक व अंगूठी की मांग कर रहे थे। रविवार भोर वंशराज सिंह ने सूचना दी कि शिवांगी की मौत हो गई। थानाध्यक्ष मुकेश पांडेय ने बताया कि विवाहिता का पोस्टमार्टम कराया गया था। पति, सास, ससुर, ननद व तीन देवरों के खिलाफ दहेज हत्या व उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि बेलसर टैक्सी स्टैंड से सास शांति देवी व ससुर वंशराज सिंह को गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# मिलावटी शराब बेचने पर दस साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

## खोड़ारे के ग्राम पिपरा तप्पा कोट में छापे में हुई थी बरामदगी

गोंडा। अपमिश्रित शराब बनाकर उस पर नकली होलोग्राम चस्पा करके बेचने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश सप्तम ने एक अभियुक्त को दस साल की कैद और 16,500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ओमप्रकाश शुक्ल व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि 21 सितंबर 2017 को तत्कालीन क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक कृष्णकुमार मिश्र व थाना खोड़ारे की पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम पिपरा तप्पा कोट के एक खपरैल मकान में छापा मारा था।

वहां अपमिश्रित (नकली) शराब को शीशियों में भरकर ढक्कन सील करके नकली होलोग्राम चस्पा करते अमित कुमार जायसवाल उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम पिपरा तप्पा कोट को पकड़ा गया था। छापे के दौरान घर के अंदर से 360 लीटर स्प्रिट, दो बोरी साबूत ढक्कन, नकली ढक्कन, नकली होलोग्राम, एक पौवा की शीशी में लगभग 180 एमएल कैरामल, 104 होलोग्राम व एक पॉलीथिन में लगभग 500 वाशर भी बरामद हुए थे। पुलिस ने धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने व आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा था। विवेचना कर आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया गया। विचारण के दौरान पुख्ता साक्ष्य के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश सप्तम ने आरोपी को दोष सिद्ध किया।

सोमवार को मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश सप्तम डॉ. दीनानाथ तृतीय ने अभियुक्त अमित कुमार जायसवाल उर्फ गुड्डू को दस साल के कठोर कारावास और 16,500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# चोरों के अंतरराज्यीय गिरोह के तीन बदमाश दबोचे

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। अंतरराज्यीय चोर गिरोह के तीन सदस्य जीआरपी के हत्थे चढ़े हैं। इनके पास से दो मोबाइल समेत आभूषण बरामद हुआ है। जीआरपी ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक एमपी चतुर्वेदी ने बताया कि रविवार रात स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान रेलवे आरक्षण दफ्तर के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े तीन लोग दिखाई दिए। उनको पूछताछ के लिए लाया गया। तीनों की जामा तलाशी में चोरी के दो मोबाइल फोन और अंगूठी, पायल व मंगलसूत्र सहित 930 रुपये नकद बरामद हुए। कोतवाल ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपी अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य हैं।

तीनों आरोपी हरियाणा के रहने वाले हैं। कोतवाल के अनुसार पकड़े गए बदमाशों का नाम कुलदीप निवासी लहू जिंद थाना सदर, संदीप थाना हंसी जनपद हिसार व राकेश निवासी कतारपुर थाना सिटी जनपथ रोहतक है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

## किशोरी को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**इटियाथोक (गोंडा)।** किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि एक गांव की किशोरी को मध्य नगर गांव का मिथुन सिंह शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। रविवार को आरोपी मिथुन सिंह को मध्यनगर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# जानलेवा हमले में वांछित आरोपी को दबोचा

**बभनान (गोंडा)।** जानलेवा हमले में वांछित आरोपी सहित शांतिभंग करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि बलवा व जानलेवा हमले में वांछित चल रहे आरोपी विपुल निवासी चांदारत्ती को मुखबिर से मिली सूचना पर एसआई अंकुर वर्मा ने करनपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पेड़ उखाड़ने के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। शांतिभंग करने के मामले में पुलिस ने शुभम तिवारी निवासी लालपुर कोतवाली मनकापुर को ताबेपुर गांव से गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# नहीं दिखा भारत बंद का असर, चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस



भारत बंद के ऐलान के मद्देनजर सोमवार को कलेक्ट्रेट में मुस्तैद सीओ व इंस्पेक्टर। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** अग्निपथ योजना के विरोध को लेकर कुछ संगठनों की तरफ से किए गये भारत बंद के ऐलान का जिले में कोई असर नहीं दिखाई दिया। यहां आम दिनों की तरह सोमवार को भी सब कुछ सामान्य रहा। हालांकि एहतियात के तौर पर हर चौक-चौराहे पर पुलिस टीमें तैनात की गईं थीं। अधिकारी भी लगातार भ्रमण करते रहे। वहीं, भारत बंद के ऐलान मद्देनजर रेलवे ने गोंडा रूट की 14 ट्रेनों को निरस्त कर दिया। इससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। सिटी मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी ने जीआरपी व आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षकों के साथ प्लेटफॉर्मों का जायजा लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अग्निपथ योजना के विरोध में चार दिन पहले यहां युवाओं ने प्रदर्शन किया था। इसके बाद अधिकारियों ने उन्हें समझा-बुझाकर वापस कर दिया था। वहीं, कुछ संगठनों ने सोमवार को भारत बंद का ऐलान किया था। इसको लेकर सोमवार को यहां सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही। कलेक्ट्रेट से लेकर रेलवे स्टेशन तक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। यही नहीं, रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये। सिटी मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता व सीओ सिटी लक्ष्मीकांत ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

उन्होंने जीआरपी व आरपीएफ इंस्पेक्टर को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। ऐसे में सोमवार को जिले में भारत बंद का कोई असर नहीं दिखा। आम

## भारत बंद के मद्देनजर रेलवे ने गोंडा रूट की 14 ट्रेनें कीं निरस्त

## अधिकारियों ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

दिनों की तरह ही बाजार और दफ्तर खुले। लोगों को आवागमन में भी कोई परेशानी नहीं हुई। आंबेडकर चौराहा, एलबीएस चौराहा, गुरुनानक चौक, बड़गांव चौराहा, जयनरायन चौराहा समेत अन्य स्थानों पर पुलिस टीमें तैनात की गई थीं।

पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने सोमवार को 32 ट्रेनों को निरस्त कर दिया। इसमें 14 ट्रेनें गोंडा से होकर चलती हैं। इनमें बरौनी से बांद्रा टर्मिनल, बरौनी से अंबाला, मुजफ्फरपुर से आनंद विहार, जयनगर से लोकमान्य तिलक, सहरसा से अमृतसर, सहरसा से नई दिल्ली, दरभंगा से नई दिल्ली, रक्सौल से आनंद विहार, पोरबंदर से मुजफ्फरपुर, काठगोदाम से हावड़ा, दरभंगा से अमृतसर, सहरसा से अमृतसर, बरौनी से एर्नाकुलम व मुजफ्फरपुर से पोरबंदर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनें निरस्त रहीं। इससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उधर, अग्निपथ योजना के विरोध युवकों के द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन और सोमवार को कुछ संगठनों के भारत बंद के ऐलान के मद्देनजर रेलवे व जिला प्रशासन के अधिकारियों ने समन्वय बनाकर स्टेशन पर चेकिंग की। आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह और जीआरपी के कोतवाल महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी के साथ प्लेटफॉर्मों और उसके आसपास का जायजा लिया गया।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-06-2022

# चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किये गये

बलरामपुर। थाना देहात पुलिस ने सोमवार को चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तगण न्यायालय से वांछित चल रहे थे। यह जानकारी देते हुए थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा ने बताया कि विभिन्न मामलों में अभियुक्तगण न्यायालय से वांछित चल रहे थे। जिन्हें थाना क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक मनीष कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल सोनू जायसवाल, कांस्टेबल रणविजय सिंह, पुष्पेंद्र वर्मा, मनोज गुप्ता, देवेंद्र प्रताप सिंह के साथ हरिहरगंज बाजार के पास से अनवर पुत्र इस्माइल, रफीक पुत्र हबीब, नफीस उर्फ काले पुत्र शब्बीर, राम भवन उर्फ भवन यादव पुत्र चतुर को गिरफ्तार किया गया है।

Image

# चोरी के सामान के साथ पांच गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना तुलसीपुर पुलिस ने रोटावेटर पिकप के साथ पांच अभियुक्तों को धर दबोचा। अभियुक्तों को थाने पर लाकर अभियोग पंजीकृत किया गया। यह जानकारी देते हुए उपनिरीक्षक मूलचंद ने बताया कि सूचना पर उप निरीक्षक अनिल दिक्षित, कांस्टेबल अमित कुमार, अखिलेश भारती, राजेश मौर्य की संयुक्त टीम ने पांच लोगों को दबोच लिया। जिनके पास से चोरी की गई रोटावेटर व पिकअप की बरामदगी की गई है। उन्होंने बताया कि नचौरा निवासी सुनील कुमार यादव पुत्र श्याम, रामफेर पुत्र निब्बर, सिकटीहवा निवासी मशी अहमद पुत्र अनीस अहमद, पुरानी बाजार निवासी सोहेल पुत्र बचऊ, बिसलपुर खैरहनिया निवासी विजय गिरी उर्फ अरविंद कुमार पुत्र राम भारती को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध थाने में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की

बलरामपुर। कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए पुलिस टीम ने तुलसीपुर का जायजा लिया। एएसपी नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक की मौजूदगी में पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर यात्रियों को शांतिपूर्वक रहने तथा कानून व्यवस्था को बनाए रखने की अपील की।

# जंगल से बेखौफ काट रहे लकड़ियां



जंगल से बेशकीमती लकड़ी काट कर ले जाते लकड़कट्टे

जरवा, संवाददाता। सोहेलवा वन जीव प्रभाग में अवैध कटान का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रतिदिन साखू, शीशम व सागौन के दर्जनों पेड़ों को काट कर गिरा दिया जाता है। आबादी से सटा वन्य क्षेत्र दिनों दिन वीरान होता जा रहा है। सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग में बेशकीमती औषधि युक्त लकड़ियां पाई जाती हैं। जिसको देखते हुए सरकार ने 1989 में इस वन क्षेत्र को बचाने के लिए सेंचुरी घोषित कर दिया था। वहीं बन विभाग के जिम्मेदार संसाधनों का बहाना बनाकर अवैध कटान रोक पाने में अपने आप को अक्षम बता रहे हैं जिससे सुहेलवा में अवैध कटान रुकने की आस फिलहाल नहीं दिखाई दे रही है।

जंगल में वन संपदा की अमूल्य धरोहर सागौन, साखू व खैर आदि वृक्षों की अवैध कटान धड़ल्ले से हो रही है। जिसे जलौनी के नाम पर बेरोक खुले आम बेचा जा रहा है। वन क्षेत्र के सेंचुरी जंगल जनकपुर, रामपुर, बरहवा, भदवार व बनकटवा में आबादी से सटे जंगल 40 प्रतिशत तक समाप्त हो चुका है। साखू सागौन की वृक्षों का अवैध कटान विभागीय संरक्षण में धड़ल्ले से किया जा रहा है। काटी गयी लकड़ियों को जलौनी के रूप में सायकिल, रिक्शा आदि से लादकर बालापुर, जरवा, पिपरहवा, तुलसीपुर, गैसड़ीआदि बाजारों में बेचा जा रहा है।

# समोसा विक्रेता को मारी गोली, हालत गम्भीर

## दुस्साहस

बलरामपुर, संवाददाता। दो अज्ञात बाइक सवार लोगों ने समोसा विक्रेता को गोली मार दी। युवक की हालत गंभीर देख कर उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। घटना थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत उतरौला मार्ग स्थित बोधीडीह चौराहा के निकट रविवार रात सवा आठ बजे हुई है। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस घटना में शामिल एक युवक को चिन्हित कर उसकी तलाश कर रही है।

थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत बोधीडीह महादेव मिश्र निवासी छेदीलाल पासवान उर्फ माता प्रसाद पुत्र परशुराम ने बताया कि वह बोधीडीह चौराहा पर समोसा की दुकान करते हैं। रविवार रात वह अपने बेटे 22 वर्षीय कंधईलाल के साथ समोसा दुकान पर मौजूद था। पल्सर सवार दो युवक जिला कारागार की ओर से आए और कंधईलाल को गोली मार दी। गोली उसकी पीठ में लगी और आर पार हो गई। कंधईलाल दर्द से छटपटाने लगे। हमलावर बलरामपुर की ओर भाग निकले।

# अग्निपथ योजना की विशेषताएं बताई

तुलसीपुर। प्रभारी निरीक्षक अवध राज सिंह के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थलों का जायजा लिया। लोगों से मिलकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। साथ ही अग्निपथ योजना को लेकर किसी प्रकार का बवाल न हो इसके लिए भी लोगों को जागरूक किया।

पुलिस टीम के साथ प्रभारी निरीक्षक सबसे पहले रेलवे स्टेशन गए। स्टेशन पर युवा यात्रियों को अग्निपथ योजना की विशेषताएं बताई। उन्होंने कहा कि सरकार देश से बेरोजगारी दूर करने के लिए प्रयासरत है। सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ जरूर लेना चाहिए।

# बिजली मिस्त्री के चार हत्यारोपितों को पुलिस ने भेजा जेल

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पिटाई से मौत की पुष्टि पर दर्ज हुआ था मुकदमा, तुलसीपुर में चोरी के दो रोटावेटर संग पांच गिरफ्तार**

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : नगर के पहलवारा मुहल्ला निवासी बिजली मिस्त्री 23 वर्षीय शिवम गुप्त के हत्यारों को देहात कोतवाली की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पिटाई से युवक की मौत की पुष्टि होने पर हरिहरगंज बाजार निवासी अनवर, रफीक, नफीस उर्फ काले व रामभवन उर्फ भवने यादव को नामजद किया गया था। पुलिस ने चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल रवाना कर दिया है।

देहात कोतवाली के हरिहरगंज बाजार में बीते शुक्रवार की रात बिजली मिस्त्री शिवम गुप्त को पीट-पीट कर मौत के घाट उतार दिया गया था। शनिवार सुबह उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पिटाई के कारण मौत होने की पुष्टि हुई थी। रविवार को मृतक के पिता शिव कुमार गुप्त की तहरीर पर पुलिस ने चार अभियुक्तों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया। उपनिरीक्षक मनीष कुमार मिश्र, हेड कांस्टेबल सोनू जायसवाल, कांस्टेबल रणविजय सिंह, पुष्पेंद्र वर्मा, मनोज गुप्त व देवेंद्र प्रताप सिंह की टीम ने चारों अभियुक्तों को दबिश देकर दबोच लिया। प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा ने बताया कि चारों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।



तुलसीपुर में पुलिस टीम ने बरामद किया चोरी का रोटावेटर ● फोटो पुलिस मीडिया सेल



देहात कोतवाली में पकड़े गए आरोपितों के साथ पुलिस टीम ● फोटो पुलिस मीडिया सेल

## चोरी के रोटावेटर के साथ पांच गिरफ्तार

**बलरामपुर** : तुलसीपुर थाना की पुलिस ने चोरी के दो रोटावेटर के साथ पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों की पहचान नचौरा गांव निवासी सुनील कुमार यादव, रामफेर, हनुमानगढ़ी पुरानी बाजार निवासी सुहेल, विशुनपुर खैरहनिया निवासी विजय गिरि व मसी अहमद निवासी सिकटिहवा ओड़ाझार खुर्द के रूप में हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि उपनिरीक्षक मूलचंद, अनिल दिक्षित, कांस्टेबल विजय पांडेय, शशांक त्रिपाठी, अखिलेश भारती, अमित कुमार व राजेश मौर्य ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों को दो रोटावेटर के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पांचों को जेल रवाना किया गया है।

# 143 शीशी नेपाली व 20 लीटर कच्ची शराब बरामद



पचपेड़वा थाने में पकड़े गए आरोपितों के साथ पुलिस टीम ● जागरण

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : अवैध शराब का कारोबार व तस्करी करने वालों पर आबकारी विभाग की नजर टेढ़ी हो गई है। आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 143 शीशी (42.9 लीटर) नेपाली व 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

जिला आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि संयुक्त टीम ने देहात कोतवाली के बेला, बेली, हरिहरगंज, सिसई, तुलसीपुर के चैपुरवा, भानपुर, कहारनपुरवा, पचपेड़वा के कटैया भारी, गौरा भारी, रेहराबाजार के हरविलासगंज व रामनाथपुर में दबिश दी गई। 42.9 लीटर नेपाली समेत कुल 62.9 लीटर शराब बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तीन मामले दर्ज किए गए हैं।

# दो रोटावेटर व एक पिकअप के साथ पांच को दबोचा

बलरामपुर। चोरी के दो रोटावेटर व एक पिकअप के साथ पांच बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा। तुलसीपुर थाने की पुलिस ने चोरों को जेल भेज दिया।

सोमवार को एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि तुलसीपुर थाने की पुलिस ने चोरी के दो रोटावेटर व एक पिकअप बरामद कर पांच चोरों को गिरफ्तार किया है। सीओ तुलसीपुर कुंवर प्रभात सिंह ने टीम गठित कर आरोपियों की धर पकड़ के लिए लगाया।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तुलसीपुर थाना क्षेत्र के नचौरा निवासी सुनील कुमार यादव, ओड़াझार खुर्द निवासी मसी अहमद, हनुमानगढ़ी मंदिर पुरानी बाजार पूरबटोला निवासी सुहेल, विशुनपुर खैरहनिया निवासी विजय व नचौरा निवासी रामफेर को गिरफ्तार किया। इन सब के पास से चोरी के दो रोटावेटर व एक पिकअप बरामद की गई है। केस दर्ज कर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# अग्निपथ योजना को लेकर बरती जा रही सावधानी

## रेलवे और बस स्टेशनों के साथ चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर फोर्स तैनात

संवाद न्यूज एजेंसी



बलरामपुर के झारखंडी मंदिर पर सोमवार को तैनात पुलिस फोर्स। -संवाद

**बलरामपुर।** देश व प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अग्निपथ योजना के विरोध को लेकर जिला प्रशासन की तरफ से सावधानी बरती जा रही है। छात्र व स्वयंसेवी संगठनों से इस योजना के समर्थन में प्रशासन की तरफ से पत्र लिखवाया जा रहा है। रेलवे व बस स्टेशनों के साथ चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर भारी तादाद में फोर्स तैनात कर प्रदर्शन करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हालांकि अभी तक जिले में इसके विरोध में कोई आंदोलन नहीं किया जा रहा है।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने सोमवार को बताया कि जिले में अग्निपथ योजना के खिलाफ किसी भी संगठन की तरफ से अभी तक कोई आंदोलन नहीं किया गया है। अखिल भारतीय पंचायत परिषद के जिलाध्यक्ष गुलजारी लाल शुक्ल व महामंत्री शशिकांत त्रिपाठी की तरफ से मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र लिखकर युवाओं से अपील की गई है। सरकार व पुलिस के संयम व धैर्य की सराहना की है। हिंसा की निंदा करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों को सेना में भर्ती न करने की मांग भी की गई है।

सरकार व पुलिस की नौकरी में अग्निवीरों के लिए प्रावधान किए जाने की मांग की है। सरकार की अग्निपथ योजना का समर्थन करते हुए डीएम व एसपी को सहयोग करने के लिए कहा गया है। इसी तरह अन्य संगठनों की तरफ से भी योजना में सहयोग करने की अपील की गई है। इन सब के बाद भी प्रशासन की तरफ से पूरी सावधानी बरती जा रही है। डीएम व एसपी के निर्देश पर जिले के सभी रेलवे व बस स्टेशनों, सार्वजनिक स्थलों व चौराहों पर सिविल पुलिस के साथ-साथ पैरा मिलेट्री फोर्स भी तैनात की गई है।

# मिस्त्री की हत्या में चारों आरोपी दबोचे

**बलरामपुर।** देहात कोतवाली के हरिहरगंज बाजार में शुक्रवार रात बिजली मिस्त्री की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में नामजद चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक विद्यासागर वर्मा ने सोमवार को बताया कि मृतक शिवम गुप्ता को चोर समझकर पीट-पीटकर मार डालने वाले आरोपी अनवर, रफीक, नफीस व रामभवन उर्फ भवने यादव समस्त निवासीगण हरिहरगंज बाजार को मुकदमा दर्ज करने के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया है। सभी आरोपियों को जेल भेजा गया है। (संवाद)

21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रशिक्षकों की तरफ से सुबह 5.30 बजे से योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। (संवाद)

# दुष्कर्म के वांछित आरोपी को दबोचा

**बलरामपुर।** तुलसीपुर थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बीते दिन दुष्कर्म के वांछित आरोपी को धर दबोचा। इंस्पेक्टर रोहित प्रसाद की टीम ने पिपरहवा चौराहे के पास थाना महराजगंज तराई के महादेव गोंसाई निवासी दुष्कर्म के आरोपी अवधेश मिश्र उर्फ देवभूषण मिश्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-06-2022

# सेक्टर मजिस्ट्रेटों की निगरानी में कानून व्यवस्था

बहराइच, संवाददाता। चाक-चौबंद कानून व्यवस्था के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट थानावार जिम्मेदारी संभालेंगे। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. दिनेश चन्द्र की ओर से 20 से 24 जून तक जिले को दो सुपर जोन, सात जोन व 22 सेक्टरों में बांटा गया है। सुपर जोनल, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों व पुलिस अधिकारियों की तैनाती हुई है।

जनपद को दो जोन में बांटकर प्रथम जोन के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट व अपर पुलिस अधीक्षक नगर तथा द्वितीय जोन के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट व सुपर जोनल पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा नगर क्षेत्र के लिए नगर मजिस्ट्रेट तथा तहसीलों के लिए उप जिला मजिस्ट्रेटों को जोनल मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रथम जोन में कोतवाली नगर, कोतवाली सहित विभिन्न इलाकों के लिए अफसरों को जिम्मेदारी दी गई है। द्वितीय जोन ग्रामीण को कोतवाली नानपारा के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नानपारा व बीडीओ बलहा, मोतीपुर के लिए थानाध्यक्ष मोतीपुर व तहसीलदार मिहींपुरवा, रुपईडीहा के लिए थानाध्यक्ष रुपईडीहा व तहसीलदार नानपारा आदि सभी इलाकों में सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी है।

# चीतल की सींग के साथ चार शिकारी पकड़े

बहराइच, संवाददाता। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली बाघ संरक्षित क्षेत्र में चीतल का शिकार कर सींग ले जाते समय चार शिकारियों को वनकर्मियों ने पकड़ा है। इनके पास से औजार भी बरामद हुए है। पूछताछ के बाद वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को सोमवार जेल रवाना कर दिया गया।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में इन दिनों वन्यजीवों के शिकार के लिए अवैध तरीके से शिकारी पहुंच रहे हैं। रविवार को सुजौली रेंज के बीट एक में शिकारियों के होने की खबर वन कर्मियों को मिली। वन कर्मियों की टीम ने घेराबंदी की। चीतल का शिकार कर प्लॉस्टिक की बोरी में सींग ले जाते समय चार शिकारियों को वनकर्मियों ने पकड़ लिया। कुल्हाड़ी व दूसरे औजारों को बरामद किया गया है। पूछताछ में इनकी पहचान सुजौली थाना क्षेत्र के सुजौली गांव के कल्लू, गंगाराम, खुलारू व अरविंद के रूप में हुई है। इन पर वन्यजीव अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। डीएफओ आकाशदीप बधावन ने बताया कि लगातार वनकर्मियों की टीम अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर रही है।



वनटीम की अभिरक्षा में रविवार को पकड़े गए शिकारी।

# छह लाख लोग आज तराई की धरा पर करेंगे योग

विश्व योग दिवस

वैश्विक महामारी के संकट में जिंदगी के लिए रामबाण साबित हुए योग व आयुर्वेद की विधा अब तराई के हर घर को निरोग रहने का माध्यम बनेगा। इसकी औपचारिक शुरुआत भले ही 21 मई को हो चुकी है, लेकिन 21 जून योगमय होकर तराई की धरा न केवल योग से निरोग की गवाह बनेगी, बल्कि छह लाख लोग एक साथ एक समय पर योग कर रिकार्ड भी बनाएंगे।

**04** लाख लोगों ने अब तक आयुष कवच एप पर योग करते हुए फोटो अपलोड की

बहराइच, संवाददाता। आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को यादगार बनाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद ने स्वयं कमान संभाल रखी है। हर रोज विभिन्न स्थानों पर आयोजित हो रहे योग कार्यक्रम में हिस्सा लेकर लोगों को योग के प्रति प्रोत्साहित कर रहे हैं।

इसका नतीजा रहा है कि तराई की धरा पर योग के प्रति लोगों में रुझान ही नहीं बढ़ा है, बल्कि चार लाख लोगों ने आयुष कवच एप पर योग करते हुए फोटो व वीडियो अपलोड कर इसे दैनिक जीवन में शामिल भी कर लिया है। अब मंगलवार को एक साथ छह लाख लोग योग कर तराई की धरा से योग ही निरोग रहने का असली विधा है का संदेश भी देंगे। शहर के इंदिरा स्टेडियम में सुबह छह बजे योग साधना से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में डीएम व मुख्य अतिथि अनुभव व सरकार का योग के प्रति नजरिए के बारे में अवगत कराएंगे। 6.40 बजे प्रधानमंत्री के भाषण का लाइव प्रसारण होगा। सात बजे से तराई की धरा योगमय हो जाएगी। यह कार्यक्रम न केवल शहरी क्षेत्र में बल्कि गांव के हर घर से लेकर हर मोहल्ले, ग्राम पंचायत, स्वयंसेवी संस्थान व सरकारी कार्यालयों से लेकर शैक्षिक संस्थानों में एक साथ योग किया जाएगा।



इंदिरा स्टेडियम में योगाभ्यास करते लोग।



सोमवार को तैयारियों का जायजा लेते डीएम डॉ. दिनेश चन्द व अन्य अफसर।

## सफेद ढीले कपड़ों में करें योग साधना

योग साधना के दौरान हल्के व ढीले कपड़े पहनने चाहिए। इससे योग की विभिन्न विधाओं को करने में दिक्कत नहीं होती है। योग दिवस पर सफेद कपड़े पहनने चाहिए। यह शांति का संदेश देता है।

## योग से ऑक्सीजन लेवल होता है बेहतर

मुख्य आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक गुलशन बताते हैं कि योग साधना से जुड़े लोगों का ऑक्सीजन लेवल बेहतर रहा। योग शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूती प्रदान करता है। इससे रक्त संचार बेहतर रहता है।

## बच्चे भी योग साधना के लिए काफी उत्साहित

योग साधना में अब सभी आयुवर्ग के लोग भी जिंदगी में अपनाने लगे हैं। इसका नजारा मंगलवार को दिखेगा। डीएम के आवाहन पर बुजुर्ग, युवा, महिलाओं के साथ बच्चे भी बड़े पैमाने में योग साधना में हिस्सा लेंगे।

## वन राज्य मंत्री शामिल होंगे

वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग राज्य मंत्री केपी मलिक 21 जून को प्रातः 5:30 बजे इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होंगे। सुबह 10:30 बजे कतर्नियाघाट के लिए कूच करेंगे। दोपहर 1:30 बजे बैठक शाम पांच बजे लखीमपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## फैक्ट फाइल

- 1054 ग्राम पंचायतों में आयोजित होगा योग कार्यक्रम
- 2603 बेसिक शिक्षा स्कूलों में बच्चे करेंगे योग साधना
- 70 सरकारी विभागों के विभिन्न कार्यालय परिसरों में होगा योग कार्यक्रम
- 23 महाविद्यालयों में गुरुजनों के साथ छात्र-छात्राएं योग में लेंगी हिस्सा
- 22 थानों व कोतवालियों में पुलिस कर्मी एक साथ करेंगे योग क्रियाएं
- 14 ब्लॉक व छह तहसील मुख्यालयों में पर आयोजित होंगे योग कार्यक्रम
- 315 स्वास्थ्य उपकेंद्र भी रहेंगे योगमय

## कार्यक्रम शेड्यूल

1. 5.30 बजे तक सभी लोग कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे
2. 06 बजे से योग की विभिन्न क्रियाओं पर चर्चा होगी
3. 6.40 से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखेंगे
4. 07 बजे से योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।
5. 7.45 बजे राष्ट्रगान के साथ योग कार्यक्रम का समापन होगा

# महिलाओं को जागरूक किया गया

नवाबगंज, संवाददाता। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया। एंटी रोमियो टीम ने नवाबगंज कस्बे में चेकिंग की गई। महिलाओं को सुरक्षा संबंधी टोल फ्री नंबर के बारे में जानकारी दी गई। आत्मरक्षा के गुर बताए गए।

महिला बीट पुलिस, शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल की महिला आरक्षी प्रेम लता राय, कोमल वर्मा, शिवानी गोंड की टीम ने कस्बा नवाबगंज के विभिन्न भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं युवतियों को जागरूक किया गया। इसी के तहत टीम की ओर से कस्बे के शंकरपुर रोड, बस स्टैंड, हज्जिन मस्जिद चौराहा, चौक घंटाघर चौराहा, छावनी चौराहा, मिर्जा फांटा रोड, कहानी हाउस रोड, बक्सी गांव रोड आदि स्थानों पर महिलाओं व युवतियों को आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया। महिला सिपाहियों ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। महिलाओं को इसका सदैव अहसास होना चाहिए, उन्होंने महिलाओं को बताया कि आते-जाते रास्ते में अथवा किसी कार्य स्थल पर या घर के आसपास कहीं कोई शोहदा उन्हें परेशान करे, तो घबराएं नहीं ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल करें।



नवाबगंज इलाके में मिशन शक्ति की टीम महिलाओं को जागरूक करती हुई

# ट्यूशन से लौट रही बालिका से रेप का प्रयास, गिरफ्तार

## शर्मनाक

**फखरपुर, संवाददाता।** एक गांव में ट्यूशन से लौट रही आठ वर्षीय बालिका के साथ एक युवक ने रेप का प्रयास किया। पीड़िता किसी तरह युवक से खुद को छुड़ाकर घर पहुंची। इसकी भनक लगते ही परिजनों ने थाने जाकर केस दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

फखरपुर थाने के एक गांव की आठ वर्षीय बच्ची रविवार शाम घर से थोड़ी ही दूर पर एक घर में ट्यूशन पढने गई थी। घर आते समय एक युवक ने उसे पकड़ा और रेप के प्रयास में छेड़छाड़ किया। बालिका किसी तरह आरोपी से छूटकर घर पहुंची और परिजनों को घटना के बारे में बताया। बालिका के पिता ने थाने पर नामजद तहरीर दिया। इसपर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसएचओ वेदप्रकाश शर्मा ने बताया की बालिका से छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

**ससुराल आए युवक ने की महिला से रेप की कोशिश :** फखरपुर। हुजूरपुर थाने के मोकला गांव निवासी युवक रविवार को फखरपुर थाने के एक गांव में अपनी ससुराल आया था। महिला का आरोप है कि रविवार दोपहर वह अपने घर में अकेली थी, उसका पति दवा लेने गया था। इसका फायदा उठाकर युवक घर में घुस आया, और छेडछाड़ करने लगा। आरोप है कि महिला का मुंह दबाकर रेप करने की कोशिश की। शोर सुन कर लोग आ गए और मौका पाते ही आरोपी भाग गया। महिला के पति ने घटना के बाद तत्काल पुलिस को तहरीर दी।

# चीतल की सींग के साथ चार आरोपित गिरफ्तार

संसू, बिछिया(बहराइच) : कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली बीट के बाघ संरक्षित वन क्षेत्र में गश्त के दौरान चीतल की सींग के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से चीतल की चार सींघ व कुल्हाड़ी बरामद हुई।



बहराइच कार्यालय में वनकर्मियों की अभिरक्षा में शिकारी ● जागरण

वन क्षेत्रधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव के नेतृत्व में वन दारोगा मनोज कुमार श्रीवास्तव, शशि भूषण व वन रक्षक विजय पाल गश्त कर रहे थे। पकड़े गए आरोपितों की पहचान पारसपुरवा निवासी कल्लू, गंगा राम, खेलारू व अरविंद के रूप में हुई है।

*********

# ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़े बकरी चोर

संसू, शिवपुर(बहराइच) : शिवपुर इलाके से सोमवार को बकरी चुरा कर भाग रहे बाइक सवारों को ग्रामीणों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

शिवपुर, नानपारा, बाबागंज, रुपईडीहा, मोतीपुर, नवाबगंज, रामगांव समेत कई इलाकों में बकरी चोरी की वारदातें दिनदहाड़े होने लगीं हैं। खैरीघाट के इमामगंज चौराहे के निकट 10 वर्षीय इश्तियाक बकरी चरा रहा था। इस दौरान बाइक सवार दो युवकों ने बकरी बाइक पर लाद ली। बालक के विरोध करने पर उसे धक्का देकर गिरा दिया। मासूम को रोता देख संकल्पा गांव के प्रधान शेरअली ने रोने का कारण पूछा तो उसने पूरा माजरा बताया। इसके बाद उन्होंने तत्काल शिवपुर ब्लाक चौराहे पर मौजूद अपने भतीजे को फोन कर जानकारी दी। घेराबंदी कर लोगों ने दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सुनील व जीवन निवासी शिवालयबाग नानपारा के रूप में की गई।



इमामगंज-शिवपुर नहर के किनारे पर पकड़े गए बाइक पर बकरी चुरा कर ले जाते युवक ● जागरण

# हादसों में एक की मौत, पांच घायल

**जागरण टीम, बहराइच :** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए। पिकअप के टकराने से मवेशी की जान चली गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिछिया : सुजौली इलाके के प्रेमनगर निवासी 26 वर्षीय अक्षय लाल की लखीमपुर खीरी जिले के थाना तिकुनिया स्थित मझरा रेलवे स्टेशन के सामने सड़क किनारे चाय की दुकान है। दुकान बंद कर वह बाइक से घर आ रहा था। इस दौरान गिरिजापुरी बैराज के गेट नंबर 16 के पास युवक की बाइक अनियंत्रित होकर बैराज की रेलिंग से टकरा गई।

हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। देहात कोतवाली इलाके के बहराइच-लखनऊ हाईवे स्थित हरियाली रिसार्ट के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। इसमें कार सवार चार लोग घायल हो गए। सभी को उनके परिवारजन ने उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

जरवल : ग्राम नयापुरवा से चीनी मिल जरवलरोड संपर्क मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने छात्र को टक्कर मार दी। इसमें खिजरापुर निवासी मुहम्मद जावेद घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए सीएचसी मुस्तफाबाद लाया गया। चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

बाबागंज : रुपईडीहा थाना क्षेत्र के सोरहिया के पास तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर मवेशी से टकरा गई। हादसे में मवेशी की मौत हो गई, जबकि पिकअप सड़क किनारे तालाब में चली गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़ कर भाग गया।



बाबागंज सोराहिया के पास सड़क किनारे तालाब में गिरी पिकअप ● जागरण



बहराइच-लखनऊ हाईवे मार्ग के हरियाली रिसार्ट के पास क्षतिग्रस्त कार ● जागरण

# जमीन बंटवारे के विवाद में चली लाठियां, सात पर मुकदमा दर्ज

**संसू, पयागपुर(बहराइच) :** परसिया पंडित गांव में रविवार देर शाम जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्ष लाठी-डंडे व धारदार हथियार लेकर आमने-सामने आ गए। खूनी संघर्ष में तीन की हालत गंभीर है। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है।

थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर मुकेश पांडेय व देवमणि के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। इसमें पूनम, देवमणि, राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन सभी को सीएचसी पयागपुर पहुंचाया गया, जहां देवमणि की हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसओ ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दबंगों ने महिला को पीटा

नवाबगंज : निबिया गांव निवासी



मालती देवी

मालती देवी ने पुलिस को तहरीर दी है। बच्चों के विवाद को लेकर गांव के कुछ दबंगों ने उसकी लात-घूसों से पिटाई कर दी। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने बीच-बराव कराया। पीड़ित ने घटना की नामजद तहरीर दी है।

# प्रधान के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन




कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते कैसरगंज के कचना सलारपुर के ग्रामीण ● जागरण

**जासं, बहराइच :** कैसरगंज ब्लाक के कचना सलारपुर के ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन किया। आवास व अन्य योजनाओं में धांधली करने का आरोप लगाया। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गांव में कराए गए विकास कार्यों की जांच कराने की मांग उठाई।

ग्रामीणों का कहना था कि विकास कार्यों में जमकर अनियमितता की गई है। प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर पैसे की वसूली की गई है। लाभार्थियों को शौचालय का लाभ नहीं दिया गया है। मायाराम, सुर्जलाल, सतगुर, राममिलन ने जिलाधिकारी शपथपत्र देकर बताया कि रुपये लेकर उन्हें आवास का लाभ दिया गया है, जबकि वे सभी पात्र हैं।

इसका विरोध करने पर धमकी दी जाती है। ग्रामीणों ने किसी सक्षम अधिकारी से जांच कराने की मांग उठाई। पुलिस की अभिसूचना इकाई के इंस्पेक्टर व अपराध शाखा के इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारी ग्रामीणों को समझा-बुझाया और कार्रवाई का आश्वासन दिया। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी को जांच सौंपी है। प्रदर्शन करने वालों में महादेव, परशुराम, गुरुनारायण, मंगल, रामफेरे, अर्जुन, राज कश्यप, झलारे, करन, हरीलाल, मनोज, रामभवन, रामजस आदि शामिल रहे।

# डीएम ने तीन आरक्षियों को सम्मानित किया

**संसू, मिहींपुरवा (बहराइच):** नानपारा-लखीमपुर हाईवे पर कुड़वा मोड़ पर प्रदर्शन की आशंका में पुलिस फोर्स व पीएसी के जवान तैनात थे। अचानक दोपहर लगभग एक बजे जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी कुड़वा मोड़ पहुंचे। यहां अधिकारियों ने निरीक्षण कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति परखी।

इस दौरान जिलाधिकारी की नजर मौके पर तैनात कुछ आरक्षियों पर पड़ी, जो पूरी वर्दी में मौके पर तैनात थे। अच्छे तरीके से मूंछ भी रखे थे। जिलाधिकारी ने उनका नाम पूछा। साथ ही उत्साहवर्धन के लिए तीनों आरक्षियों प्रशांत सिंह, अभिषेक त्रिवेदी तथा प्रमोद यादव को 21-21 का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# दिखाई सख्ती, बंद हो गया अवैध वाहन स्टैंड

## एसपी कार्यालय के पास से लखनऊ के लिए बेखौफ चलाई जा रही थीं गाड़ियां

**जागरण प्रभाव**

**जासं, बहराइच :** शासनादेश को ठेंगा दिखाकर एसपी कार्यालय के बगल वाहन स्टैंड का संचालन किया रहा था। जिम्मेदारों की मिलीभगत से इस स्टैंड से बहराइच से लखनऊ सवारियों को लाने व ले जाने का काम किया जा रहा था। 'दैनिक जागरण' ने सोमवार 20 जून के अंक में 'एसपी कार्यालय के बगल में ही चल रहा वाहन स्टैंड, अफसर बेखबर' शीर्षक से समाचार प्रकाशित कर जिम्मेदारों को आईना दिखाया। इसके बाद जिम्मेदार सक्रिय हुए और अवैध वाहन स्टैंड हटा दिया गया।

अवैध वाहन स्टैंड को हटाने के साथ संचालकों पर शिकंजा कसने की समय सीमा दो सप्ताह पूर्व समाप्त हो गई। इसके बावजूद गली-मुहल्ले से अवैध वाहन स्टैंड का संचालन किया जा रहा हैं। मुख्य सड़क से वाहन भले ही न दिख रहे हो, लेकिन सवारियों को लेकर फर्राटा भर रहे डग्गामार वाहनों को देखकर सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि अवैध वाहन स्टैंड पहले की तरह संचालित हो रहे हैं।

स्टैंड संचालकों के बेखौफ होने का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एसपी कार्यालय के बगल ही अवैध वाहन स्टैंड का संचालन हो रहा था।


एसपी कार्यालय के बगल में ही चल रहा वाहन स्टैंड, अफसर बेखबर

जागरण में प्रकाशित खबर

सभी वाहन चालकों को हिदायत दी गई है। अगर अवैध स्टैंड पर वाहन खड़ा पाया गया तो सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

– **शशिकांत कौल,** प्रभारी यातायात।


एसपी कार्यालय के बगल में चलने वाले अवैध टैक्सी स्टैंड पर पसरा सन्नाटा • जागरण

## सिपाही के रिश्तेदारों को पीटने वालों पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** मामूली बात पर सिपाही के रिश्तेदारों को घर में घुसकर पिटाई कर दी गई थी। धारदार हथियार लेकर मारने के दौड़ाया गया। सभी ने भागकर कमरा बंद कर जान बचाई। मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों में एक युवक बिहार का रहने वाला है। मिहींपुरवा ब्लाक के पृथ्वीपुरवा निवासी हरेंद्र आरक्षी के पद पर अयोध्या में तैनात हैं। उसकी बहन की शादी मुर्तिहा कोतवाली के मधवापुर में हुई है। रविवार को स्थानीय दबंग ने बिहार से बुलाए गए लोगों के साथ उसकी जमीन पर जबरन सामान रखकर कब्जा करने का प्रयास किया।

इसका विरोध करने पर दबंगों ने साथियों संग घर में घुसकर लात-घूसों से महिलाओं को पीटा। कोतवाल मुर्तिहा शशि कुमार राणा ने बताया कि मामले में सोनाझारी की तहरीर पर मिथलेश कुमार, कमलेश उर्फ सोनू निवासी कोलियाहार मधवापुर एवं नोनदार सुर्जापुर जिला रोहतास बिहार के बबलू व चमन के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट समेत कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# असलहा लहराकर जमीन कब्जाने वाला दबोचा

**रानीपुर (बहराइच)।** धर्मपुर गांव में बीते दिनों असलहे के बल पर जमीन कब्जा करने वाले दबंग को पुलिस ने असलहे के साथ दबोच लिया। पुलिस ने दबंग के खिलाफ केस दर्ज किया है।

रानीपुर थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव निवासी प्रानपति ने थाने में तहरीर देकर गुहार लगाई थी कि उसकी जमीन पर गांव के कुछ दबंग जबरन कब्जा कर रहे थे। विरोध करने पर वह असलहा लहराने लगे और देख लेने की धमकी दी। असलहा लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। वायरल हो रहे वीडियो का एसपी ने संज्ञान लिया और तत्काल थानाध्यक्ष को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी के निर्देश पर थानाध्यक्ष ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की। मुखबिर की सूचना पर ग्राम डिहवा के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी अंग्रेज सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-06-2022

# मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को जागरूक किया

श्रावस्ती, संवाददाता। महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल की ओर से गॉवों में भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं को जानकारी दी जा रही है। महिलाओं को पत्रक भी वितरित किए गए।

महिला सिपाहियों ने महिलाओं को सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के संबंध में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। महिलाओं को बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिला बीट पुलिस अधिकारियों व शक्ति मोबाइल की ओर से निरंतर गांवो में जाकर चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। शक्ति मोबाइल की ओर से थाना क्षेत्र सोनवा के ग्राम गुजरवारा, निरहा, उत्तमापुर व सोनवा स्टोर में महिला आरक्षी संज्ञा भारती व सोनी की ओर से महिलाओं व बालिकाओं को वीमेन पॉवर लाइन 1090 व उनके अधिकारों के कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों संग की गोष्ठी

**श्रावस्ती। संवाददाता।** व्यापारियों की समस्या को सुनने व उनके समाधान के लिए पुलिस कार्यालय में एएसपी ने व्यापारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर न सिर्फ व्यापारियों से उनके सुझाव जाने। बल्कि उन्हें सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुझाव भी दिए।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने व्यापारियों के समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए उनके साथ बैठक की। इसमें सबसे पहले एएसपी ने बैठक में मौजूद व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान व्यापारियों ने कस्बों में लगने वाले जाम, अतिक्रमण व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। इस पर अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को पुलिस विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और साथ ही व्यापारियों से दुकानों की सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगवाने व उनकी समय-समय पर जांच करवाने की बात कहीं। अपर पुलिस अधीक्षक की ओर से सभी व्यापारियों से मानक के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था से सम्बन्धित पूर्ण उपकरणों को दुकानों में रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो। अपर पुलिस अधीक्षक की ओर से यह भी बताया गया कि यदि किसी को भी इमरजेंसी सहायता (जैसे पुलिस, स्वास्थ्य, आग आदि) की आवश्यक्ता प्रतीत होती है तो अविलम्ब 112 नंबर डायल करें।

# 51 वाहनों का चालान काटा गया

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वहां से आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, शीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 51 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया। साथ ही चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर 65 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# 20 शीशी नेपाली शराब के साथ बंदी

श्रावस्ती। जिले में अवैध शराब की बिक्री व निर्माण पर रोकथाम के लिए पुलिस की ओर से अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सिरसिया पुलिस ने 20 शीशी नेपाली शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। रविवार देर शाम सिरसिया पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति के कब्जे से 20 शीशी नेपाली शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान ओमकार विश्वकर्मा पुत्र कैलाश विश्वकर्मा निवासी पिपरहवा जोगागांव थाना सिरसिया के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई।

# भाई पर जानलेवा हमले में दोषी को 10 वर्ष कारावास

**अदालत**

**श्रावस्ती, संवाददाता।** अपर जिला सत्र न्यायाधीश ( फास्ट ट्रैक कोर्ट ) अजय सिंह ने भाई पर जानलेवा हमले के आरोपी भाई को 10 वर्ष कारावास की सजा और 25 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया है।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत तकिया के मजरा परसिया राजा निवासी छोटकऊ पुत्र लाल मोहम्मद ने नौ मार्च 2010 को कोतवाली भिनगा में भाई के विरुद्ध जानलेवा हमले का मामला दर्ज कराया था। छोटकऊ ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि आपसी बंटवारे को लेकर मेरे बड़े भाई से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश को लेकर दिनांक आठ मार्च 2010 को मेरे बड़े भाई बड़कऊ उर्फ घिर्राऊ पुत्र लाल मोहम्मद निवासी तकिया मजरा परसिया राजा थाना भिनगा ने मुझे जाने से मारने के लिए कट्टे से फायर कर दिया। इस पर कोतवाली पुलिस ने बड़कऊ के विरुद्ध जानलेवा हमला करने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले की विवेचना हुई और मामले का विचारण न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश ( फास्ट ट्रैक कोर्ट) की अदालत पर हुआ। अपर जिला सत्र न्यायाधीश अजय सिंह ने मामले में आरोपी बड़कऊ को दोषी करार देते 10 वर्ष की सजा सुनाई है।

# साखू की लकड़ी लदी पिकअप पकड़ी

**जासं, श्रावस्ती :** एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी व सीओ भिनगा अतुल कुमार चौबे के निर्देशन में सिरसिया थाने के प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान सचौली नाला पुल के पास से पांच बोटा साखू की लकड़ी लदे पिकअप वाहन को पकड़ा।

आरोपित गुलाम मुहम्मद निवासी नौशहरा दुर्गापुर केपी को गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर आरोपित के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



पुलिस हिरासत में साखू की लकड़ी लदी पिकअप के साथ आरोपित ● जागरण

# महिलाओं को बताए अधिकार

**श्रावस्ती :** शक्ति मोबाइल टीम ने सोनवा क्षेत्र के गुजरवारा, निरहा, उत्तमापुर व सोनवा स्टोर में चौपाल लगाई। महिला आरक्षी संज्ञा भारती व सोनी ने महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी। पंपलेट का भी वितरण किया। (वि.)

# भाई पर जानलेवा हमले में 10 वर्ष कारावास

**जासं, श्रावस्ती :** संपत्ति विवाद को लेकर भाई पर जानलेवा हमला करने के मामले में दोषी को अपर जिला सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) ने 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। 25 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि भिनगा क्षेत्र के परसिया राजा गांव में नौ मार्च 2010 को संपत्ति विवाद को लेकर बड़कऊ ने अपने छोटे भाई छोटकऊ के ऊपर कट्टे से फायर कर दिया था। इसमें छोटकऊ गंभीर रूप से घायल हो गया था।

भिनगा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना की। मामले का विचारण अपर जिला सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) अजय सिंह की अदालत पर हुआ। उन्होंने बड़कऊ उर्फ घिरराउ को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की सजा सुनाई है।

# 20 शीशी शराब पकड़ी

**श्रावस्ती :** सिरसिया पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान पिपरहवा जोगागांव ओमकार विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 20 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। (वि.)

# जनता दर्शन में 21 शिकायतें

**श्रावस्ती** : एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें से चार भूमि विवाद, तीन पारिवारिक विवाद 14 अन्य विवाद से संबंधित शिकायत थी। शिकायतों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। (वि.)

## शांतिभंग में पांच पाबंद

**श्रावस्ती** : जिले की विभिन्न थानों की पुलिस की ओर से शांतिभंग के आरोपियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र के पांच व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया।सभी को न्यायालय में पेश किया गया।(वि.)

## 51 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती** : जिले की पुलिस की ओर से एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर पुलिस ने 51 वाहनों का ई-चालान किया। इस दौरान समन शुल्क के रूप में 62,500 रुपये वसूले गए।(वि.)

# भाई पर जानलेवा हमले में 10 साल की कैद

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परसिया राजा के मजरा तकिया में 12 वर्ष पूर्व संपत्ति बटवारे को लेकर भाइयों में विवाद हुआ था। इस बात को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई पर हमला कर दिया था। सोमवार को अपर जिला जज त्वरित न्यायालय ने बड़े भाई को दोषी मानते हुए दस वर्ष की कारावास व 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परसिया राजा के मजरा तकिया निवासी छोटकऊ ने नौ मार्च 2010 को भिनगा कोतवाली पुलिस को एक प्रार्थना पत्र सौंपा था। जिसमें कहा था कि उसका संपत्ति बंटवारे को लेकर अपने बड़े भाई से विवाद चल रहा था। आठ मार्च 2010 को जब पीड़ित छोटकऊ अपने गांव के शहीद अहमद व कल्लू के साथ लक्ष्मनपुर बाजार से घर आ रहा था। तभी रास्ते में करीब आठ बजे शाम को पीड़ित के बड़े भाई बड़कऊ उर्फ घिर्राउ ने हाथ में तमंचा लेकर उन्हें मारने के लिए दौड़ा लिया। तभी उनके भाई बड़कऊ ने कट्टे से फायर कर दिया।

इसका मामला दर्ज कर पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट भेजी गई थी। मामले का विचारण के बाद सोमवार को न्यायालय अपर जिला सत्र न्यायाधीश (त्वरित न्यायालय) के न्यायाधीश अजय सिंह ने आरोपी बड़कऊ उर्फ घिर्राउ को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की सजा व 25 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। जिसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर जिला कारागार बहराइच भेजा गया है। संवाद

# महिला से छेड़छाड़, दर्ज नही हो रहा मुकदमा

**जासं, श्रावस्ती :** देर रात नए घर से पुराने घर को जाते समय महिला के साथ हुई छेड़छाड़ के मामले में पुलिस रिपोर्ट नहीं दर्ज कर रही है। आरोपित पीड़िता को जानमाल की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने एसपी अरविंद कुमार मौर्य को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

सोनवा क्षेत्र के एक गांव में 11 जून की रात लगभग साढ़े 11 बजे महिला अपने नए घर से पुराने घर की ओर जा रही थी। इसी बीच तालाब के किनारे पहले से मौजूद युवक ने उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता ने घर पहुंचकर पति को आपबीती सुनाई। सुबह होने पर जब पति आरोपित के घर पूछताछ करने गया तो उसे मारने के लिए दौड़ा लिया। पीड़िता ने मामले की सूचना 12 जून को सोनवा थाने में दी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। खुले में घूम रहा आरोपित बार-बार पीड़िता को जानमाल की धमकी दे रहा है। सोमवार को महिला ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## 51 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने सोमवार को विभिन्न चेकपोस्ट व बैरियरों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने जांच कर 51 वाहनों का ई-चालान किया। साथ ही 62500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवाद

## नेपाली शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने रविवार रात गश्त के दौरान पिपरहवा जोगागांव निवासी ओमकार विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने 25 शीशी नेपाली शराब बरामद की। उसके खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। संवाद

## शांतिभंग के आरोप में पांच धरे गये

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने रविवार रात पांच लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। संवाद

## महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** सोनवा थाना क्षेत्र की लक्ष्मननगर पुलिस चौकी क्षेत्र में निवासी महिला का पति मजदूरी करने गैर प्रांत गया हुआ है। महिला घर में अकेली रहती है। शनिवार रात महिला अपनी देवरानी के घर सोने गई थी। आरोप है कि वहां गांव के ही एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला की चीख सुनकर उसकी देवरानी भी मौके पर पहुंच गई। इस दौरान आरोपी दोनों को धमकी देते हुए फरार हो गया। महिला ने सोनवा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। संवाद